




राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran


11 शुभमन ने गावस्कर, तेंदुलकर और कोहली के रिकॉर्ड तोड

वे नाराज हो सकते हैं... ट्रंप का फोन उठाने के लिए बीच कार्यक्रम से उठकर गए पुतिन 12



वर्ष : 16 | अंक : 61 | नई दिल्ली, शनिवार, 05 जुलाई , 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने पाकिस्तान, चीन और तुर्किये के खिलाफ एक साथ जंग लड़ी

## पाकिस्तान से हम फ्रंटलाइन पर लड़ रहे

**प्रातः किरण/एजेंसी**

नई दिल्ली। भारतीय सेना के उप प्रमुख (डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ) लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर से मिले महत्वपूर्ण सैन्य सबक को साझा किया। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा संघर्ष था जिसने आधुनिक युद्ध की असल चुनौतियों को हमारे सामने रखा।एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, हमारी एक सीमा थी, लेकिन दुश्मन तीन देश पाकिस्तान, चीन और तुर्किये। पाकिस्तान से हम फ्रंटलाइन पर जंग लड़ रहे थे, लेकिन उसके 81 प्रतिशत सैन्य संसाधन चीनी थे और उसे हरसंभव मदद भी चीन से मिल रही थी। वहीं तुर्किये ने पाकिस्तान को बैराकटर जैसे एडवांस ड्रोन उपलब्ध कराए। जो कि हमारे लिए बड़ी चिंता का सबक थे।

लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने खुलासा किया कि डीजीएमओ स्तर की बातचीत के दौरान पाकिस्तान को हमारी गतिविधियों के लाइव अपडेट मिल रहे थे, जिससे यह साफ हुआ कि हमें एयर डिफेंस और साइबर सुरक्षा के मोर्चे पर कहीं ज्यादा मजबूत होने की जरूरत है। इन दोनों मोर्चों पर तेजी से काम करना होगा।

उन्होंने कहा, कुछ साल पहले जैसी स्थितियों को अब हम दुबारा सहन नहीं कर सकते। नेतृत्व का संदेश बिल्कुल स्पष्ट था कि इस बार लक्ष्य चुनना, प्लानिंग और ह्यूमन इंटेलिजेंस, सभी कुछ डेटा और तकनीक पर आधारित था। हमारी सेना ने कुल 21 संभावित लक्ष्यों में से 9 को अंतिम रूप से चुना और सफलतापूर्वक निशाना बनाया।इस



मौके पर लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने एयर डिफेंस की भूमिका को सबसे अहम बताया। उन्होंने कहा, इस बार दुश्मनों ने हमारे पॉपुलेशन सेंटर्स पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन अगली बार ऐसा हो सकता है। इसके लिए हमें काउंटर-रॉकेट, आर्टिलरी और ड्रोन सिस्टम को और मजबूत करना होगा। जोकि हमारी पहली और सर्वाच्च प्राथमिकता में शामिल रहेगा।उन्होंने आगाह किया कि आधुनिक युद्ध अब केवल सीमा पर नहीं लड़ा जाता, बल्कि साइबर, इलेक्ट्रॉनिक और तकनीकी मोर्चों पर भी इसकी लड़ाई जारी रहती है। भारत को इन क्षेत्रों में अत्याधुनिक रक्षा उपकरण, तेजी से डेटा प्रोसेसिंग, और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित निर्णय लेने की क्षमता को प्राथमिकता देनी होगी।

अपने भाषण का समापन करते हुए डिप्टी डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर हमें यह सिखाता है कि अगली बार दुश्मन अधिक आक्रामक और अप्रत्याशित हो सकता है। हमें ज्यादा तेज, स्मार्ट और घातक रणनीति के साथ तैयार रहना होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सीबीआई ने सरकारी अधिकारियों समेत 34 लोगों पर मामला दर्ज किया

नई दिल्ली। सीबीआई ने भ्रष्टाचार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी अफसरों और मेडिकल कॉलेजों के बीच सांठगांठ के बड़े नेटवर्क को पदार्फाश किया है। सीबीआई ने मे सरकारी अधिकारी, पांच डॉक्टरों समेत 34 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सभी पर कथित रूप से कई घोर कृत्यों में शामिल होने के आरोप हैं। एजेंसी ने प्राथमिकी में जिन 34 लोगों के नाम दर्ज किए हैं, उनमें स्वास्थ्य मंत्रालय के आठ अधिकारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के एक अधिकारी और राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के निरीक्षण दल से जुड़े पांच डॉक्टर शामिल हैं। इसके अलावा टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के चेयरमैन डी. पी सिंह, गीतांजलि यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार मयूर रावल, रावतपुरा इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च के चेयरमैन रविशंकर जी महाराज और इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन सुरेश सिंह भदौरिया का नाम भी प्राथमिकी में शामिल है।

### नीट-यूजी के परिणाम को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को नीट-यूजी 2025 की अंतिम उत्तर कुंजी और परिणाम को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। अदालत ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि हम परीक्षा के मामले में हस्तक्षेप नहीं करेंगे। जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और आर. महादेवन की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि हमने दो दिन पहले भी इसी तरह की मांग वाली याचिका खारिज की है, ऐसे में इस याचिका पर विचार करने का कोई औचित्य नहीं है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में उत्तर कुंजी और परिणाम को चुनौती देते हुए आरोप लगाया था कि परीक्षा के सवाल संख्या-136 (कोड-47) के उत्तर में गलती थी। पीठ याचिकाकर्ता शिवम गांधी रैना की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता आर. बालासुब्रमण्यम से कहा कि हम परीक्षा मामले में हस्तक्षेप नहीं करने जा रहे हैं।

### सब लेफ्टिनेंट पूनिया बनी नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना ने इतिहास रच दिया है। सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया को आधिकारिक रूप से नौसेना के फाइटर स्ट्रीम में शामिल कर लिया गया है। वे इस स्ट्रीम में जगह पाने वाली पहली महिला अधिकारी बन गई हैं। इससे महिला अधिकारियों के लिए लड़ाकू भूमिकाओं के द्वार खुल गए हैं। आस्था पूनिया को विंग्स ऑफ गोल्ड सम्मान प्रदान किया गया, जो नौसेना की फाइटर पायलट बनने की पात्रता का प्रतीक है। यह सम्मान उन्हें रियर एडमिरल जनक बेवली, सहायक नौसेना स्टाफ (एयर) की तरफ से आईएनएस डेगा, विशाखापत्तनम में दिया गया। इस मौके पर लेफ्टिनेंट अतुल कुमार ढुल को भी यह सम्मान प्राप्त हुआ।

## कैरेबियाई धरती पर पीएम मोदी

# यहां ढोल-मंजीरा और भोजपुरी चौताल देख गदगद हुए प्रधानमंत्री मोदी

**प्रातः किरण/एजेंसी**

पोर्ट ऑफ स्पेन,(एजेंसी)। पांच देशों की यात्रा के दूसरे चरण में त्रिनिदाद और टोबैगो पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पोर्ट ऑफ स्पेन पहुंचने पर परंपरागत स्वागत हुआ।झाल-तासे और ढोल मंझीरे के साथ देशी अंदाज में भोजपुरी चौताल गाकर भव्य स्वागत किया गया। पीएम मोदी इस तरह देशी अंदाज में अपना स्वागत देखकर वशीभूत हो गए।पीएम मोदी ने इसे दोनों देशों के बीच का सांस्कृतिक जुड़ाव करार दिया है।त्रिनिदाद और टोबैगो में भोजपुरी चौताल के पारंपरिक प्रदर्शन के साथ स्वागत से पीएम मोदी मंत्रमुग्ध रह गए।इस तरह के स्वागत को उन्होंने अतुलनीय बताया। पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर भोजपुरी में पोस्ट कर अपने भाव साझा किए हैं।पीएम मोदी ने लिखा एक ऐसा सांस्कृतिक जुड़ाव जो अन्यत्र नहीं है!

पोर्ट ऑफ स्पेन में भोजपुरी चौताल प्रदर्शन देखकर बहुत खुशी हुई। त्रिनिदाद और टोबैगो और भारत, विशेष रूप से पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ हिस्सों के बीच का जुड़ाव उल्लेखनीय है।इससे पहले त्रिनिदाद एंड टोबैगो पहुंचे पीएम मोदी के दौरे की अहमियत को रेखांकित करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारत के प्रधानमंत्री अपनी ऐतिहासिक यात्रा पर राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन पहुंचे।



एयरपोर्ट पर उनका स्वागत प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर और उनके अन्य कैबिनेट मंत्रियों ने किया। भारत की तरफ से यह यात्रा ऐतिहासिक है क्योंकि 25 साल बाद कोई प्रधानमंत्री यहां आया है। अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाकात की और देश के विकास में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रवासी समुदाय ने न केवल विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल की है, बल्कि वे भारतीय संस्कृति से भी गहराई से जुड़े हुए हैं। बता दे कि विदेश मंत्रालय के मुताबिक इस देश में कुल 13 लाख लोग रहते हैं। इनमें से 45 फीसदी लोग भारतीय मूल के हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारत और त्रिनिदाद एंड टोबैगो के बीच संबंध बहुत मजबूत और खास हैं। यहां रहने वाले 45 प्रतिशत लोगों में से ज्यादातर उत्तर प्रदेश और बिहार से आए लोग हैं। इनमें से अधिकांश लोग भोजपुरी भाषी जिलों जैसे छपरा, आरा, बलिया, सीवान, गोपालगंज, बनारस, आजमगढ़ से आए हैं।

**भारत को जानिए प्रतियोगिता हुई,त्रिनिदाद और टोबैगो में भारत को जानिए क्विज जीतने वाले प्रतिभागियों से भी मिले पीएम मोदी**

इस दौरान प्रधानमंत्री ने शंकर रामजतन, निकोलस मराज और विंस महतो के साथ अपनी मुलाकात के बारे में भी बताया, जिन्होंने त्रिनिदाद और टोबैगो में भारत को जानिए क्विज जीता था। इस बारे में उन्होंने कहा कि त्रिनिदाद और टोबैगो में भारत को जानिए (भारत को जानो) क्विज के विजेता युवाओं शंकर रामजतन, निकोलस मराज और विंस महतो से मुलाकात की। इस क्विज ने दुनिया भर में व्यापक भागीदारी उत्पन्न की है और भारत के साथ हमारे प्रवासी समुदाय के जुड़ाव को गहरा किया है।

## नहीं थम रहीं विमानों की आपात लैंडिंग

# तकनीकी खराबी या कुछ और उठ रहे सवाल

**प्रातः किरण/एजेंसी**

नई दिल्ली। अहमदाबाद विमान हादसे से लगातार विमानों की आपात लैंडिंग के मामले सामने आ रहे हैं। अभी ताजा मामला दिल्ली से वॉशिंगटन डीसी जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-103 का है, जो कि तकनीकी खराबी के चलते विएना में आपात लैंड हुआ।बताया जा रहा है कि यह रुकावट ईंधन भरने के निर्धारित ठहराव के दौरान हुई, जब विमान की जांच में एक्सटेंडेड मेंटेनेंस टास्क यानी विस्तृत रखरखाव कार्य की जरुरत पाई गई।वैसे अब इस पर भी सवाल उठने लगे हैं कि क्या बमों की धमकी और विमानों में आ रही खराबी ही प्रमुख कारण है आपात लैंडिंग का, या कोई और कारण भी हो सकता है?

फिलहाल विएना आपात लैंडिंग मामले में एयर इंडिया की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि विएना में तय ईंधन स्टॉप के दौरान, एक जरूरी मेंटेनेंस टास्क का पता चला, जिसके बाद यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विमान को वहीं रोका गया और सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया है।

एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि 2 जुलाई को दिल्ली से रवाना हुई फ्लाइट को विएना में ईंधन भरने के लिए रोका गया था। ईंधन भराई के समय विस्तृत तकनीकी जांच में गंभीर



खराबी की जानकारी मिली, जिसे तुरंत ठीक नहीं किया जा सकता था।इसलिए एयरलाइन ने फ्लाइट को रद्द करने का निर्णय लिया। वॉशिंगटन डीसी जा रहे सभी यात्रियों को विएना में सुरक्षित उतार लिया गया है। जिन यात्रियों के पास वैध शेंगेन वीजा या वीजा-मुक्त प्रवेश पात्रता थी, उन्हें विएना में होटल में ठहरने की सुविधा दी गई जिन यात्रियों के पास प्रवेश की अनुमति नहीं थी, उनके लिए ऑस्ट्रियाई इमिग्रेशन और सुरक्षा एजेंसियों से मंजूरी मिलने तक एयरपोर्ट पर ठहरने की व्यवस्था की गई है।

एयर इंडिया ने यात्रियों को वॉशिंगटन के लिए वैकल्पिक उड़ानों में बुक किया और राशि रिर्टन का विकल्प भी दिया। इसके अलावा वॉशिंगटन डीसी से दिल्ली लौटने वाली वापसी उड़ान एआई-104 को भी रद्द कर दिया गया। इस फ्लाइट के यात्रियों को भी अन्य फ्लाइट्स में शिफ्ट किया गया और उनकी प्राथमिकता के मुताबिक रिफंड भी दिया गया। एयर इंडिया ने कहा कि हमें असुविधा के लिए खेद है, लेकिन यात्रियों और क्रू की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बता दें एयर इंडिया और उसकी सहयोगी कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस हर दिन 1100 से ज्यादा उड़ानें संचालित करती हैं, जिनमें औसतन 1.5 लाख यात्री यात्रा करते हैं। एयरलाइन ने माना कि हाल के दिनों में उसे हवाई क्षेत्र की बंदिशें, यूरोप और पूर्वी एशिया में एयरपोर्ट की पाबंदियां और एयर ट्रैफिक की भीड़ जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।इसी के चलते एयर इंडिया ने पहले ही घोषणा की थी कि वह स्वेच्छा से अपनी फ्लाइट्स की पूर्व-उड़ान जांच को और सख्त बनाएगी।

बहरहाल लगातार विमानों की आपात लैंडिंग से सवाल उठने शुरू हो गए हैं, जिस पर ध्यान देना भी आवश्यक हो गया है। इससे जहां विमान कंपनियों को आर्थिक नुक्सान उठाना पड़ रहा है वहीं इनकी साख पर भी असर पड़ा है।

## भारत-फ्रांस ने इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली और ड्रोन रोधी युद्धाभ्यास किया

**प्रातः किरण/एजेंसी**

नई दिल्ली। भारत और फ्रांस की सेनाओं ने एक बेहद महत्वपूर्ण युद्धाभ्यास ह्यशक्ति को अंजाम दिया है।खास बात यह है कि यह आधुनिक युद्ध की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पूरा किया गया। अभ्यास के दौरान भारत और फ्रांस की सेनाओं ने भविष्य के युद्धों को ध्यान में रखकर इस युद्धाभ्यास में इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली का समावेश किया। इसके अलावा, ड्रोन रोधी अभियानों जैसे विषयों पर संयुक्त प्रशिक्षण किया। यह पूरा अभ्यास फ्रांस में आयोजित किया गया। अभ्यास के दौरान दोनों सेनाओं ने कॉम्बैट शूटिंग, अर्बन वॉरफेयर और अवरोध पार प्रशिक्षण भी किया। इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली और ड्रोन रोधी क्षमता युद्धों का रुख निर्धारित करने में अहम भूमिका निभा सकती है। भारत और फ्रांस की सेनाओं के बीच आयोजित यह संयुक्त सैन्य अभ्यास शक्ति का समापन हो गया। यह संयुक्त युद्धाभ्यास फ्रांस के कैंप लारजैक, ला कावालरी में आयोजित किया गया था। दोनों सेनाओं ने एक भव्य समारोह के साथ युद्धाभ्यास के समापन की घोषणा की।


भारत का मानना है कि यह अभ्यास दोनों देशों की सेनाओं के बीच आपसी तालमेल, विश्वास और सामरिक समन्वय को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रहा।

इस अभ्यास में भारत की ओर से जम्मू-कश्मीर राइफल्स बटालियन के 90 सैनिकों का एक दल शामिल हुआ था। वहीं, फ्रांस की तरफ से 13वीं डेमी-ब्रिगेड डे लेजियन एत्रांजेरे के सैनिकों ने युद्धाभ्यास में हिस्सा लिया। भारतीय सेना के मुताबिक, फ्रांस में हुए इस सैन्य प्रशिक्षण का प्रमुख आकर्षण एक लगातार 96 घंटे चलने वाला फील्ड अभ्यास रहा।

## ऑपरेशन सिंदूर स्वराज की रक्षा का बेहतरीन उदाहरण : शाह

**प्रातः किरण/एजेंसी**

पुणे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भारत के सशस्त्र बल एवं नेतृत्व देश की संप्रभुता या स्वराज की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान यह बहुत अच्छे तरीके से प्रदर्शित हुआ। शाह ने घोड़े पर सवार मराठा सेनापति एवं पेशवा बाजीराव प्रथम की प्रतिमा के यहां राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में अनावरण के बाद कहा कि जब भी वह नकारात्मक विचारों से ग्रस्त होते हैं तो वह छत्रपति



शिवाजी महाराज और बाजीराव के बारे में सोचते हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए उनके स्मारक के लिए सबसे उपयुक्त स्थान है क्योंकि यह वह अकादमी है जहां सैन्य नेतृत्व को प्रशिक्षित किया जाता है। शाह ने कहा, जब भी मेरे मन में नकारात्मक विचार आते हैं, तो मैं आमतौर पर बाल शिवाजी और पेशवा बाजीराव के बारे में सोचता हूं कि वे प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच स्वराज स्थापित करने में सक्षम रहे। शाह ने कहा कि स्वराज की रक्षा करने की जिम्मेदारी अब 140 करोड़ भारतीयों पर है। उन्होंने कहा, जब स्वराज की स्थापना के लिए लड़ाई लड़ने का समय आया तो हमने ऐसा किया। जब स्वराज की रक्षा के लिए लड़ाई की आवश्यकता होगी तो हमारी सेना एवं नेतृत्व निश्चित रूप से ऐसा करेंगे और ऑपरेशन सिंदूर इसका सबसे अच्छा उदाहरण था।

## पीएम मोदी का विदेश दौरा

# कांग्रेस ने इंदिरा गांधी की 1968 की यात्रा का उल्लेख किया

**प्रातः किरण/एजेंसी**

नई दिल्ली। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के त्रिनिदाद और टोबैगो के दौरे के बीच शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा इस कैरिबियाई देश की करीब छह दशक पहले की गई यात्रा का उल्लेख किया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने इंदिरा गांधी की 1968 की यात्रा पर मेजबानों द्वारा तैयार एक वीडियो फिल्म का लिंक भी साझा किया। वीडियो में देखा जा सकता है कि त्रिनिदाद और टोबैगो के तत्कालीन प्रधानमंत्री एरिक विलियम्स द्वारा हवाई अड्डे पर इंदिरा गांधी का स्वागत किया जा रहा है, उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया जा रहा है और लोग उनका स्वागत करने के लिए सड़कों पर कतार में खड़े हैं।

रमेश ने त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय मूल के लोगों के योगदान और क्रिकेट जगत की कई हस्तियों का उल्लेख भी किया। प्रधानमंत्री मोदी पांच देशों के दौरे के दूसरे पड़ाव



पर बृहस्पतिवार को त्रिनिदाद और टोबैगो पहुंचे। हवाई अड्डे पर उनकी अगवानी त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला परसाद-बिसेसर ने की। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री आज त्रिनिदाद और टोबैगो में हैं। त्रिनिदाद और टोबैगो एक छोटा जुड़वां द्वीप गणराज्य है जिसने कई विश्व हस्तियों को जन्म दिया है। हम भारत में इसे उन स्थानों में से एक के रूप में जानते हैं जहाँ 19वीं शताब्दी में अंग्रेज हजारों गिरमिटिया मजदूरों को ले गए थे। रमेश ने कहा कि गिरमिटिया मजदूरों के कुछ वंशजों ने राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई है, जैसे बासदेव पांडे जो 1995-2001 के दौरान प्रधानमंत्री थे, और वर्तमान प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर; साहित्य में वी.एस. नायपॉल, जिन्होंने 2001 में नोबेल पुरस्कार जीता, और उनके भाई शिव नायपॉल, और क्रिकेट में स्पिनर सन्नी रामाधीन, जिन्होंनेजून 1950 में लॉर्ड्स में वेस्टइंडीज द्वारा इंग्लैंड को पहली बार हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका कहना है, लेकिन शानदार बहु-नस्लीय त्रिनिदाद और टोबैगो में भारत से जुड़ाव के अलावा भी बहुत कुछ है।

एरिक विलियम्स जो प्रथम प्रधानमंत्री और वहां स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख नेता थे। वह एक शानदार इतिहासकार थे, जिनकी पुस्तक कैपिटलिज्म एंड स्लेवरी पहली बार 1944 में प्रकाशित हुई थी, लेकिन यह आज भी क्लासिक बनी हुई है। उन्होंने उल्लेख किया कि इंदिरा गांधी ने अक्टूबर, 1968 में पोर्ट ऑफ स्पेन में मुलाकात के दौरान इस विषय पर उनसे लंबी बातचीत की थी। मेजबानों ने उनकी यात्रा पर एक सुंदर फिल्म बनाई।

## संक्षिप्त समाचार

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**कालाढूंगी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत निहाल गेट के पास बाइक और कार की आमने-सामने की भिड़ंत में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। थानाध्यक्ष कालाढूंगी विजय मेहता ने बताया कि वार्ड नंबर 6 निवासी कैफ सैफी और दिल्ली के संगम विहार निवासी सलमान बाइक से हल्द्वानी से कालाढूंगी आ रहे थे। निहाल गेट के पास हल्द्वानी की ओर जा रही कार से उनकी टक्कर हो गई। हादसे में कैफ और सलमान गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने राहगीरों की मदद से उन्हें हल्द्वानी अस्पताल पहुंचाया। दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है।

### बहुचर्चित दुष्कर्म प्रकरण में महिला चिकित्साधिकारी को सहआरोपी बनाने पर रोष

**हल्द्वानी।** नैनीताल के बहुचर्चित दुष्कर्म मामले में महिला चिकित्साधिकारी को सहआरोपी बनाने पर चिकित्सकों ने कड़ा रोष जताया। प्रादेशिक चिकित्सा सेवा संवर्ग शाखा की बैठक में डॉक्टरों ने मामले में महिला डॉक्टर की ओर से पीड़िता के साथ संवेदनशीलता पूर्ण व्यवहार करने के बाद भी घटना के मुख्य आरोपी के समकक्ष व्यवहार किये जाने पर घोर निंदा की। शाखा अध्यक्ष डॉ. चंचल सिंह मार्छाल की अध्यक्षता में बेस अस्पताल के सभागार में बैठक हुई। इसमें डॉक्टरों ने कहा कि पुलिस प्रशासन के इस रवैये से सभी चिकित्सकों के मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। बैठक में पुलिस प्रशासन एवं विभागीय उच्चाधिकारियों से वार्ता कर महिला चिकित्साधिकारी का नाम आरोप पत्र से हटाने का प्रस्ताव पारित किया। बैठक में डॉ. विनिता साह, डॉ. केएस दताल, डॉ. वीके गड़कोटी, डॉ.आरएस सामंत, डॉ. पकंज नेगी, डॉ. उषा जंगपांगी, डॉ. उषा भट्ट, डॉ.एसएस कुंवर आदि मौजूद रहे। बैठक में सरकारी डॉक्टरों की ओर से वर्तमान परिस्थितियों से सामंजस्य बैठाते हुए कार्य करने की अपील भी की गई ताकि स्वास्थ्य विभाग की छवि एवं कार्यप्रणाली आम जनता में अच्छी बनी रहे। चिकित्सकों ने मरीजों के हित में सदैव पूरी कर्तव्य परायणता से कार्य करने की शपथ भी ली।

### विशेष शिविर में स्वीकृत किए 87 भवन मानचित्र

**हल्द्वानी।** जिला विकास प्राधिकरण की ओर से बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय परिसर में भवन मानचित्र निस्तारण के लिए विशेष शिविर आयोजित किया। शिविर में 87 भवन मानचित्रों को स्वीकृति प्रदान की गई। इसमें चार व्यावसायिक और शेष 83 आवासीय मानचित्र शामिल थे। 55 मानचित्रों का शुल्क मौके पर ही जमा हुआ। इन सभी लोगों को मौके पर ही स्वीकृत नक्शे उपलब्ध कराए गए। शिविर के विशिष्ट अतिथि उत्तराखंड जलागम परिषद के उपाध्यक्ष शंकर कोरंगा थे। प्राधिकरण सचिव विजय नाथ शुक्ला ने बताया कि जिन 87 लोगों के नक्शे पास किए गए उनमें 43 नए हैं जबकि 44 पेंडिग नक्शे थे। बताया कि स्वीकृत नक्शों में दस नैनीताल और भीमताल के तथा शेष हल्द्वानी के थे। शिविर में मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने नक्शा लेकर आए लोगों को मौके पर ही अनापत्ति प्रमाण पत्र भी जारी किए। शिविर में तहसीलदार मनीषा बिष्ट, प्राधिकरण के जेई प्रमोद कुमार, अंकित आर्या, शालू, नगर नियोजन विभाग के अभियंता आरएल भारती समेत जल संस्थान, ऊर्जा निगम, लोनिवि, दमकल व नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

### जिला पंचायत सदस्य के लिए 142 पर्चे बिके

**नैनीताल।** जिला पंचायत सीटों के नामांकन पत्रों की बिक्री के साथ माहौल गरमा गया है। दो दिन में नामांकन पत्र बिकते ही एक-एक सीट पर तीन-तीन दावेदार सामने आ गए हैं। पांच जुलाई पर्चा खरीदने की अंतिम तिथि है, ऐसे में प्रत्येक सीट पर और दावेदार बढ़ने तय हैं। जिले में 3749 पंचायत सदस्यों, 475 ग्राम प्रधानों, 263 बीडीसी सदस्य और 27 जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 24 व 28 जुलाई को मतदान होगा। जनपद में कुल मतदाताओं की संख्या 4,28,923 है। इससे पहले नामांकन पत्रों की बिक्री और नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। पांच जुलाई को नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन है।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा

# पहली बार टनकपुर से शुरू होगी यात्रा



**खटीमा, एजेंसी।** करीब 6 साल बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू होने जा रही है. देश भर से विभिन्न राज्यों से 50 सदस्यीय यात्रियों का दल शुक्रवार शाम तक चंपावत जिले के टनकपुर टीआरसी पहुंचा. कुमाऊं मंडल विकास निगम प्रबंधन ने कैलाश मानसरोवर यात्रा की तैयारी पूरी कर ली है. ऐसा पहली बार हो रहा है कि जब ये यात्रा चंपावत जिले के टनकपुर से शुरू होगी.

उत्तराखंड के टनकपुर से शुरू होकर ये यात्रा, चंपावत, पिथौरागढ़, धारचूला और गुंजी तक पहुंचेगी. गुंजी के बाद तीर्थ यात्री तिब्बत में प्रवेश करेंगे. उत्तराखंड में पहले यह यात्रा हल्द्वानी के काठगोदाम से शुरू होकर अल्मोड़ा से पिथौरागढ़ जिला मुख्यालय, धारचूला, गुंजी होते हुए मानसरोवर तक जाती थी.

कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) के अधिकारियों ने बताया कि कैलाश मानसरोवर का पहला जत्था शुक्रवार शाम तक टनकपुर के शारदा पर्यटक आवास गृह में पहुंचेगा. यहां केएमवीएन के अधिकारी तीर्थयात्रियों का उत्तराखंडी रीति रिवाज से स्वागत करेंगे.

केएमवीएन टनकपुर अतिथि गृह के मैनेजर मनोज कुमार ने बताया कि करीब 6 साल बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा दोबारा से शुरू होने जा रही है. पहली बार भक्त टनकपुर से यात्रा शुरू कर चम्पावत, पिथौरागढ़, धारचूला से गूंजी हो मानसरोवर तक का सफर तय करेंगे. सभी यात्रियों के लिए उत्तराखंड के पारंपरिक व्यंजन परोसे जाएंगे, जिसकी तैयारियां चल रही हैं.

इस दल में 50 यात्रियों के साथ दो लाइजनिंग ऑफिसर और एक गाइड भी मौजूद रहेंगे. वहीं कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले दल को शनिवार सुबह को कुमाऊं मंडल विकास निगम के अतिथि गृह से रवाना किया जायेगा. सूत्रों के अनुसार सीएम धामी के द्वारा यात्रा को रवाना किए जाने की सूचना भी सामने आ रही है. जल्द उनका कार्यक्रम भी सामने आ सकता है.

## टिहरी कांवड़िया ट्रक हादसा:

# ड्राइवर का हिल लाइसेंस नहीं, फिर 900 लेकर किसने भेजा पहाड़ : एसएसपी







**टिहरी गढ़वाल, एजेंसी।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे हैं. सीएम हरिद्वार जाकर साधु संतों और अफसरों से मिलकर कांवड़ यात्रा की तैयारियों को परख रहे हैं. बावजूद इसके क्या कुछ कर्मचारी उनके दिशा निर्देशों को न केवल अनदेखा कर रहे हैं यह बात इसलिए सामने आई है क्योंकि 2 जुलाई को टिहरी गढ़वाल के नरेंद्र नगर इलाके में कांवड़ यात्रियों से भरा हुआ एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया था. इसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी. इस हादसे के बाद ट्रक के ड्राइवर का एक बयान आया है. हालांकि, पुलिस ने ट्रक ड्राइवर के बयान की जांच करवाई है.

ट्रक हादसे में 3 कांवड़ियों की मौत हुई थी- दरसअल, 2 जुलाई को 19 कांवड़ियों से भरा हुआ ट्रक अचानक नियंत्रण होने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था. इसमें चार लोग गंभीर घायल हुए थे, जिन्हें ऋषिकेश के एम्स में भर्ती करवाया गया था. इसके साथ ही तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी. हादसा इतना भयानक था कि ट्रक को बाहर निकालने के लिए कई जेसीबी का सहारा लेना पड़ा था. मौके पर राहत और बचाव कार्य चलाने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पुलिस प्रशासन को भी आना पड़ा था. अब इस पूरे हादसे को लेकर एक बयान सामने आया है.

2 जुलाई को कांवड़ियों का ट्रक पलटा था- ट्रक के ड्राइवर ने कहा है कि टिहरी गढ़वाल जाने से पहले भद्रकाली चेक पोस्ट पर उसने 900 देकर अपने ट्रक को पहाड़ पर ले जाने का इंतजाम किया था, जबकि उसके पास हिल लाइसेंस था ही नहीं.

# लंबे समय से गैरहाजिर 234 बॉन्डधारी डॉक्टर किए जाएंगे बर्खास्त, फीस वसूली भी करेगा विभाग



**देहरादून, एजेंसी।** बॉन्डधारी डॉक्टरों को पर्वतीय जिलों में तैनाती दी गई थी। जहां पर उन्हें न्यूनतम पांच वर्षों तक अपनी सेवाएं देना अनिवार्य था, लेकिन डॉक्टर लंबे समय से गैरहाजिर चल रहे हैं।

प्रदेश में लंबे समय से गैरहाजिर चल रहे 234 बॉन्डधारी डॉक्टरों को बर्खास्त किया जाएगा। इनसे राजकीय मेडिकल कॉलेज अनुबंध के तहत फीस की वसूली भी करेगा। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने राजकीय मेडिकल कॉलेजों से कम फीस में एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद बॉन्ड की शर्तों का उल्लंघन कर लंबे समय से बिना सूचना के गैरहाजिर 234 डॉक्टरों को बर्खास्त करने के आदेश दिए हैं।

मेडिकल कॉलेजों से पास आउट होने के बाद बॉन्डधारी डॉक्टरों को पर्वतीय जिलों में तैनाती दी गई थी। जहां पर उन्हें न्यूनतम पांच वर्षों तक अपनी सेवाएं देना अनिवार्य था। ऐसा न करने की स्थिति में इन डॉक्टरों को बॉन्ड में निर्धारित धनराशि जमाकर एनओसी लेने के बाद राज्य से बाहर या निजी प्रैक्टिस की अनुमति दी जा सकती है।

प्रदेश में 234 बॉन्डधारी डॉक्टर बिना अनुमति के तैनाती स्थल से गैरहाजिर चल रहे हैं। जो बांड की शर्तों के उल्लंघन के साथ ही अनुशासनहीनता की श्रेणी में भी आता है। गैरहाजिर डॉक्टरों में राजकीय दून मेडिकल कॉलेज से 56, हल्द्वानी से 95 व श्रीनगर मेडिकल कॉलेज से 83 पासआउट हैं। जिन्होंने एमबीबीएस में प्रवेश के समय कॉलेजों के साथ पांच साल पर्वतीय क्षेत्रों में सेवाएं देने का अनुबंध किया था।

कॉलेजों के पास इन डॉक्टरों के मूल दस्तावेज व चिकित्सा शैक्षिक प्रमाण पत्र भी जमा है। स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य महानिदेशक को गैरहाजिर डॉक्टरों को बर्खास्त करने व चिकित्सा शिक्षा निदेशक को बांड की शर्तों के अनुसार वसूली करने के आदेश दिए हैं।

इसके साथ ही सचिव स्वास्थ्य को निर्देश दिए कि जिन जिलों में गैरहाजिर डॉक्टर तैनात थे, उन जिलों के सीएमओ व अस्पताल के प्रभारी अधिकारी से भी स्पष्टीकरण मांगा जाए। लंबे समय से डॉक्टरों के गैरहाजिर रहने पर अधिकारियों ने कार्रवाई क्यों नहीं की है।

# भारी बारिश से थम गई यात्रा की रफ्तार, दो सप्ताह में पांच गुना कम हुए श्रद्धालु



**देहरादून, एजेंसी।** चारधाम यात्रा में मौसम बड़ी बाधा बना हुआ है। भूस्खलन और बारिश के कारण बार-बार यात्रा बाधित हो रही है।

प्रदेश में भारी बारिश से चारधाम यात्रा की रफ्तार थम गई है। दो सप्ताह के भीतर चारधाम व हेमकुंड साहिब में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या पांच गुना कम हुई है। बीते पांच दिनों से यमुनोत्री धाम की यात्रा रुकी हुई है। जबकि केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री व हेमकुंड साहिब की यात्रा संचालित है।

पर्यटन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार 20 जून तक चारधामों व हेमकुंड साहिब में एक दिन में 70 हजार से अधिक तीर्थयात्री दर्शन कर रहे थे। इसके बाद प्रदेश में मानसून सक्रिय होने से भारी बारिश से भूस्खलन व बादल फटने की घटना से यात्रा प्रभावित हुई। मौसम विभाग के बारिश के लिए जारी रेट अलर्ट पर चौबीस घंटे के लिए चारधाम यात्रा रोकनी पड़ी। इसके बाद प्रदेश सरकार ने यात्रा पर रोक हटाई। लेकिन, धामों में तीर्थयात्रियों की संख्या लगातार कम हो रही है। तीन जुलाई को बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व हेमकुंड साहिब में 13 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए। जबकि यमुनोत्री धाम की यात्रा 29 जून से रुकी हुई है।

# 7 साल बाद फिर शुरू हुआ उत्तराखंड का ये सरकारी स्कूल, एडमिशन लेने वाले छात्रों को पहनाई माला

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र की विधायक आशा नौटियाल के गांव दिलमी का राजकीय प्राथमिक विद्यालय सात वर्ष बाद फिर से गुलजार हो गया है. यहां, कक्षा 1 से 5वीं तक आठ छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया है, जिनका माल्यार्पण किया गया. विभाग ने प्रधानाध्यापक रणवीर सिंह नेगी को विद्यालय संचालन की जिम्मेदारी सौंपी है. वर्षो बाद स्कूल के पुन- संचालित होने से अभिभावकों और ग्रामीणों में खुशी का माहौल है.

7 साल बाद फिर शुरू हुआ विद्यालय- जनपद रुद्रप्रयाग में एक तरफ कम छात्र संख्या के चलते कई प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों पर बंद होने का खतरा मंडरा है. वहीं, केदारनाथ विघान सभा क्षेत्र में तुंगनाथ घाटी की पर्यटन ग्राम पंचायत सारी के राजस्व गांव दिलमी का बंद पड़े राजकीय प्राथमिक विद्यालय का सात वर्ष बाद फिर से संचालन शुरू हो गया है. 2018 में शून्य छात्र संख्या के कारण बंद हुआ था स्कूल- वर्ष 2018 में शून्य छात्र संख्या के कारण विभाग ने विद्यालय को बंद कर दिया गया था. इस वर्ष मई में दिलमी गांव के ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग और विधायक आशा नौटियाल को पत्र लिखकर विद्यालय पुन- संचालित करने की मांग की थी. साथ ही विभाग को 11 बच्चों के नामों की सूची सौंपी थी, जिनका विद्यालय में प्रवेश होना है. बुधवार को सरस्वती पूजन के साथ राजकीय प्राथमिक विद्यालय दिलमी का पुन- संचालन शुरू किया गया.

# स्क्रीन के शुरुआती 30 सेकेंड में उलझ गई है जिंदगी, चिकित्सकों ने बताया नोमोफोबिया रोग



**देहरादून, एजेंसी।** रील की दुनिया में आजकल लोग ज्यादा वक्त बिता रहे हैं। काफी समय तक इसकी पुनरावृत्ति से लोगों में एकाग्रता और ध्यान लगाने की क्षमता घट रही है।

स्क्रीन के शुरुआती 30 सेकेंड में लोगों की जिंदगी उलझ गई है। कुछ और अच्छा दिखेगा, इस चाह में लोग घंटों फोन पर रील्स देखने में लगा रहे हैं। चिकित्सक इसे मेडिकल भाषा में नोमोफोबिया रोग की संज्ञा दे रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार मस्तिष्क को अच्छा महसूस कराने वाले डोपामाइन न्यूरोट्रांसमीटर ने फोन चलाने वाली गतिविधियों को और अधिक बढ़ा दिया है।

डिजिटल सामग्री देखने के बाद मस्तिष्क में मौजूद रिवार्ड सर्किट और सक्रिय हो रहा है। यह बार-बार फोन की स्क्रीन देखने के लिए प्रोत्साहन दे रहा है। दून अस्पताल के मनोरोग विभाग की अध्यक्ष डॉ. जया नवानी बताती हैं कि डोपामाइन हार्मोन शरीर में संदेशवाहक के रूप में काम करता है। यह सिर्फ मन को खुशी देने वाले ही संदेशों का संचरण करता है। चिकित्सक के मुताबिक ऐसी स्थिति में ब्रेन का रिवार्ड सर्किट का स्तर बढ़कर सामान्य से काफी अधिक हो जाता है। रिवार्ड सर्किट के तीन मुख्य प्रकार होते हैं, जो ब्रेन में अलग-अलग तरीके से काम करते हैं। इसमें मुख्य रूप से डोपामाइनर्जिक, सेरोटोनर्जिक और ओपिओइड सर्किट शामिल हैं।

तीनों प्रकार के रिवार्ड सर्किट ऐसी स्थिति में अत्यधिक सक्रिय हो जाते हैं। काफी समय तक इसकी पुनरावृत्ति से लोगों में एकाग्रता और ध्यान लगाने की क्षमता घट रही है। इसके अलावा लोगों में आक्रामकता बढ़ी है। चिकित्सक के मुताबिक ओपीडी में हर रोज इस तरह के लक्षण वाले मरीज आते हैं। जब उनकी काउंसलिंग की जाती है तो पता चलता है कि उनको घंटों तक स्क्रीन देखने की लत है।

# कार्रवाई के डर से सुबह नौ बजे डयूटी में मुस्तैद दिखे डॉक्टर

**हल्द्वानी।** सुशीला तिवारी अस्पताल में बुधवार को सभी विभागों में डॉक्टर सुबह नौ बजे अपनी ओपीडी में बैठे मिले। इस दौरान मरीजों को भी समय पर उपचार मिल सका। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने सभी विभागाध्यक्षों से निरीक्षण करने के लिए कहा था। इसके अलावा वह स्वयं भी निरीक्षण करने पहुंचे। शिकायत आ रही थी कि सुबह आठ बजे ओपीडी शुरू होने के बाद भी डॉक्टर समय पर नहीं पहुंच रहे हैं। इस कारण रोगियों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। दूर दराज के मरीजों को घर लौटने तक रात हो रही थी।। शिकायत के बाद प्राचार्य ने सख्त आदेश जारी कर प्रत्येक ओपीडी में ओपीडी टीम एसआर, जेआर और कंसल्टेंट को सुबह नौ बजे हर हाल में पहुंचने के निर्देश दिए थे। इसके अलावा ओपीडी में प्रत्येक डॉक्टर को एप्रेन पहनकर पहुंचने के लिए कहा था। सुशीला तिवारी अस्पताल में 659 में से कुछ कर्मचारियों को जल्द वेतन मिलने की उम्मीद है। पिछले पांच महीने से उपनल कर्मियों को वेतन नहीं मिला है। ये कर्मचारी ऑपरेशन थिएटर, लिपिकीय, वार्ड समेत कई जगह पर अपनी सेवाएं देते हैं। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि 166 को तीन चार दिन में वेतन मिल जाएगा। बचे हुए अन्य कर्मचारियों को नए पदों के सृजित होने के बाद समायोजित कर वेतन दिया जाएगा। शासन में पद सृजित की कार्रवाई चल रही है।

# भूस्खलन से केदारनाथ यात्रा मार्ग गौरीकुंड में बाधित, फिलहाल रोकी गई यात्रा

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग गौरीकुंड के निकट भूस्खलन होने से बंद हो गया है. पैदल यात्रा मार्ग के दोनों छोरों पर हजारों की संख्या में तीर्थ यात्री फंसे हुए हैं. फिलहाल केदारनाथ की यात्रा बंद है और यात्रा मार्ग को सुचारू करने के प्रयास किए जा रहे हैं.

पहाड़ों में बारिश के बाद भूस्खलन का दौर जारी है. बारिश के बाद लगातार हो रहा भूस्खलन परेशानी का कारण बन रहा है. बीती रात हुई बारिश के कारण केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग गौरीकुंड के समीप छोरी नामक गदेरे में पहाड़ी से भारी मात्रा में बोल्डर एवं मलबा गिरने के कारण बंद हो गया है. यात्रा मार्ग के दोनों छोरों पर हजारों की संख्या में केदारनाथ धाम आने जाने वाले तीर्थ यात्री फंसे हुए हैं. यात्रिओं को एसडीआरएफ की ओर से सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू किया जा रहा है. आए दिन केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग और सोनप्रयाग गौरीकुंड मोटर मार्ग पर हो रहे भूस्खलन के कारण तीर्थ यात्रियों को





परेशानी हो रही है. बारिश और भूस्खलन के कारण केदारनाथ धाम की यात्रा भी प्रभावित हो रही है.

पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रह्लाद कोंडे ने बताया कि गौरीकुंड से एक किमी आगे क्षतिग्रस्त हुए पैदल मार्ग को खोलने की कार्रवाई गतिमान है. इस स्थान पर दोनों छोरों से यात्रियों को सुरक्षा बलों की उपस्थिति में पार करवाया जा रहा है. बताया कि सम्बन्धित कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग मार्ग को खोलकर आवाजाही सुचारू करने में लगा है. फिलहाल यहां पर उपस्थित जिला पुलिस, एनडीआरएफ, डीडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीमों द्वारा यात्रियों को दोनों छोरों से सुरक्षित ढंग से पार करवाया जा रहा है. मानसूनी सीजन में लगातार हो बारिश के चलते केदारनाथ धाम पैदल मार्ग भूस्खलन की दृष्टि से काफी संवेदनशील हो चुका है. ऐसे में पैदल यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं को अतिरिक्त सतर्कता बरती जानी आवश्यक है.

जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग प्रतीक जैन का कहना है कि भूस्खलन को देखते हुए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और मलबा हटाने के लिए मजदूरों को भी लगा रखा है. गौरीकुंड और मनकटिया में लगातार यात्रियों को उतारा और भेजा जा रहा है. डीएम प्रतीक जैन ने कहा कि हम यह कोशिश कर रहे हैं कि जब बारिश हो रही है, तब केदारनाथ से कोई व्यक्ति नीचे ना आए और नीचे से कोई व्यक्ति केदारनाथ ना जाए, हमारी सभी टीम मुस्तैदी के साथ लगी हुई है.

## बीजेपी ने ऑटो कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए तुगलकी फरमान जारी किया, ताकि 61 लाख लोग मजबूरन नई गाड़ी खरीदें: सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नई दिल्ली, दिल्ली की सड़कों से पुरानी गाड़ियों को हटाने को लेकर कोर्ट के आदेश का बहाना बना रही बीजेपी की पोल खुल गई है। आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने बीजेपी के झूठ का पर्दाफाश करते हुए कहा कि दिल्ली में सरकार बनते ही बीजेपी ने पुरानी गाड़ियों पर प्रतिबंध लगाने का फैसला ले लिया था। फरवरी में बीजेपी सरकार ने शपथ ली और चंद दिन बाद 01 जुलाई को पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने एलान किया कि 31 मार्च के बाद पुरानी गाड़ियों को तेल नहीं मिलेगा। हालांकि इसे लागू एक जुलाई से किया गया। आज बीजेपी जिस सीएक्यूएम के आदेश का सहारा ले रही है, वह आदेश तो मंत्री के एलान के काफी दिनों बाद 27 अप्रैल को आया था। इससे स्पष्ट है कि बीजेपी ने पहले ही ऑटोमोबाइल कंपनियों से सांठगांठ कर ली थी और उनको करोड़ों रुपए का फायदा पहुंचाने के लिए यह तुगलकी फरमान जारी किया, ताकि दिल्ली के 61 लाख लोग नई गाड़ी खरीदने के लिए मजबूर हो जाएं। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने दिल्लीवालों को बधाई देते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने अपनी एकजुटता के जरिए बीजेपी सरकार के कई तुगलकी फरमानों को वापस लेने के लिए मजबूर किया है। जब पुरानी गाड़ियों को पेट्रोल पंपों पर ईंधन देने पर रोक लगाने की बात कही जा रही थी, तब बीजेपी सरकार के मंत्री उछल-उछल कर कह रहे थे कि किसी पुराने वाहन को छोड़ा नहीं जाएगा। पेट्रोल पंपों पर पुरानी गाड़ियों को जब्त करने के लिए 400 टीमें लगाई जाएंगीं और बीजेपी पूरी तरह चुप थी। दिल्ली सरकार के इस तुगलकी फरमान का सिर्फ दिल्ली की आम जनता और आम आदमी पार्टी विरोध कर रही थी। आप ने एक जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभाते हुए लगातार इस आदेश का विरोध किया गया। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बीजेपी बहानेबाजी कर रही है कि यह कोर्ट का आदेश था, इसलिए पुरानी गाड़ियों पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। लेकिन सच तो यह है कि पुरानी गाड़ियों पर प्रतिबंध लगाने को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने पहली बार 10 साल पहले 7 अप्रैल 2015 को आदेश जारी किया था। इसी तरह, 10 साल पहले सुप्रीम कोर्ट ने 15 अप्रैल 2015 को आदेश दिया। 2015 से 2025 तक दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार थी, लेकिन आप सरकार ने कभी भी पुरानी गाड़ियों को पेट्रोल न देने को लेकर कोई फरमान नहीं जारी किया। लेकिन बीजेपी सरकार में आने के पांच महीने के अंदर ही पेट्रोल डीजल देने पर रोक लगा दी। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जब बीजेपी की चोरी पकड़ी गई तो दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सीएक्यूएम को चिट्ठी लिखी कि सरकार पुरानी गाड़ियों डीजल-पेट्रोल नहीं देने का प्रतिबंध नहीं लगा पाएगी। इसके बाद बीजेपी सरकार अपने ही जाल में फंस गई। मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सीएक्यूएम को लिखे पत्र में कहा है कि 23 अप्रैल 2025 को सीएक्यूएम की तरफ से दिल्ली सरकार को निर्देश आया कि पुरानी गाड़ियों को पेट्रोल डीजन देना बंद कर दिया जाए। लेकिन सीएक्यूएम से पत्र मिलने से एक माह पहले ही 01 मार्च 2025 को मनजिंदर सिंह सिरसा ने खुद प्रेसवार्ता कर एलान किया था कि सरकार 31 मार्च से पुरानी गाड़ियों को डीजल-पेट्रोल देना बंद कर देगी। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि इससे साफ है कि बीजेपी ने सरकार बनने के तुरंत बाद ही तय कर लिया था कि दिल्ली की सड़कों से 61 लाख पुरानी गाड़ियों को सड़क से हटाकर लोगों को नई गाड़ियां खरीदने के लिए मजबूर करना है।

## चोरी के मोबाइल के पार्ट्स बेचने वाले महिला समेत दो गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । मध्य जिला के आईपी इस्टेट थाना पुलिस ने चोरी के मोबाइल के पार्ट्स बेचने वाले गैंग की महिला समेत दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से आईफोन समेत 45 मोबाइल और भारी मात्रा में कई आईफोन के टूटे हुए हिस्से बरामद किए हैं। पुलिस महिला और इनके एक साथी की तलाश में दबिश दे रही है। जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वाल्सन ने बताया, 24 जून को आईपी इस्टेट थाना पुलिस को आईफोन झपटे जाने की शिकायत मिली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने लोकेशन के जरिए देव नगर स्थित मकान पर छापा मारा। जहां से पुलिस ने महिला नवदीप कौर को पकड़ा। पुलिस ने उसके घर से छीने गए एप्पल आईफोन 15 के अलावा 44 अन्य मोबाइल फोन बरामद किए। जिसमें 43 एप्पल आईफोन, 1 सैमसंग फोल्ड मोबाइल फोन मिला। साथ ही पुलिस को घर से बड़ी मात्रा में मोबाइल फोन के पार्ट्स बरामद हुए। नवदीप कौर ने बताया कि वह अपने साथियों संजीव कुमार और रमनदीप के साथ चोरी किए गए मोबाइल फोन को खरीदने और फिर फोन के पार्ट्स को निकालने के बाद उसे खुले बाजार में बेचने का काम करते हैं। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर भटिंडा पंजाब निवासी रमनदीप भंगू को हिमाचल के नाहन से पकड़ लिया। बीएससी पास है नवदीप, रमनदीप 12वीं पूछताछ में रमनदीप ने बताया कि नवदीप उसके गांव की रहने वाली है। 12वीं पास रमनदीप करोल बाग में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान चलाने लगा। जबकि बीएससी नवदीप बेहतर अवसरों की तलाश में थी। मोबाइल रिपेयर के धंधे में कम मुनाफे से रमनदीप काफी निराश था। इसी दौरान उसकी मुलाकात संजीव कुमार से हुई, जिसने उसे एक महिला से मिलवाया। महिला चोरी का मोबाइल बेचती थी, जिससे चोरी का मोबाइल फोन खरीदकर वह उसके पार्ट्स को बेचने का काम करने लगा। रमनदीप ने बताया कि वह महिला से करोलबाग में चोरी के मोबाइल फोन खरीदता था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच में पता चला है कि रमनदीप पर भटिंडा पंजाब में एक मामला दर्ज है। पुलिस ने इनके कब्जे से 70 मोबाइल फोन बरामद किए थे।

## संक्षिप्त खबरें

### हत्या के प्रयास और धमकी में फरार आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली, । दक्षिण-पूर्व जिले की एसटीएफ ने हत्या के प्रयास और धमकी के मामले में फरार आरोपी ओखला औद्योगिक क्षेत्र स्थित तेहखंड निवासी जय प्रकाश उर्फ लोली को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 315 बोर का कट्टा और 1 कारतूस बरामद किया गया। दक्षिण-पूर्व जिले की अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ऐश्वर्या शर्मा ने बताया, सूचना मिली कि जय प्रकाश अपने किसी परिचित से मिलने ओखला औद्योगिक क्षेत्र, रेलवे लाइन के पास कंटेनर यार्ड में आने वाला है। घेराबंदी करने पर उसने पिस्तौल निकाली और गोली चलाने की धमकी दी, मगर पुलिस टीम ने उसे तुरंत दबोच लिया। प्रकाश से पूछताछ में पता चला कि जय प्रकाश के सहयोगी और करीबी दोस्त निरंजन ने अपने साथियों के साथ मिलकर दुश्मनी के चलते मंटू की हत्या कर दी। इस हत्या के बाद जब निरंजन और उसके साथियों के खिलाफ गवाही देने के लिए कोई आगे नहीं आया, तो शिव नंदन प्रसाद ने कुछ स्थानीय निवासियों को इकट्ठा किया, जिन्होंने मंटू की हत्या देखी थी। ये लोग जय प्रकाश और उसके दोस्त निरंजन के खिलाफ गवाही देने के लिए तैयार हो गए। पुलिस ने निरंजन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### दिल्ली से कालका जाने वाली ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

नई दिल्ली, । अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कालका रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज (फओबी) का निर्माण कार्य चल रहा है। इस कारण 14 और 15 जुलाई को चंडीगढ़ से कालका के बीच ट्रेन सेवाएं अस्थायी रूप से बाधित रहेंगी। दिल्ली से कालका के लिए चलने वाली कई ट्रेनों के संचालन में भी बदलाव किया गया है। 14 जुलाई को नई दिल्ली-कालका शताब्दी (12011/12012) और नई दिल्ली-कालका शताब्दी (12005) का संचालन कालका की बजाय चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन से किया जाएगा यानी इन ट्रेनों का अंतिम स्टेशन चंडीगढ़ रहेगा और कालका नहीं जाएंगी। इसी तरह 15 जुलाई को कालका-नई दिल्ली शताब्दी (12006) और पुरानी दिल्ली-कालका एक्सप्रेस (14331/14332) का संचालन भी कालका की जगह चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन से किया जाएगा।

### कंपनी के अकाउंटेंट ने गढ़ी लूट की झूठी कहानी, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली, । मोती नगर इलाके में जुए में 30 लाख हारने के बाद कंपनी के अकाउंटेंट ने अपनी कंपनी के पैसे गबन करने की साजिश रची। कंपनी के 13 लाख रुपये बैंक से निकालने के बाद आरोपी ने अपने दोस्त को सौंप दिया और लूटपाट की झूठी शिकायत कर दी। घटनास्थल के आस पास के सीसीटीवी की जांच में शिकायतकर्ता के आरोपों की पुष्टि नहीं होने पर पुलिस का उसपर शक गहरा गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर महेंद्रगढ़ हरियाणा से उसके दोस्त को गिरफ्तार कर सारे पैसे बरामद कर लिए। मुख्य आरोपी की पहचान केशवपुरम निवासी सुभाष चंद, जबकि दोस्त की पहचान महेंद्रगढ़ हरियाणा निवासी विजयपाल के रूप में हुई है। पश्चिम जिला अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुकांत एस बल्लभ ने बताया, 3 जुलाई को मोती नगर थाना पुलिस को 13 लाख रुपये की लूट की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को सुभाष चंद ने बताया कि वह एक ट्रेडिंग कंपनी में पिछले दो साल से बतौर अकाउंटेंट काम करता है। वह बैंक से 13 लाख रुपये निकालने के बाद मोती नगर फ्लाईओवर के पास पहुंचा। इसी दौरान तीन बाइक से आए छह बदमाशों ने उसपर चाकू से हमला कर रुपये लूट लिए।

## छेड़छाड़ के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार



नई दिल्ली, । नंद नगरी थाना क्षेत्र में एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की से हुई छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल की गई स्कूटी भी जब्त की है। पुलिस अधिकारी के अनुसार 30 जून को थाना नंद नगरी में एक नाबालिग लड़की द्वारा छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई गई थी। पीड़िता ने बताया कि घटना 4 मार्च 2025 को दोपहर में उस समय हुई जब वह अपनी एक सहेली के साथ शनिवार बाजार रोड स्थित एस.के. गर्ग क्लॉथिंग शॉप के पास टहल रही थी। लड़की ने बताया कि चार युवक दो बाइक और दो स्कूटी पर सवार होकर उनका पीछा कर रहे थे। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपितों ने गाली-गलौच की और एक युवक ने उसके चेहरे पर थूक दिया। जिसके बाद सभी वहां से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता के बयान पर मुकदमा दर्ज किया। घटना को गंभीरता से लेते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों, तकनीकी सुरागों और स्थानीय सूत्रों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर गहन जांच की। जांच के दौरान एक आरोपित की पहचान सुंदर नगरी निवासी अफनान (19) के रूप में हुई। पूछताछ में अफनान ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। लेकिन कड़ी पूछताछ के बाद उसने अपराध में शामिल होने की बात कबूल की। अफनान से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने दूसरे आरोपित समीर (22) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई स्कूटी को भी बरामद कर लिया है। फिलहाल पुलिस अन्य आरोपितोंकी तलाश में जगह-जगह दबिश दे रही है।

## ब्रिक्स भारत, ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, ईरान, मिस्त्र समेत कई देशों के बीच आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देता है

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी को ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में भी अब प्रतिनिधित्व मिल गया है। गुरुवार को ब्रिक्स सीसीआई ने एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए आप की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ को महिला विंग का सह-अध्यक्ष नियुक्त किया है। ब्रिक्स सीसीआई ने प्रियंका कक्कड़ को यह जिम्मेदारी देते हुए प्रसन्नता जताई है और बताया है कि बतौर सह-अध्यक्ष उनकी नियुक्ति वित्तीय वर्ष 2025 से 2027 के लिए की गई है।प्रियंका कक्कड़ की नेतृत्व क्षमता व महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए उनको ये जिम्मेदारी दी गई है। गुरुवार को ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की तरफ से आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ को महिला विंग का सह अध्यक्ष नियुक्त किए जाने को लेकर एक पत्र जारी किया गया है। जिसमें कहा गया है कि ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (ब्रिक्स सीसीआई) एक गैर-लाभकारी संगठन है। ब्रिक्स ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, ईरान, मिस्त्र, इथियोपिया, संयुक्त अरब अमीरात और इंडोनेशिया देशों के बीच आर्थिक सहयोग का प्रतीक है। यह संगठन व्यवसायों को बढ़ावा देने, नवाचार करने और विभिन्न पहलों, मंचों और नेटवर्किंग अवसरों के माध्यम से विस्तार करने के लिए एक अनुकूल माहौल प्रदान करता है। पिछले एक दशक में, ब्रिक्स सीसीआई ने काफी विस्तार किया है, नए अध्याय शुरू किए हैं, बड़ी संख्या में सदस्यों को जोड़ा है और कई प्रतिष्ठित संगठनों के साथ रणनीतिक सहयोग समझौते किए हैं। ब्रिक्स सीसीआई ने प्रियंका कक्कड़ से कहा है कि हमें आपको ब्रिक्स सीसीआई महिला विंग की सह-अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करते हुए प्रसन्नता हो रही है। आपके उल्लेखनीय नेतृत्व, समावेशिता के प्रति जुनून और महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता आपको इस महत्वपूर्ण भूमिका के लिए आदर्श बनाती है। सह-अध्यक्ष के रूप में, आप इस प्रभाग की रणनीतिक दिशा तय करने, उभरती हुई महिला नेताओं का मार्गदर्शन करने और ब्रिक्स देशों में अधिक समान, अवसर प्रधान पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के हमारे मिशन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। ब्रिक्स सीसीआई के पत्र में कहा गया कि यह नियुक्ति शुरू में दो वर्षों की अवधि के लिए है, जो वित्तीय वर्ष 2025 से 2027 तक मानी जाएगी। हमें विश्वास है कि आपके जुड़ने से महिला विंग के प्रभाव और पहुंच को और अधिक बढ़ाएगा। ब्रिक्स सीसीआई में आपको हमारे नेतृत्व दल का हिस्सा बनना हमारे लिए सौभाग्य की बात होगी।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री ने सिविल लाइंस में अपने कार्यालय का उद्घाटन किया



नई दिल्ली, । दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को सिविल लाइंस इलाके में राज निवास मार्ग पर अपने नए कैंप कार्यालय ह्यजन सेवा सदनह्व का उद्घाटन किया। लोक निर्माण विभाग ने गुप्ता को एक ही मार्ग पर दो बंगले आवंटित किए हैं जिनमें से एक उनका आवास होगा और दूसरा उनका कार्यालय होगा। दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि जन सेवा सदन में मुख्यमंत्री जनसुनवाई करेंगी। मिश्रा ने यह भी दावा किया कि यह पहली बार है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री का कार्यालय जनता के लिए खोला जा रहा है। कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर हवन किया गया जिसमें गुप्ता और उनका परिवार शामिल हुआ। दूसरे बंगले में नवीनीकरण का कार्य जारी है जहां उनका आधिकारिक आवास होगा। वह अभी उत्तरी दिल्ली के शालीमार बाग में रहती हैं।

## डीयू ने योग से लेकर डिजिटल मीडिया तक पाठ्येतर गतिविधियों के लिए सीट की घोषणा की

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए योग और नृत्य से लेकर डिजिटल मीडिया तक पाठ्येतर गतिविधी (ईसीए) कोटे के तहत 1,347 सीटों की पेशकश कर रहा है। डीयू ने 14 श्रेणियों में प्रतिभाशाली छात्रों के लिए ये सीट बढ़ाई हैं। जिन 14 श्रेणियों के लिए इस वर्ष विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है, उनमें रचनात्मक लेखन (अंग्रेजी और हिंदी), वाद-विवाद (अंग्रेजी और हिंदी), डिजिटल मीडिया (फोटोग्राफी, फिल्म निर्माण, एनीमेशन), आध्यात्म (डिविनटी), ललित कला (स्केचिंग, पेंटिंग, मूर्तिकला), संगीत-गायन (भारतीय और पश्चिमी), संगीत-वाद्य (भारतीय और पश्चिमी), नृत्य (भारतीय शास्त्रीय, भारतीय लोक, पश्चिमी, कोरियोग्राफी), रंगमंच, प्रश्नोत्तरी, राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और योग शामिल है। प्रत्येक श्रेणी में कई उप-विषय शामिल हैं, जिससे छात्र अपनी विशिष्ट रुचियों और कौशल के अनुसार आवेदन कर सकते हैं। ईसीए कोटे के तहत सभी प्रवेश डीयू के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रबंधित किए जाएंगे। डीयू की ईसीए प्रवेश समिति की संयोजक प्रोफेसर दीप्ति तनेजा ने बताया, ह्लआध्यात्म श्रेणी सहित ट्रायल, आवंटन और पूरी प्रवेश प्रक्रिया केंद्रीकृत ईसीए समिति के माध्यम से आयोजित की जाएगी, न कि व्यक्तिगत कॉलेजों द्वारा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, इस वर्ष आध्यात्म श्रेणी के तहत चार कॉलेजों में कुल 13 सीट आवंटित की गई हैं, जिसमें श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज (चार सीट), श्री गुरु नानक देव खालसा कॉलेज (दो), श्री गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स (चार) और माता सुंदरी कॉलेज फॉर विमेन (तीन)। इन कॉलेजों का प्रबंधन दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति द्वारा किया जाता है। तनेजा ने बताया कि आध्यात्म श्रेणी के लिए उम्मीदवारों का मूल्यांकन ह्यशबद कीर्तन पाठह्न में उनकी दक्षता के आधार पर किया जाता है। ईसीए में दाखिले समग्र अंकों के आधार पर होंगे, जिसमें 75 प्रतिशत अधिभार ईसीए प्रदर्शन (प्रमाणपत्र और ट्रायल) को दिया जाएगा और 25 प्रतिशत अधिभार संयुक्त प्रवेश परीक्षा के अंकों को दिया जाएगा। विद्यार्थियों को सलाह दी गई है कि वे ट्रायल के लिए पूरी तरह से तैयारी करें और अपने पाठ्यक्रम व कॉलेज की प्राथमिकताएं समझदारी से भरें। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर गुरमोहिंदर सिंह ने बताया कि आध्यात्म श्रेणी के तहत चयनित किए गए छात्र कॉलेज के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जीवन में मुख्य भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया, ह्लहम ऐसे विद्यार्थियों का चयन करते हैं, जो गुरबानी में पारंगत हैं। वे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कॉलेज का प्रतिनिधित्व करते हैं और औपचारिक कार्यक्रमों के दौरान कॉलेज की प्रार्थना का नेतृत्व करते हैं। हम इन विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने और उनका मार्गदर्शन करने के लिए एक संविदा शिक्षक भी नियुक्त करते हैं। इसमें शामिल होने और सीखने के इच्छुक अन्य छात्रों का भी स्वागत है। विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों से नियमित जानकारी के लिए आधिकारिक प्रवेश से संबंधित वेबसाइट पर नजर बनाये रखने का आग्रह किया है।

## दिल्ली-एनसीआर में उमस से लोग परेशान आईएमडी ने बारिश को लेकर दिया अपडेट

नई दिल्ली, । मौसम विभाग के मुताबिक, 4 जुलाई से लेकर 10 जुलाई तक क्षेत्र में बादलों की आवाजाही और बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। इससे एक तरफ जहां अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी, वहीं बढ़ती उमस लोगों को परेशान भी कर सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक 5 जुलाई को कई इलाकों में मध्यम से भारी बारिश की आशंका है। इसे देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दिन सुबह के समय गरज के साथ बिजली चमकने और हल्की से मध्यम बारिश की चेतावनी दी गई है। तापमान 36 डिग्री सेल्सियस अधिकतम और 27 डिग्री न्यूनतम रहने की संभावना है। हवा में नमी की मात्रा 80 प्रतिशत से 65 प्रतिशत के बीच बनी रहेगी। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा है कि बारिश के समय पर खुले इलाकों और बिजली के उपकरणों के नजदीक न जाएं। आईएमडी के मुताबिक 4 जुलाई को भी कुछ इलाकों में गरज के साथ बारिश की संभावना है, हालांकि इस दिन कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। तापमान 37 डिग्री अधिकतम और 28 डिग्री न्यूनतम रहेगा। वहीं, 6 जुलाई को आमतौर पर बादल छाए रहेंगे और मध्यम बारिश हो सकती है। इस दिन अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री रह सकता है। 7 और 8 जुलाई को मौसम विभाग ने गरज के साथ बारिश की संभावना जताई है। तापमान 33 डिग्री अधिकतम और 25 डिग्री न्यूनतम रहेगा।


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती हैः–

| ई–कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-28-2025 | दिनांक 21.07.2025 को 11:00 बजे | नई दिल्ली (AG Side) (PCCV), मेरठ कैंट (कंकनखेड़ा), आदर्श नगर (पी आर एस), कुरूक्षेत्र (प्रथम प्रवेश), दिल्ली (द्वितीय प्रवेश) KG Side (TW parking), बरेटा, मुरादनगर, खतौली, कुरूक्षेत्र (Site-1), कुरूक्षेत्र (Site-2), करनाल (375 वर्गमीटर), शाहबाद मारकंडा, रोहतक (द्वितीय प्रवेश) (साइकिल–स्कूटर), शामली (PRS), कुरूक्षेत्र (द्वितीय प्रवेश), सबोली हाल्ट = कुल 16 साइटें। |
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | https://ireps.gov.in/ | |

**आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य हैः**

1. इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाएं भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी।
2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान
3. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता
4. आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण
5. फण्ड का लियन मार्किंग
6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation)
7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

| | |
|---|---|
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली – 110055, Email: pkg.delhidivision@gmail.com, Tel: 011-23743084 |

संख्याः 23 AC/393/E-Auction/Pkg/2025 दिनांकः 04.07.2025 2023/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## बवाना हत्याकांड: दिल्ली पुलिस ने दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद किया गिरफ्तार



नई दिल्ली, । दिल्ली पुलिस ने बवाना हत्याकांड में शामिल दो बदमाशों को एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पिछले दिनों बवाना में गैंगस्टर मनजीत महल के भांजे दीपक की हत्या कर दी गई थी। उस हमले में दीपक की बेटी को भी गोली लगी थी। फिलहाल हत्याकांड में शामिल बदमाश विजय और सोमवीर को दिल्ली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद पकड़ा है। दिल्ली के सेक्टर-34 रोहिणी इलाके में शुक्रवार तड़के मुठभेड़ हुई। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच को कपिल सांगवान उर्फ नंदू और वेंकट गर्ग गैंग के शार्प शूटर के बारे में सूचना मिली थी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए शार्प शूटर विजय और सोमवीर की घेराबंदी की। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, दोनों बदमाशों को सेक्टर-34 रोहिणी इलाके में मुनक नहर के पास घेरा गया था। उन्हें बार-बार सरेंडर करने की चेतावनी दी गई। इसके बावजूद दोनों बदमाशों ने पुलिस पर 5 राउंड फायरिंग की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई के बाद मुठभेड़ शुरू हुई। इस दौरान पुलिस की गोलियां लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए। मुठभेड़ में दोनों बदमाशों को पैरों में गोली लगी थी, जिन्हें बाद में पुलिस ने पकड़ लिया। दिल्ली पुलिस ने बताया कि बदमाश सोमबीर हरियाणा के हिसार जिले के खेड़ी जलीब गांव का रहने वाला है, जबकि दूसरा बदमाश विजय चंडीगढ़ की भास्कर कॉलोनी का निवासी है। इन बदमाशों के पास से 2 पिस्टल और 7 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक, सोमबीर उर्फ चीनू पर बवाना थाना इलाके में दीपक की हत्या और उसकी बेटी अंचल को गोली मारकर घायल करने का आरोप है। विजय पुराने अपराधों में शामिल रहा है। उसने अन्य अपराधियों की भी मदद की है। बवाना में पिछले हफ्ते ट्रेडिंग व्यवसाय से जुड़े दीपक को मॉर्निंग वॉक के समय गोली मारी गई थी। वो नांगल ठाकरान गांव में रहते थे और रोज की तरह मॉर्निंग वॉक पर आए थे। हमले के समय दीपक के साथ उनकी बेटी थी। उसी दौरान बाइक पर आए दो हमलावरों ने दीपक पर फायरिंग की थी। इस हमले में दीपक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी बेटी के हाथ में गोली लग गई थी। पुलिस इस घटना को शुरूआत से ही गैंगवार के रूप में देख रही थी, क्योंकि दीपक गैंगस्टर मनजीत महल है और उसकी दुश्मनी नंदू गैंग के साथ थी। पकड़े गए बदमाशों के भी नंदू गैंग से संबंध बताए जा रहे हैं।

## 13 लाख रुपये की लूट की झूठी कहानी गढ़ने के आरोप में दो गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । दिल्ली पुलिस ने पश्चिमी दिल्ली के मोती नगर इलाके में 13 लाख रुपये की लूट की झूठी कहानी गढ़ने के आरोप में शिकायतकर्ता सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता सुभाष चंद (22) एक कारोबारी कंपनी में अकाउंटेंट के रूप में काम करता है और वह इस साजिश का मास्टरमाइंड था। अधिकारी ने बताया, ह्यउसने कथित तौर पर हरियाणा के महेंद्रगढ़ निवासी अपने दोस्त विजयपाल (26) के साथ मिलकर लूट की झूठी कहानी रची और नकदी लूटकर भाग गया।ह्व अधिकारी ने आगे बताया कि मामले की सूचना बृहस्पतिवार को तब मिली जब सुभाष ने पुलिस को फोन कर दावा किया कि बैंक से पैसे निकालने के बाद उससे 13 लाख रुपये लूट लिए गए। सुभाष ने पुलिस को बताया कि तीन मोटरसाइकिल पर सवार छह अज्ञात लोगों ने फ्लाईओवर पर उस पर चाकू से हमला किया और पैसे लूटकर भाग गए। एक टीम गठित की गई और जांच के दौरान टीम ने आस-पास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले, लेकिन कोई संदिग्ध गतिविधि या सुभाष का पीछा करते हुए कोई वाहन नहीं मिला। इसके अलावा, पुलिस ने पाया कि उसकी चोटें सतही थीं और चाकू के हमले से होने वाली सामान्य चोटों की तरह नहीं थीं। उन्होंने बताया, ह्यपूछताछ करने पर सुभाष ने कबूल किया कि उसने लूट की पूरी साजिश रची थी। उसने राजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन पर विजयपाल को नकदी सौंपने और बाद में पुलिस को गुमराह करने के लिए घटना की झूठी सूचना देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने बताया कि सुभाष जुए में 30 लाख रुपए हार गया था और उस पर यह रकम चुकाने का आर्थिक दबाव था। अपने नुकसान की भरपाई के लिए उसने अपनी कंपनी के खाते से 13 लाख रुपए निकाले और विजयपाल को दे दिए। उन्होंने बताया क विजयपाल बाइक टैक्सी से भाग गया और बाद में बस में सवार होकर हरियाणा में अपने पैतृक गांव चला गया। टीम को तुरंत महेंद्रगढ़ भेजा गया, जहां उन्होंने विजयपाल के आवास से पूरी रकम बरामद कर ली। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा आगे की जांच जारी है।

## सफाई व्यवस्था की बदहाली पर भड़के नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग, निगमायुक्त को सौंपा ज्ञापन

नई दिल्ली, । दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने शुक्रवार को सिविक सेंटर में आम आदमी पार्टी के पार्षदों के साथ निगमायुक्त अश्विनी कुमार से मुलाकात कर सेंट्रल जोन की बिगड़ती सफाई व्यवस्था को लेकर एक लिखित ज्ञापन सौंपा और तत्काल समाधान की मांग की। नारंग ने बताया कि सेंट्रल जोन में लंबे समय से कूड़ा उठाने की कोई व्यवस्था नहीं है। बीते दो वर्षों में इस क्षेत्र में किसी भी एजेंसी की नियुक्ति नहीं की गई, जिससे इलाके में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं और स्थानीय लोग गंभीर रूप से परेशान हैं। उन्होंने निगमायुक्त को दिए गए ज्ञापन में मांग की कि सेंट्रल जोन की सफाई व्यवस्था को तुरंत दुरुस्त किया जाए और मानसून के मद्देनजर विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई कराई जाए। नारंग ने चेतावनी दी कि यदि सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ और मानसून के दौरान बीमारियां फैलीं, तो इसकी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी।नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने भी लगातार सेंट्रल जोन में रियायत देने और सफाई व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, लेकिन एमसीडी की स्थायी समिति की बैठक में इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। न ही जनता को कोई राहत देने वाला प्रस्ताव लाया गया।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियंता निर्माण–II, शिवाजी ब्रिज, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित करता है। निविदा समापन तिथि **12.08.2025 को 15:00 बजे**। मूल/संशोधित निविदा की अंतिम तिथि एवं समय तक ही जमा कर सकेंगे। इस निविदा के विरुद्ध मैन्युअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और नजरअंदाज कर दिया जाएगा। निविदा से संबंधित शुद्धिपत्र आदि सहित सभी विवरण **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

**निविदाः** (ई– निविदा दो पैकेट) (खुली निविदा)।

**निविदा सूचना संख्याः** 142-W-Dy CE/C-II/CSB दिनांक 04.07.2025

**कार्यः** उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल के मेरठ शहर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास/प्रमुख उन्नयन।

**अनुमानित लागतः** रु. 98,12,08,504/– (रु. अट्ठानबे करोड़ बारह लाख आठ हजार पांच सौ चार मात्र)।

**सुरक्षा राशिः** रु. 50,56,100/– (रु. पचास लाख छप्पन हजार एक सौ मात्र)।

**पूर्णता अवधिः** 32 माह।

**निविदा की उपलब्धताः** आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा विवरण और अन्य निर्देश एनआईटी के अनुसार हैं, जो उपर्युक्त आईआरईपीएस साइट पर उपलब्ध है।

**वेबसाइट पर निविदा उपलब्धता की तिथिः** 05.07.2025.

**निविदा समापन तिथिः** 12.08.2025 को 15:00 बजे।

2020/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, शनिवार, 05 जुलाई, 2025

# अब मनसून ने दस्तक दे दी है, सेंट्रल जोन में कूड़ा फैले होने की वजह से मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है: अंकुश नारंग

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

नई दिल्ली, दिल्ली के सेंट्रल जोन में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। इसे लेकर आम आदमी पार्टी के नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने सेंट्रल जोन के पार्षद मंडल के साथ शुक्रवार को एमसीडी के कमिश्नर से मुलाकात की और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर एक मांग पत्र सौंपा। अंकुश नारंग ने बताया कि हमने कमिश्नर से सेंट्रल जोन में हर गली-हर सड़क पर फैले गंदगी के अंबार को जल्द से जल्द साफ कराने की मांग की है। दिल्ली में मनसून ने दस्तक दे दी है। चारों तरफ कूड़ा फैला होने से मौसमी बीमारियों का भी खतरा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि इस बाबत 04 जून को मैंने मेयर को भी चिट्ठी लिखी थी। मेयर ने दो दिन में सफाई कराने का आश्वास दिया था, लेकिन सफाई नहीं कराई। फिर उन्होंने इस मुद्दे को सदन में उठाया। उस दौरान मेयर ने कहा कि यह स्टैंडिंग कमेटी के पास जाएगा। लेकिन स्टैंडिंग कमेटी में भी कोई कार्ययोजना नहीं लाई गई। इस दौरान एमसीडी नेता विपक्ष अंकुश नारंग और निगम पार्षद मंडल में सेंट्रल जोन से वार्ड-142 सारिका चौधरी, वार्ड-184 हेमा श्रीचंद वोहरा, वार्ड- 168 पंकज गुप्ता, वार्ड- 179 राकेश लोहिया, वार्ड-170 भागवीर चौधरी उपस्थित रहे। अंकुश नारंग ने पत्र में कहा है कि दिल्ली के सेंट्रल जोन में सफाई व्यवस्था बुरी तरह चरमरा चुकी है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए है जिससे स्थानीय निवासियों का जीना दूभर हो गया है। इसका सबसे बड़ा कारण है कि सेंट्रल जोन में कोई कंसेशनेयर/एजेन्सी निगम द्वारा डोर-टू-डोर कूड़ा एकत्र करने के लिए चयनित नहीं की गई। वर्तमान में सेंट्रल जोन में 25 पार्षद हैं। इसमें आम आदमी पार्टी के सात पार्षद हैं। सभी 25 पार्षदों एक का कहना है कि उनके क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बिल्कुल चरमरा गई है और जगह-जगह गन्दगी के ढेर लगे हुए है। लेकिन आप पार्षदों ने



सिर्फ इसकी आवाज उठाई है। बीजेपी एमसीडी की सत्ता में हैं। इसके बाद भी बीजेपी पार्षद भी इस कूड़े की दिक्कत से झुलस रहे हैं, लेकिन फिर भी वह शांत है। बीजेपी ने उनको शांत करा रखा है। सेंट्रल जोन के हालात बहुत बुरे हैं। अंकुश नारंग ने कहा है कि पिछले जून में आयोजित निगम के सदन में सेंट्रल जोन में सफाई व्यवस्था की स्थिति हमने उठाई थी और सेंट्रल जोन में कंसेशनेयर की नियुक्ति की मांग की थी। उस हाउस में यह बताया गया था कि कंसेशनेयर की नियुक्ति के लिए आइटम निगम की आगामी स्थायी समिति की सभा में लाया जाएगा। लेकिन बेहद खेद का विषय है कि 27 जून 2025 को स्थायी समिति की सभा हुई, लेकिन उसमें सेंट्रल जोन की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए न तो कोई कार्य योजना लाई गई और न ही कंसेशनेयर लगाने की कोई आइटम लाई गई। उन्होंने कहा कि नालों की सफाई के बाद गाद को सड़क के किनारे छोड़ दिया गया है। यह मिट्टी अब पुनः नाले में जा रही है, जिससे जल भराव हो रहा है। इसलिए सड़क पर पड़ी नालों की गाद उठाने के लिए हर पार्षद को एक टाटा 407 दी जाए ताकि जल भराव न हो सके। पार्षदों के पास टाटा 407 की सुविधा नहीं है। जहां पर 10 टिंपर थे, वहां दो रह गए हैं, जहां 15 थे, वहां तीन टिंपर रह गए हैं। जिसकी वजह से सड़कों पर कूड़ा फैला हुआ है। अंकुश नारंग ने कहा कि सेंट्रल जोन में सफाई व्यवस्था की दयनीय स्थिति के लिए वहां के स्थानीय निवासियों में अत्यंत रोष है ओर क्षेत्रीय निगम पार्षदों को उनका सामना करने में काफी कठिनाई हो रही है। जैसा कि आपको विदित है कि इस समय मानसून दिल्ली में दस्तक दे चुका है और समय-असमय कहीं भी बारिश होने लगती है जिसके फल स्वरूप सेंट्रल जोन में गन्दगी के कारण जगह-जगह जल भराव की शिकायतें मिल रही है और सेंट्रल जोन में जल-जनित बिमारियां फैलने का खतरा बढ़ता जा रहा है। इस विषय की गम्भीरता को देखते हुए दिनांक 04 जून 2025 को आप पार्षदों द्वारा महापौर कार्यालय में ज्ञापन भी दिया गया और जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की गई थी। अंकुश नारंग ने एमसीडी कमिश्नर अश्विनी कुमार जी से अनुरोध करते हुए कहा कि आप सेंट्रल जोन की चरमराती हुई सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का कार्य अपने स्तर पर देखें और कंसेशनेयर की नियुक्ति जल्द से जल्द करें। इस विषय में जल्द से जल्द उचित कार्यावाही के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित विभागों को जारी करें और सेंट्रल जोन की सफाई से संबंधित समस्या का तुरन्त समाधान करवाएं। एमसीडी कमिश्नर अश्वनी कुमार ने अंकुश नारंग को आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द सेंट्रल जोन में कूड़े की समस्या का समाधान किया जाएगा। और अगले एक महीने से डेढ महीने के अंदर निगम में आम आदमी पार्टी के अनुरोध पर कंसेशनेयर की नियुक्ति कर उसे काम पर भी लगाया जायेगा।

# श्रीशंकर चैतन्य ब्रह्मचारी का हुआ पट्टाभिषेक

## नौदिवसीय महायज्ञ और भागवत कथा का अनूठा कार्यक्रम



**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

लखनऊ। नौदिवसीय शतचंडी महायज्ञ और श्रीमद् भागवत कथा की पूर्णाहुति पर आज लाल कुआं स्थित महाकालेश्वर गुरुकुल प्रांगण में श्रीशंकर चैतन्य ब्रह्मचारी का विधिवत पट्टाभिषेक किया गया। तपोभूमि गुरुकुल वैदिक संस्कृत महाविद्यालय एवं तपोभूमि गौशाला के संस्थापक प्रमुख दंडी स्वामी श्री देवेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज ने आज अपने युवा शिष्य श्रीशंकर चैतन्य ब्रह्मचारी को पांच आश्रमों वाली अपनी धार्मिक संस्था का विधिवत उत्तराधिकारी सौंपा। उल्लेखनीय है, स्वामी देवेंद्रानंद सरस्वती धर्म सम्राट स्वामिश्री करपात्रीजी महाराज की परंपरा के वरिष्ठ शिष्य हैं। ज्ञातव्य हो, श्री स्वामीजी द्वारा लालकुआं लखनऊ में स्थापित महाकालेश्वर मन्दिर आश्रम के अलावा बांधा कानपुर रोड पर तपोभूमि गुरुकुल वैदिक संस्कृत महाविद्यालय, बिठूर कानपुर में परमात्म धाम आश्रम, फतेहपुर में शक्ति धाम आश्रम त्रिलोचनपुर इत्यादि केन्द्र सनातन संस्कृति के विस्तार तथा शिक्षण एवं गौसंवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय में प्राच्य भाषा विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर श्यामलेश के वेद मंत्रोच्चार के बीच संस्थाध्यक्ष स्वामिश्री देवेंद्रानन्द सरस्वती जी महाराज ने श्रीशंकर चैतन्य ब्रह्मचारी का शंख-जल अभिषेक किया। उन पलों में समूचा मन्दिर प्रांगण श्रद्धालुओं की तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस अवसर पर तपोभूमि गुरुकुल के प्राचार्य डॉक्टर सर्पांषि मिश्र, ट्रस्ट मण्डल प्रमुख कमल बाजपेई, ट्रस्टी ब्रह्म कुमार शुक्ल, अम्बरीष अग्रवाल, आचार्य रमाशंकर तिवारी, आचार्य सुधीर दीक्षित, आचार्य राहुल दीक्षित, नीरज त्यागी, कमल पाण्डेय आदि उपस्थित रहे। महायज्ञ की पूर्णाहुति के मौके पर भागयोदय फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं संस्थापक आचार्य राम महेश मिश्र ने भारत के तपस्वी संतों की चर्चा की और स्वामी देवेंद्रानंद सरस्वती को अद्भुत संतपुरुष बताया। उन्होंने बीती शताब्दी के सातवें दशक से अब तक की प्रगति यात्रा की चर्चा की और तपोभूमि गुरुकुल तथा तपोभूमि गौशाला के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अखिल भारतवर्षीय धर्मसंघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. सप्तर्षि मिश्र ने इस अवसर पर यज्ञ की महत्व बताई और कहा कि भारत भूमि यज्ञ भूमि है, जहां मृग स्वच्छंद विचरण करते हों और जहां प्रचुर संख्या में शमी के वृक्ष हों, ऐसी भूमि यज्ञ भूमि कहलाती है। प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए श्रद्धालुओं एवं शिष्यों को दंडी स्वामी देवेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज ने आशीर्वाद प्रदान किया। नवमनोनीत संस्था प्रमुख श्रीशंकर चैतन्य ब्रह्मचारी ने शतचंडी महायज्ञ एवं भागवत कथा में आए सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया तथा सनातन गुरु-परंपरा को श्रद्धापूर्वक नमन वंदन किया।

# राशिदा बेगम मुस्लिम महाविद्यालय की मान्यता समाप्त

**प्रात: किरण संवाददाता**

अमरोहा। राशिदा बेगम मुस्लिम महाविद्यालय की राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद नई दिल्ली (एन०सी० टी० ई० नई दिल्ली) ने मान्यता समाप्त कर दी है। एन सी टी ई नई दिल्ली ने अपनी नॉर्दर्न रिजनल कमेटी (ठफ्छ) की 442 वी मीटिंग में जो दिनांक 11 व 12 जून 2025 को राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद नई दिल्ली में आयोजित हुई। उसमें राशिदा बेगम मुस्लिम महाविद्यालय अमरोहा की मान्यता सत्र 2025- 26 से समाप्त करने के आदेश समिति द्वारा दिए गए। जिसमें कहा गया कि राशिदा बेगम मुस्लिम महाविद्यालय अमरोहा की मान्यता वर्ष 2004 में गाटा संख्या 601 क, 602 ख व 603 क, ग्राम निजामपुर गर्वी अमरोहा पर ली गई थी लेकिन संस्था ने गाटा संख्या 402, 403 व 404 की भूमि के दस्तावेज प्रस्तुत किए है संस्था ने बिना ठउळए को सूचना दिए भूमि की गाटा संख्या बदल दी जबकि गाटा संख्या 403, 404 पर तालाब स्थित है। संस्था ने 8 प्रवक्ताओं की सूची दी जो एफिलिएटिंग बॉडी से अप्रूव्ड नहीं थी और संस्था ने न ही फाइन आर्ट , परफॉर्मिंग आर्ट और शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ताओं को नियुक्त कर रखा था। और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद नई दिल्ली द्वारा संस्था के दस्तावेज मांगने पर संस्था द्वारा गाटा संख्या 601क, 602ख व 603क भूमि का कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं करवाने के कारण समिति ने निर्णय लिया कि राशिदा बेगम मुस्लिम महाविद्यालय अमरोहा की सत्र 2025-26 से मान्यता समाप्त कर दी जाए और संस्था द्वारा कोई नवीन प्रवेश नहीं लिया जाए। इस से पहले प्राविधिक शिक्षा परिषद लखनऊ, फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया नई दिल्ली व अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ ने भी मेस्को इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी अमरोहा की संबद्धता समाप्त कर चुका है और बेसिक शिक्षा विभाग अमरोहा द्वारा भी मेस्को पब्लिक स्कूल अमरोहा में नवीन प्रवेश पर रोक लगा दी गई है।और उपरोक्त संस्था के प्रबंधक/ प्रधानाचार्य व दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध नगर पालिका परिषद अमरोहा द्वारा चार सौ बीसी, फजीर्वाड़ा व कूट रचित दस्तावेजों से मान्यता/संबद्धता लेने के कारण गंभीर धाराओं में अमरोहा कोतवाली अमरोहा नगर में मुकदमा दर्ज हो चुका है।

# अजखानों में हुआ जंजीर का मातम, गमे हुसैन में लहुलूहान हुए अजादार

## इमामबाड़ा चांदसूरज से बरामद हुए हुसैनी काफिले मे शामिल हुई अमारियां

**प्रात: किरण संवाददाता**



अमरोहा। वक्ते अस्त्र कर्बला से आ रही थी ये सदा, ऐ हुसैन मरहबा, ऐ हुसैन मरहबा..शहर में आठ मोहर्रम का मातमी जुलूस अजाखाना चांद सूरज से अंजुमन-ए-तहफ्फुजे अजादारी की तदर्थ कमेटी के तत्वावधान में जुलूस बरामद किया गया। गमे हुसैन में डूबे अजादारों ने कई अजाखानों में अंजुमन अब्बासिया ने जंजीर का मातम बरपा कर खुद को लहुलूहान कर लिया। फिजा में देर रात या हुसैन-या हुसैन की सदाएं गूंजती रहीं। जिससे माहौल गमगीन बना रहा। पुरानी रिवायत के मुताबित मोहल्ला काजीजादा स्थित अजाखाना चांदसूरज से हुसैनी काफिले की शुरूआत सुबह करीब साढ़े आठ बजे हुई। सफदर रजा व हमनवा ने मरसिया..जब चले यसरिब से सिब्ते मुस्तफा सूए ईराक पढ़ा। जुलूस और दिन के जुलूसों से जुदा था। सबसे आगे ऊंटों का काफिला था। जनाबे जैनब, उम्मे कुलसूम और उनके परिवार के लोगों कि दस ऊंटों पर शबिहे आमारी सजी हुई थी। ये दस अमारियां रिवायेति है इसके बाद रौशन चौकियां और अराईश थी। पीछे हुसैनी बाजे के साथ लगभग पचास जोड़ी कमनटे के अलम चल रहे थे। बता दें कि सात मोहर्रम को इमाम हुसैन के काफिले पर कर्बला में पानी बंद कर दिया गया था। बच्चे भूखे और प्यासे थे, लेकिन उन्होंने यजीद की बेअत कुबूल नहीं की और अपनी शहादत देकर इस्लाम को जिंदा कर दिया। इसी मंजर को याद कर जुलूस में शामिल अजादार या हुसैन या हुसैन की सदाएं बुलंद करते हुए चल रहे थे। जुलूस में अलमों की तादाद काफी थी, जो आज के जुलूस की रिवायत का हिस्सा है। इस हुसैनी काफिले के अजाखाना दानिशमंदान पहुंचने पर अजादारों ने जंजीर का मातम कर खुद लहुलूहान कर लिया। इसके बाद जुलूस के दौरान अजाखाना बगला, शफातपोता, गुजरी, दरबारे कलां, सट्टी व हक्कानी में जंजीरो से मातम बरपा किया। जुलूस अपने तयशुदा रास्तों से गुजरते हुए देर शाम अजाखाना चांदसूरज पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में शामिल अजादारों के लिए कई स्थानों पर सबील व चाय का एहतमाम किया गया। उवैस मुस्तफा रिजवी ने 62 वर्षो से चली आ रही आली जान मंज़िल मे भाई चारे कि मिसाल को जिंदा रखते हुए अजादारों के लिए चाय का इंतेजाम किया। खैमाये अब्बास मे मास्टर गुलजार ने भी अकीदत का इजहार करते हुए सभी अजादारों का खेर मकदम किया।और भाजपा नेता अतुल कुमार जैन भी गमे हुसैन में शरीक हुए। आज के इस रिवायती जुलूस के मौ मुल्लाना जामा मस्जिद के चौराहे पर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने जुलूस को देखा।अंजुमन तहफ्फुजे अजादारी के जुलूस में जिलाधिकारी अमरोहा द्वारा जुलूस अजा के लिए नामित अंजुमन तहफ्फुजे अजादारी की तदर्थ समिति के सदस्य लियाकत अली, बाकर रजा, नदीम नकवी, शेजाद रजा, कासिम जैदी ने पुलिस प्रशासन का बेहतर व्यवस्था के लिए धन्यवाद अदा किया और कहा कि एक बार फिर से अमरोहा ने एकता की मिसाल पेश की है। अजादारी में सभी धर्मो के लोग शामिल रहे हैं। इसी का नाम अमरोहा है। जुलूस का संचालन अंजुमन रजाकाराने हुसैनी ने किया। रजाकारान काईद गुलाम सज्जाद, नयाब काईद इमदाद आब्दी, जनरल सेक्रेटरी खुर्शीद हैदर जैदी,मौ तकी,डॉ. चन्दन नकवी, वसीम जैदी, मौलाना वसीम, मोहम्मद हैदर, गालिब हुसैनी, शाने मुज्तबा, हुसैनी,कमर रजा सलीम,जाफर रजा, काशिफ जैदी आदि ने किया। उधर, देर रात तक अजाखानों में मजलिसों का दौर चला। उलेमाओं ने वाक्या-ए-कर्बला बयां किया। जिसे सुनकर अजादारों की आंखे नम हो गई।

# जैकलीन ने ईडी पर लगाया पिक एंड चूज का आरोप, याचिका खारिज

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

नई दिल्ली, । दिल्ली हाईकोर्ट ने बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस के ईडी पर लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति अनीश दयाल ने अपने 95 पेज के फैसले में कहा कि जैकलीन का यह तर्क कि ईडी ने अन्य समान स्थिति वाले अभिनेताओं–निक्की तंबोली, चाहत खन्ना और सोफिया सिंह के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। यह सभी आरोपी भी चंद्रशेखर से उपहार प्राप्त कर चुके थे। अदालत ने कहा, इस तर्क को प्राथमिकी रद्द करने के लिए स्वीकार नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा, यह मुद्दा कि जांच एजेंसी ने चुनिंदा नीति अपनाई या अन्य के खिलाफ कार्रवाई नहीं की, इस कोर्ट के विचाराधीन नहीं है। याचिकाकर्ता उचित समय पर यह मुद्दा उठाने के लिए स्वतंत्र हैं। जैकलीन ने अपनी याचिका में दावा किया कि अन्य अभिनेताओं ने भी तिहाड़ जेल में बंद चंद्रशेखर से मुलाकात की और उपहार प्राप्त किए। उन्होंने यह भी कहा कि अभिनेत्री नोरा फतेही के रिश्तेदार को चंद्रशेखर से लग्जरी कार मिली थी। इसके बावजूद, ईडी ने इन व्यक्तियों को आरोपी नहीं बनाया। जैकलीन ने इसे भेदभावपूर्ण व्यवहार बताते हुए प्राथमिकी रद्द करने की मांग की थी। ईडी के वकील ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि जैकलीन ने चंद्रशेखर से 7.12 करोड़ रुपये के उपहार और उनकी बहन को श्रीलंका में 1.12 करोड़ रुपये के उपहार प्राप्त करने के आरोपों का खंडन नहीं किया। कोर्ट ने जैकलीन के तर्कों का हवाला देते हुए कहा, वे पीएमएलए मामलों में जमानत देने से संबंधित थे, न कि प्राथमिकी रद्द करने से। कोर्ट ने स्पष्ट किया, समानता का मुद्दा जमानत देते समय विचार किया जा सकता है, लेकिन इसे प्राथमिकी रद्द करने के लिए लागू नहीं किया जा सकता।

# कांग्रेस ने गुरचरण सिंह राजू को छह साल के लिए निष्कासित किया

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

नई दिल्ली, । दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने वरिष्ठ नेता गुरचरण सिंह राजू को पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने के बाद तत्काल प्रभाव से छह साल के लिए सभी पदों से निष्कासित कर दिया। यह फैसला शुक्रवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति की बैठक में लिया गया। प्रदेश कार्यालय में अनुशासन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र नाथ की अध्यक्षता में हुई समिति की बैठक में सदस्य शोएब दानिश, वरयाम कौर, ओनिका मेहरोत्रा और अश्विनी धवन ने विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से कृष्णा नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुरचरण सिंह राजू को निष्कासित करने का फैसला किया। गुरचरण सिंह राजू को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संविधान के अनुच्छेद 19(सी)4 के तहत अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने के बाद छह सालों के लिए सभी पदों से निष्कासित करना का फैसला लिया गया

# पनीर, मिश्रित दूध, पामोलीन ऑयल एवं मिल्क पाउडर, मिल्क क्रीम के नमूने लिये गये

**प्रात: किरण संवाददाता**



अमरोहा। सहायक आयुक्त खाद्य खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विनय कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि श्रावण मास में कॉवर यात्रा एवं शिवरात्रि के पर्व के अवसर पर आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ0प्र0 लखनऊ एवं जिलाधिकारी अमरोहा से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में सहायक आयुक्त(खाद्य)-द्वितीय विनय कुमार के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल एवं थाना पुलिस बल थाना-गजरौला के साथ संयुक्त टीम के द्वारा मौहल्ला चमन बाग, धनौरा रोड, फाजलपुर फाटक के निकट गजरौला स्थित इरफान पुत्र यूसुफ निवासी मौहरका पट्टी, थाना-गजरौला, जनपद-अमरोहा की पनीर निर्माण इकाई पर छापामार कर पनीर, मिश्रित दूध, पामोलीन ऑयल एवं मिल्क पाउडर, मिल्क क्रीम के नमूने लिये गये। दूध में मक्खी मच्छर पाये जाने एवं सफाई व्यवस्था ठीक न होने पर खाद्य कारोबारकर्ता को चेतावनी दी गयी एवं 500 लीटर भण्डारित दूध को मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। 50 कि0ग्रा0 पनीर, 11 लीटर रिफाइण्ड पामोलीन ऑयल, लगभग 12 कि0ग्रा0 क्रीम, मिल्क पाउडर लगभग 05 कि0ग्रा0 मौके पर भण्डारित पायी गयी। पनीर निमार्ता इरफान के द्वारा रिफाइण्ड पॉमोलीन तेल एवं मिल्क पाउडर से दूध में मिलावट कर पनीर निर्माण किये जाने की स्वीकारोक्ति की गयी। काफी गन्दगी में पनीर निर्माण का कार्य होने एवं दूध में मक्खी मच्छर पडे होने के कारण दूध एवं पनीर को मौके पर ही नष्ट करा दिया गया भण्डारित अपमिश्रकों रिफाइण्ड पॉमोलीन तेल, मिल्क पाउडर को भी मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। नष्ट कराये गये खाद्य पदार्थों की कीमत लगभग 50,000 रुपए है। टीम के द्वारा दूध, पनीर, मिल्क क्रीम, रिफाइण्ड पॉमोलीन तेल, दूध पाउडर के कुल 05 नमूने मौके पर सील कर प्रयोगशाला प्रेषित किये गये हैं। पूर्व में पनीर एवं दूध के नमूनों को मानक के अनुरूप न पाये जाने पर सम्बन्धित विक्रेताओं एवं निमार्ताओं के विरूद्ध न्याय निर्णयक अधिकारी अमरोहा के न्यायालय में 12 वाद दायर किये गयें। सभी प्रकरण में पनीर निमार्ता एवं दूध डेरी मालिकों के विरूद्ध कुल 12 मुकदमें मा0 न्यायालय अपर जिलाधिकारी अमरोहा में दायर कर दिये गये हैं। अवमानक खाद्य पदार्थ निर्माण अथवा विक्रय किये जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत 5 लाख रुपए तक अर्थदण्ड का प्राविधान है। दूध अथवा दुग्ध पदार्थो में विजातीय वसा या कोई अपमिश्रक हानिकारक पदार्थ की मिलावट पाये जाने पर अर्थदण्ड के साथ-साथ कारावास की सजा का भी प्राविधान है। सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय ने बताया कि कॉवर यात्रा के दृष्टिगत कॉवर मार्ग में पडने वाले रेस्टोरेन्ट एवं होटलों की विशेष चैकिंग किये जाने हेतु अभियान चलाये जाने का निर्देश दिये गये हैं, तथा दूध एवं दुग्ध पदार्थो में मिलावट पर विशेष रोकथाम हेतु कार्यवाही जारी रहेगी।

# भाजपा सरकार को पेड़ों की कटाई पर कांग्रेस ने घेरा




नई दिल्ली, । प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने राजधानी में पेड़ों की कटाई को लेकर शुक्रवार को भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि एक ओर दिल्ली में बेहिसाब पेड़ काटे जा रहे हैं, वहीं मुख्यमंत्री एक पेड़ मां के नाम 2.0 और पौधरोपण अभियान का केवल दिखावा कर रही हैं। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के लिए 887 पेड़, मौलाना आजाद रोड पर 476 पेड़ और नेताजी नगर पैकेज-5 में 501 पेड़ काटने की अनुमति दी जा चुकी है। प्रधानमंत्री आवास के पास अफसरों के लिए इमारतें बन रही हैं, जबकि झुग्गीवासियों को हटाया जा रहा है। प्रदूषण पर आम जनता को तो पाबंदियों में जकड़ा गया है, लेकिन सरकार खुद हरियाली को उजाड़ने में लगी है। केजरीवाल सरकार के दौरान 2019 से 2021 के बीच हर घंटे पांच पेड़ काटे गए थे। कांग्रेस की मांग है कि दिल्ली में ट्री सेंसस अनिवार्य किया जाए, पर्यावरणीय प्रभाव का स्वतंत्र ऑडिट हो और जब तक ये प्रक्रियाएं लागू न हों किसी को भी पेड़ काटने नहीं दिया जाए।

# मधु विहार वार्ड में बहुप्रतीक्षित डीप सीवर सिस्टम का कार्य डेढ़ महीने में होगा पूर्ण, सोलंकी ने सौंपा ज्ञापन



नई दिल्ली, । द्वारका सेक्टर-3 स्थित मधु विहार वार्ड के सातों ब्लॉकों में वर्षों से लंबित डीप सीवर सिस्टम का कार्य आगामी डेढ़ महीने में पूर्ण किया जाएगा। यह जानकारी अधीक्षण अभियंता, दिल्ली जल बोर्ड द्वारा दी गई है। जनहित में कार्यरत फेडरेशन ऑफ साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट वेलफेयर फोरम के चेयरमैन एवं मधु विहार आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष रणबीर सिंह सोलंकी ने आज अधीक्षण अभियंता कार्यालय (वार्ड संख्या 20, द्वारका, नई दिल्ली) को एक ज्ञापन सौंपते हुए सीवर व्यवस्था की दुर्दशा और जनसमस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। ज्ञात हो कि जनता की लगातार मांग पर दिसंबर 2022 में डीप सीवर सिस्टम के लिए टेंडर जारी हुआ था और कार्य की समय सीमा मात्र 45 दिन तय की गई थी। किंतु, ठेकेदारों की लापरवाही, तकनीकी खामियों और कार्य में अपनाई गई अनियमितताओं के कारण परियोजना अभी तक अधूरी है। निर्माण कार्य के दौरान कई दुर्घटनाएं भी सामने आईं, और अंततः संबंधित ठेकेदार ने कार्य अधूरा छोड़ दिया। रणबीर सिंह सोलंकी ने अपने ज्ञापन में सीवर व्यवस्था की गंभीर स्थिति का उल्लेख करते हुए दस मांगों की सूची सौंपी, जिनके शीघ्र समाधान से स्थानीय निवासियों को राहत मिल सकती है। इस पर संज्ञान लेते हुए अधीक्षण अभियंता ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि डीप सीवर सिस्टम के पूर्ण होने तक मौजूदा सीवर नेटवर्क का समुचित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि अब तक डीप सीवर प्रणाली के तहत 10 पाइप डाले जा चुके हैं, जबकि 6 पाइप एवं 2 पिट का निर्माण कार्य शेष है, जिसे आगामी डेढ़ महीने में पूरा कर लिए जाने का अनुमान है। साथ ही, अधीक्षण अभियंता ने यह भी सुनिश्चित किया कि कार्य की प्रगति पर सतत निगरानी रखी जाएगी तथा जनसुविधा को प्राथमिकता दी जाएगी।

# अखिल भारत हिन्दू महासभा गुरु पूर्णिमा महोत्सव 10 तारीख को मनायेगा , तैयारी अभी से शुरू- महंत श्री विजय कृष्ण पांडेय




अखिल भारत हिन्दू महासभा के वरिष्ठ मीडिया प्रभारी श्री संतोष मिश्रा जी ने बताया कि गूगल मीटिंग प्रदेश अध्यक्ष महंत श्री विजय कृष्ण पांडेय जी के अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें गुरु पूर्णिमा महोत्सव की तैयारी और गुरु शिष्य के रिश्तों के बारें में सभी को महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में जानकारी दी और सभी सम्मानित पदाधिकारियों को अपने अपने दायित्व की जिम्मेदारी को सही से निभाने की बात कही। सभी सम्मानित सदस्यों एवं पदाधिकारियों को बहुत ही हर्ष के साथ सूचित किया कि 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा है इस दिन हम सभी मिलकर अपने गुरु ,आराध्य,हिंदू हृदय सम्राट परम-पूज्य स्वामी श्री चक्रपाणि महाराज जी का भव्यता से पूजन और स्वागत करेंगे और उनसे आशीर्वाद प्राप्त करेंगे, गुरु को देने के लिए आप सभी अपने स्वेक्षा से जो भी भेंट देना चाहते है अपने स्वेक्षा के अनुसार भेंट ला सकते हैं । यह कार्यक्रम अखिल भारत हिन्दू महासभा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष महंत श्री विजय कृष्ण पांडेय जी के निर्देशानुसार किया जाएगा, जिसके कार्यक्रम संयोजक अध्यक्ष महंत श्री विजय कृष्ण पांडेय जी होंगेऔर कार्यक्रम की अध्यक्षता भी करेंगे , जिसमे जिसमें दिल्ली प्रदेश के साथ साथ अन्य प्रदेश से अखिल भारत हिन्दू महासभा के पदाधिकारी सम्मानित सदस्य उपस्थित होंगे। यह गुरु महोत्सव के द्वारा पूरे देश में दिल्ली प्रदेश का संदेश राष्ट्रीय अस्तर पर जाएगा। इसलिए आप सभी से निवेदन है कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव को शानदार तरीके से पूर्ण हो इसके लिए आप सभी अपने सामर्थ्य के हिसाब से तन मन धन से सहयोग करें , जिससे कि दिल्ली प्रदेश का यह कार्यक्रम पूरे देश में एक अग्रणी छाप छोड़े। प्रदेश अध्यक्ष महंत श्री विजय कृष्ण पांडेय जी ने सभी सनातनियों को एकजुट होकर कार्य करने की सलाह दी और संगठन का विस्तार करने के लिए सदस्यता अभियान के तहत सभी हिन्दू भाइयों को एकत्र करने और अखिल भारत हिन्दू महासभा का नारा - जाति पाति की करो बिदाई हिन्दू हिन्दू भाई भाई , के तहत सभी को संगठित करने की प्रेरणा दी। अखिल भारत हिन्दू महासभा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष महंत श्री विजय कृष्ण पांडेय जी ने कहा कि मनुष्य का बड़ा होना अच्छी बात है., लेकिन उसके व्यक्तित्व में गहराई और विचारों में शुद्धता भी होनी चाहिए, तभी वह महान बनता है। जब रिश्ता नया होता है तो लोग बात करने का बहाना ढुंढ़ते है,और जब वही रिश्ता पुराना हो जाता है, तो लोग दूर होने का बहाना ढूढ़ते है। बहुत किस्मत वाले होते है वे लोग जिन्हें समय और समझ एक साथ मिलती है, क्योंकि अक्सर समय पर समझ नहीं आती,जब समझ आती है तो समय हाथ से निकल जाता है। यदि मनुष्य के भीतर दूसरों के प्रति प्रेम नहीं है, तो वह पूर्ण मनुष्य नहीं बन सकता, क्योंकि प्रेम ही मनुष्य को वास्तव में ह्लमनुष्यह्न बनाता है। यदि हम किसी को नमस्कार इस अपेक्षा से करते हैं कि वह भी हमें नमस्कार करेगा, तो वह नमस्कार केवल दिखावा है।

# दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

नई दिल्ली, । दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक और बड़ी सफलता हासिल करते हुए 2015 के रेप मामले में दोषी करार दिए गए और 10 साल की सजा भुगत रहा एक पैरोल जम्पर आदित्य कुमार को गिरफ्तार कर लिया है, जो पिछले दो महीनों से फरार चल रहा था और लगातार जगह बदलकर पुलिस से बचने की कोशिश कर रहा था। क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने बताया कि पैरोल जंपर्स और फरार दोषियों की तलाश के लिए क्राइम ब्रांच की टीम को लगाया गया था। इंस्पेक्टर मनीत मलिक के नेतृत्व में टीम ने ऑपरेशन शुरू किया। इस बीच क्राइम ब्रांच की टीम को गुप्त सूचना मिली कि आरोपित रमेश नगरझक्षेत्र में छिपा हुआ है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने दबिश के बाद बी-ब्लॉक, रमेश नगर स्थित एक इमारत की पहली मंजिल से आरोपित को दबोचा। डीसीपी के अनुसार जांच में पता चला है कि आरोपित 23 जनवरी 2015 को पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में पीड़िता को नशीला पदार्थ खिलाकर बलात्कार की वारदात को अंजाम दिया था। इस पर थाना शकरपुर में मामला दर्ज हुआ था। पुलिस जांच में आरोपित की पहचान आदित्य कुमार के रूप में हुई थी। 19 जनवरी 2024 को कोर्ट ने उसे दोषी ठहराते हुए 10 वर्षों की सजा सुनाई थी। वह न्यायिक हिरासत में था, लेकिन 06 मार्च 2025 को चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत मिल गई। जमानत की शर्तों के अनुसार, उसे 05 मई 2025 को मंडोली जे में आत्मसमर्पण करना था। लेकिन वह फरार हो गया। पुलिस के अनुसार तब से आरोपित फरार चल रहा था।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शनिवार, 05 जुलाई, 2025 

# डीएम ने जनता दरबार में फरियादियों से किया सीधा संवाद

प्रात: किरण संवाददाता




जमुई जिलाधिकारी श्री नवीन ने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में शुक्रवार 04 जुलाई को जनता दरबार का आयोजन कर पीड़ित लोगों की गंभीरता से व्यथा सुनी। उन्होंने मौके पर कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया साथ ही कुछ प्रकरणों को इससे जुड़े विभाग को अग्रसारित कर विधि सम्मत कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया। जिले के दूर-दराज से आए लोग जनता दरबार में अपनी बात रखकर संतुष्ट दिखे। वहीं उन्होंने जनता दरबार में भूमि विवाद , अतिक्रमण , दाखिल खारिज , रैयति भूमि का निबंधन , अनुग्रह अनुदान , खतियान , दखल-कब्जा , जमीन की नापी , प्रधानमंत्री आवास योजना , विकलांग पेंशन , चयन प्रक्रिया , जमाबंदी , सेवान्त लाभ , सामाजिक सुरक्षा से लाभ , अनुज्ञप्ति रद्द , अनुकम्पा नियुक्ति , राशि-गबन , रास्ता अवरुद्ध , मार-पीट , बासगीत पर्चा , पक्की नली गली , आंगनवाड़ी , गैर मजरूआ विवाद समेत अन्य मामले आये। उन्होंने तमाम प्रकरणों को गंभीरता से लिया और इस पर यथोचित कार्रवाई किए जाने की बात कही। जिलाधिकारी महोदय ने इस अवसर पर कहा कि जनता की व्यथा को दूर करना जिला प्रशासन का मुख्य मकसद है। सरकार द्वारा संचालित जनपयोगी राज्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ कमजोर वर्गों को मिले इसके लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। जनता इन योजनाओं का लाभ उठाएं और सरकार की सोच को साकार करने में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को गति देने में शिथिलता और अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए अधिकारियों को निष्ठा एवं आपसी समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में रामदुलार राम, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, विरेन्द्र कुमार ,जिला पंचायती राज पदाधिकारी,मो०इरफान आलम, जिला परिवहन पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी जमुई, सहायक निदेशक सामाजिक, सुरक्षा कोषांग, श्रम अधीक्षक जमुई, विद्युत विभाग के पदाधिकारी समेत कई विभागीय पदाधिकारी मौके पर उपस्थित थे।

# मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों का भौतिक निरीक्षण जिला पदाधिकारी ने किया, दिए अवश्यक निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, मुंगेर के द्वारा गुरुवार को सदर प्रखण्ड के मय पंचायत में मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों का भौतिक निरीक्षण किया । मुंगेर जिले के मतदाताओं से जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-जिलाधिकारी, मुंगेर ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में अपेक्षित सहयोग करने की अपील की। उन्होंने सभी मतदाताओं से कहा कि यह कार्य आपलोगों के हितार्थ ही किया जा रहा है, इस लिए इसमें आपका सहयोग अत्यंत ही अपेक्षित है। जिला पदाधिकारी ने उपस्थित अंचलाधिकारी, बीएलओ और सुपरवाइजर को स्पष्ट निर्देश दिया कि घर-घर जाकर योग्य नागरिकों को मतदाता सूची में जोड़ना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक योग्य नागरिक के पास जाए और मतदाता सूची उनका नाम दर्ज करने के लिए मार्गदर्शन दें एवं गणना प्रपत्र भरकर जमा करना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सभी मतदाताओं के घरों में जाएं और सभी योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाना सुनिश्चित करें। स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि प्रपत्र वितरण एवं अपलोड करने में लापरवाही पर अनुशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मुंगेर जिले के सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में अपना पूर्ण सहयोग दें। गणना प्रपत्र भर कर संबंधित बीएलओ के पास जमा करावें।

# भारतीय संस्कृति में पर्यावरण का बहुआयामी महत्व

## प्रकृति संवेदनशील और विनाशकारी दोनों है, अत: प्रकृति को प्रदूषण से बचाना हमारा दायित्व है

प्रात: किरण संवाददाता




जमुई:-मुंगेर विश्वविद्यालय मुंगेर के निदेर्शानुसार वन महोत्सव (1-7) के अवसर पर केकेएम कॉलेज स्थित नेशनल सर्विस स्कीम (एनएसएस) के तत्वाधान में वृक्षारोपण किया गया और भारतीय संस्कृति में पर्यावरण और वृक्षारोपण के महत्व पर एक लघु गोष्ठी की गई, जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. अनिंदो सुंदर पोले ने की। मौके पर उपस्थित प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ मनोज कुमार ने कहा कि वृक्षारोपण पर्यावरण और मानव के लिए अति आवश्यक है। भारतीय संस्कृति में पर्यावरण और वृक्षारोपण का बहुआयामी महत्व है। कहते हैं कि एक वृक्ष 10 पुत्रों के बराबर होता है। पीपल का पेड़ 24 घंटे आक्सीजन प्रदान करता है। इसीलिए हर व्यक्ति को मां के नाम एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। नेशनल सर्विस स्कीम के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ अनिंदो सुंदर पोले ने कहा कि वृक्षारोपण मानव का पुण्य कर्तव्य है। परिसर में वृक्ष दो उद्देश्य को लेकर लगाए जाते हैं- प्रथम परिसर को सुंदर बनाना और दूसरा परिसर को प्रदूषण मुक्त रखना। वृक्ष विषैली गैसों को भी सोखने का काम करती है। पर्यावरण और प्रकृति की सुरक्षा के लिए वृक्ष लगाना जरूरी है। प्रकृति संवेदनशील और विनाशकारी दोनों है। इसलिए प्रकृति को प्रदूषण से बचाना हमारा मूलभूत कर्तव्य है। अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. गौरी शंकर पासवान ने कहा कि वन प्रकृति की अमूल देन है। भारतीय संस्कृति मूलतः अरण्यक संस्कृति रही है। प्रकृति की आराधना और पर्यावरण संरक्षण करना पुराना चिंतन है। उन्होंने कहा कि रामायण काल में भगवान राम को दंड स्वरूप वनवास नहीं हुआ था, बल्कि श्री राम ने ऋषि मुनियों पर्यावरण और आरण्यक संस्कृति की रक्षण के लिए वनवासी जीवन बिताया था। मां के नाम एक वृक्ष हर व्यक्ति को लगाना परम धर्म है। व्यक्ति को पांच एफ (I) वाले वृक्ष लगाने चाहिए, जिससे मानव की सारी आवश्यकताए पूरी हो सके. जैसे फूड, फूडर ,फ्यूल, फाइबर व फर्टिलाइजर. वनों का विनाश मानव प्रतिदिन अपनी आवश्यकताओं के लिए कर रहा है। एक अनुमान के अनुसार विश्व में प्रति वर्ष 15 अरब पेड़ काटे जाते हैं, जबकि सिर्फ पांच अरब ही पेड़ लगाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि आबादी गरीबी को जन्म देती है और गरीबी भूखंडों और प्रदूषण को जन्म देती है। मौके पर उपस्थित प्रो.डीके गोयल, प्रो सरदार राम, प्रो. रण विजय सिंह, डॉ दीपक कुमार, डॉ सत्यार्थ प्रकाश, प्रोफेसर कैलाश पंडित, डॉ श्वेता कुमारी, डॉ रश्मि, डॉ. लिसा, डॉ अजीत कुमार भारती आदि ने कहा कि 33% भूमि पर वन का होना आवश्यक है। जबकि भारत में 21.7% भूमि ही वनों से अक्छादित हैं। पर्यावरण प्रदूषण योजनाएं और नीतियां बनाने से नहीं रोका जा सकता, केवल नियंत्रित या कम किया जा सकता है। इसके लिए आम आदमी को प्रभावी भूमिका निभानी होगी। कॉलेज परिसर में शिक्षक, शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं के द्वारा मां के नाम एक वृक्ष के तहत छायादार और फलदार पेड़ (जैसे कटहल, आम, नीम, पीपल और जामुन) लगाए गए। मौके पर काफी संख्या में कॉलेज कर्मी रवीश कुमार सिंह, सुशील कुमार तथा अनेक छात्र और छात्राएं उपस्थित थे।

# खुलेआम युवक का गोली चलाते वीडियो हुआ वायरल

## जमीन विवाद को लेकर लाठी-डंडे और गोलीबारी, दो लोग जख्मी, एक गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता



सहरसा सोनवर्षा राज थाना क्षेत्र के खजुरहा पंचायत अंतर्गत भंवरा गांव के पश्चिम बहियार में गुरुवार को दो पक्षों के बीच जमीन विवाद को लेकर हुई हिंसक झड़प में गोलीबारी भी हुई। इस घटना में दो लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सहरसा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भंवरा गांव निवासी कमलेश्वरी यादव और पतरघट थाना क्षेत्र के गोलमा पंचायत अंतर्गत मोती पोखर गांव निवासी अमित यादव के बीच दो बीघा जमीन को लेकर महीनों से विवाद चल रहा था। गुरुवार को अमित यादव, श्यामल यादव, सहित अन्य लोग विवादित जमीन पर जबरन जुताई कर रहे थे। इसकी सूचना मिलते ही कमलेश्वरी यादव और उनके परिजन मौके पर पहुंचकर विरोध जताया, जिस पर आरोपितों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में सुमित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, झड़प के दौरान चलाई गई गोली कमलेश्वरी यादव के सिर को छूते हुए निकल गई, जिससे वे बाल-बाल बचे। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। जो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दो लोगों के हाथ में हथियार दिख रहे हैं और एक युवक को गोली चलाते हुए भी देखा जा सकता है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर मारपीट और गोलीबारी की घटना हुई है। मामले में मोती पोखर गांव निवासी अमित कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरियारपुर के प्रांगण मे सभी धार्ती महिलाओं को एक किट किया प्रदान



प्रात: किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर)। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरियारपुर के प्रांगण में सभी धार्ती महिलाओं को बिदाई के समय घर वापसी के क्रम मे एक किट प्रदान किया गया।इस अबसर पर चिकित्सा पदाधिकारी डा अनील कुमार सिन्हा ने कहा महिलाओं को बच्चे के जन्म के समय होने बाले शारिरिक क्षतिपुर्ती भरपाई करने के लिए यह रोगियों को भरपाई करने के कार्य करेंगे बताया गया बिधि को हर रोगियों को समय समय पर रोगी के सहयोगियों द्वारा तैयार कर भोजन के रुप मे दिया जायेगा । जिससे रोगीयों को प्रशव काल मे होने वाले क्षतिपुर्ती को कम करने का कार्य करेंगे।

# आगामी बुधवार को विधिज्ञ संघ का आम सभा बुलाया गया है: अध्यक्ष

मुंगेर । विधिज्ञ संघ खड़गपुर के अध्यक्ष मनोरंजन प्रसाद सिन्हा ने आम सभा की सूचना देकर विधिज्ञ संघ के सभी अधिवक्ताओं को आम सभा की इस बैठक में उपस्थित रहने को कहा है ।उन्होंने अपने प्रेस बयान में कहा है कि विधिज्ञ संघ खड़गपुर का द्विवार्षिक चुनाव 2025- 2017 संपन्न हो चुका है और संघ का कार्य सुचारू तरीके से संचालन करने हेतु आगामी 9 जुलाई 2025 बुधवार को अपराह्न 12:00 बजे से एक आम सभा की बैठक बुलाया गया है उन्होंने बताया है कि पूर्व के महासचिव के द्वारा वर्तमान निर्वाचित महासचिव को कार्या भार नहीं सोंपा गया है इस वजह से विधिज्ञ संघ का दैनिक कामकाज का निष्पादन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है श्री सिन्हा ने कहा कि प्रभार देने के संबंध में पूर्व के महासचिव को कई बार सूचना और मौखिक कहा गया है लेकिन पूर्व के महासचिव ने वर्तमान महासचिव को अब तक प्रभार नहीं दिया है।

# आम जनता के लिए अद्यतन मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए दो सुविधा उपलब्ध हैं: निर्वाचन पदाधिकारी



प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- ज़िलाधिकारी मुंगेर अरविंद कुमार वर्मा के सघन मॉनिटरिंग में मुंगेर जिले के सभी विधान सभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के सत्यापन हेतू विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है ।कार्यों के दौरान मतदाताओं की जानकारी एवं सुविधा हेतु सभी मतदाताओं के लिए इस पुनरीक्षण अंतर्गत अपना नाम अद्यतन मतदाता सूची में जोड़ने हेतु दो सुविधाएं उपलब्ध है। इस पोर्टल पर मतदाता स्वयं अपना फॉर्म आवश्यक दस्तावेजों के साथ कर सकते हैं।

2. सुविधा - इस प्रक्रिया में इछड घर-घर जाकर फॉर्म का वितरण कर रहे हैं तथा सभी मतदाताओं से आवश्यक दस्तावेजों के साथ भरे हुए फॉर्म का संग्रहण भी कर रहे हैं। साथ ही सभी ग्राम पंचायत, नगर निकाय के वार्ड एवं अनुमंडल स्तर पर *सहायता केंद्र* संचालित किए गए हैं। सभी मतदाता आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना भरा हुआ फॉर्म सहायता केंद्र पर जमा कर सकते हैं एवं अन्य आवश्यक सूचना सहायता केंद्र से प्राप्त कर सकते हैं।

# स्ट्रीट लाइट की रौशनी से जगमग करने लगी रायभीर पंचायत की चौक चौराहे



प्रात: किरण संवाददाता

शंकरपुर (मधेपुरा) शंकरपुर प्रखंड के रायभीर पंचायत की मुख्य सड़कें स्ट्रीट लाइट से जगमग करने लगी है। रायभीर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह भाजपा प्रखंड अध्यक्ष प्रभाष चौपाल ने जानकारी देते हुए बताया की पंचायत के वार्ड नंबर 5, 6, 7, 8 एवं 9 के वार्ड में स्ट्रीट लाइट लगाया गया है, पंचायत के बाकी अन्य वार्ड में भी लगाने की प्रक्रिया चल रही हैं, मालूम हो कि रायभीर पंचायत में कुल 17 वार्ड हैं, जिसमें प्रत्येक वार्ड में दस स्ट्रीट लाइट लगाया जाएगा, इसकी भी सारी तैयारी पूरी कर ली गई है, जिससे पंचायत के सभी वार्डो की गलियों भी स्ट्रीट लाइट की रौशनी से जगमग करेगी, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि सरकार एक वार्ड में मात्र दस लाइट वह भी जरूरतमंद स्थानों में लगाने की अनुमति दी है, लेकिन वार्ड के क्षेत्रफल से देखा जाए तो उसकी दूरी अधिक रहने से सभी जगहों पर पूरा नहीं हो पाता है जिस कारण से मुखिया के प्रति लोगों का रिएक्शन अलग ही होता हैं, उन्होंने कहा कि सरकार को कम से कम एक वार्डो के लिए 20 स्ट्रीट लाइट लगाने की अनुमति देना चाहिए था जिससे पंचायत के सभी जरूरतमंद जगह पर स्ट्रीट लाइट पूरा हो जाता। उन्होंने आगे बताया की पंचायत को अगर क्षेत्रफल की दूरी से देखा जाए तो लगभग चार से पांच किलो मीटर के आसपास होगा, जिसमें कई ऐसे महत्वपूर्ण जगह हैं जहां लाइट की जरूरत है।

# रेलवे सुरक्षा बल की बड़ी कार्रवाई, बंद फाटक के भीतर ई-रिक्शा खड़ा करने पर दो चालक गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता




सहरसा में रेलवे ट्रैफिक की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बार फिर रेलवे सुरक्षा बल ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। शुक्रवार को इंस्पेक्टर धनंजय कुमार के नेतृत्व में एक विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें रेलवे फाटक संख्या 31 के दोनों ओर बंद बूम के अंदर अनधिकृत रूप से घुसे ई-रिक्शा चालकों को मौके से गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक संतोष कुमार सुमन, उप निरीक्षक सुजीत कुमार मिश्रा सहित आर पी एफ के अन्य बल सदस्य शामिल रहे। जानकारी के अनुसार, सहरसा स्टेशन से आगे गेट संख्या 31 पर अक्सर देखा जाता है कि बंद फाटक के बावजूद कई ई-रिक्शा चालक लापरवाही बरतते हुए रेलवे ट्रैक के करीब आकर अपनी गाड़ी खड़ी कर देते हैं। यह न सिर्फ रेलवे कानून का उल्लंघन है बल्कि यात्रियों और चालकों की जान को जोखिम में डालने जैसा कृत्य भी है। इसी संदर्भ में रेलवे सुरक्षा बल को लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इस पर कार्रवाई करते हुए विशेष रूप से निगरानी रखी गई और जब गेट बंद था, उसी दौरान दो ई-रिक्शा चालकों को बूम के भीतर खड़े देखा गया। इन्हें मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। चालकों की पहचान मोहम्मद शमशाद आलम, उम्र 30 वर्ष, पिता मोहम्मद बाली अहमद, जो पुरब बाजार, वार्ड संख्या 31, थाना सदर, जिला सहरसा का निवासी बताया गया वही दूसरा मोहम्मद सोनू, उम्र 25 वर्ष, पिता मोहम्मद रिजवान खान जो दुमरैल, वार्ड संख्या 26, थाना सदर, जिला सहरसा का निवासी बताया गया है। इन दोनों आरोपियों के खिलाफ रेलवे एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और उन्हें माननीय रेलवे न्यायालय में पेश किया गया। रेलवे फाटकों पर लगातार हो रही लापरवाही, खासकर बूम के भीतर वाहनों का प्रवेश, रेलवे ट्रैफिक कंट्रोल और ट्रेनों की आवाजाही में गंभीर बाधा उत्पन्न करता है। साथ ही किसी भी क्षण बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसे में आर पी एफ की यह कार्रवाई रेलवे सुरक्षा मानकों को लागू करने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है। रेलवे सुरक्षा बल, सहरसा ने आम जनता से यह सख्त अपील की है कि रेलवे नियमों का पालन करें और गेट बंद होने की स्थिति में किसी भी हालत में ट्रैक क्षेत्र में प्रवेश न करें। नियमों का उल्लंघन करने पर न केवल जुमार्ना बल्कि सजा भी हो सकती है।

इस कार्रवाई से यह साफ संदेश गया है कि रेलवे सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जो भी नियमों का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# समीक्षा बैठक : आयुक्त मुंगेर की अध्यक्षता में मुंगेर प्रमंडल की विकास कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई

प्रात: किरण संवाददाता




मुंगेर। अवनीश कुमार सिंह, आयुक्त, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर की अध्यक्षता में शुक्रवार को संग्रहालय सभागार में मुंगेर जिले में चल रहे विकास कार्यों, प्रगति यात्रा के दौरान स्वीकृत कार्या तथा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 से संबंधित कार्या की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की एजेंडावार समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा, नगर आयुक्त शिवाक्षी दीक्षित, आयुक्त के सचिव सुधीर कुमार, अपर समाहर्ता मनोज कुमार, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह विशेष कार्य पदाधिकारी देवव्रत मिश्रा, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह सहित जिले के सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। आयुक्त ने उपस्थित सभी अधिकारियों से स्पष्ट शब्दों में कहा कि आप सभी अपने कार्य शैली में सुधार लाएं तथा पारदर्शी एवं समावेशी तरीके से कार्यों को निपटाएं। प्रोएक्टिव मोड में कार्य करें, ताकि सभी कार्य ससमय निष्पादित हो सके। उन्होंने जिलाधिकारी से कहा कि सभी विभागों कि समीक्षा करें। साथ ही प्रगति यात्रा के दौरान माननीय मुख्यमंत्री द्वारा कि गई घोषणाओं के क्रियान्वयन कार्यों में भी तेजी लाएं। बैठक में कार्यपालक दण्डाधिकारी सदर, नीलाम पत्र वाद सह जिला कल्याण पदाधिकारी मुंगेर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मुंगेर, महाप्रबंधक उद्योग तथा उप नगर आयुक्त के कार्यकलाप पर असंतोष व्यक्त करते हुए उनके खिलाफ स्पष्टीकरण करने तथा वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि गुणवत्तापूर्ण कार्य करें, लापरवाही एवं बहानेबाजी बिल्कुल भी बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नीलाम पत्र वाद सह जिला कल्याण पदाधिकारी एवं उप नगर आयुक्त को अपने कार्यों में सुधार के निर्देश देते हुए कहा कि यदि कार्य में सुधार नहीं हुआ तो आप दोनों के खिलाफ प्रपत्र ह्यह्यकह्यह्य की अनुशंसा की जाएगी। आयुक्त ने कष्टहरणी घाट, चण्डिका स्थान एवं खड़गपुर झील के सौंदर्यीकरण एवं तेलडीहा मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य की धीमि गति पर असंतोष व्यक्त करते हुए जिला पर्यटन पदाधिकारी को फटकार लगायी। उन्होंने कहा कि कष्टहरणी घाट के सौंदर्यीकरण का कार्य एक सप्ताह में प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। साथ ही तेलडीहा मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य में जमीन अधिग्रहण होने की कार्रवाई को शीघ्र पूर्ण कर कार्यारम्भ के निर्देश दिए। बासुदेवपुर से चण्डिका स्थान तथा नगर निगम कार्यालय से शास्त्री चैक तथा कोर्णाक मोड़ से शास्त्री चैक रिफ्यूजी कॉलोनी तक सड़क निर्माण कार्य को भी एक सप्ताह के अंदर प्रारंभ करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित कार्यपालक अभियंता को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि एक सप्ताह के अंदर कार्य प्रारंभ कराएं। आठवें दिन स्वयं उनके द्वारा कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा, जिसमें लापरवाही अथवा कार्य प्रारंभ नहीं होने की स्थिति में कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रगति यात्रा के दौरान ही माननीय मुख्यमंत्री द्वारा इन सड़कों के निर्माण के लिए स्वीकृति तथा आवंटन उपलब्ध करा दी गयी थी, इसके बावजूद अब तक कार्य आरंभ नहीं होना लापरवाही का द्योतक है। उन्होंने इन सभी सड़कों के निर्माण कार्य को दुर्गा पूजा के पूर्व पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुंगेर विश्वविद्यालय निर्माण कार्य की भी आयुक्त ने समीक्षा की। उन्होंने सहायक भू-अर्जन पदाधिकारी से कहा कि निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण करने की कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बहानेबाजी न करें, यह अत्यंत ही महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है, इस लिए स्वयं दौड़ भाग कर जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई पूर्ण करने तथा निर्माण कार्य की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए। साथ ही नए विद्युत शवदाह गृह के जमीन अधिग्रहण के लिए भी निर्देश दिए गए।

# मतदाता पुनरीक्षण के नाम पर की जा रही मताधिकार का हनन और लोकतंत्र की हत्या : डॉ सादा

प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा बिहार प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ट नेता डॉ तारानंद सादा ने कहा कि भाजपा बिहार विधानसभा में अपनी पराजय देखकर चुनाव आयोग के सहारे गरीब, गुरबों को वोट से वंचित करने का प्लान बनाया है। वह भी यह सम्पूर्ण देश के बजाय सिर्फ बिहार में किया जा रहा है। चुनाव आयोग को सत्तारूढ़ पार्टी के इशारे पर नहीं वल्कि संविधान द्वारा निर्धारित अपनी सीमाओं के भीतर काम करना चाहिए और लोकतंत्र तथा मतदाताओं का गुलाम बनना चाहिए न कि भाजपा का गुलाम? एक महीने के भीतर किसी रूप में पुनरीक्षण संभव नहीं है और आयोग को हर नागरिक के वोट के अधिकार की रक्षा करनी चाहिए। बिहार में सत्ता के इशारे पर हो रहा यह सब देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए ही नहीं हर एक मतदाता के लिए खतरा है और विशेष गहन पुनरिक्षण अभियान के बहाने लोकतंत्र की हत्या की जा रहीं है ।आश्चर्य की बात है आयोग माता पिता का जन्म प्रमाण पत्र शैक्षणिक प्रमाण पत्र आदि मांग रहा है लेकिन आम आदमी की पहचान आधार का प्रचार करने वाली भाजपा सरकार में आयोग ने आधार को दस्तावेज नहीं माना है और न ही राशन कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस को दस्तावेज माना है। चुनाव आयोग के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी जी का निशाने का शिकार अल्पसंख्यक मतदाताओं के साथ-साथ अनुसूचित जाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, मजदूरों बाहर रहनेवाले मध्यम वर्गो के युवा होंगे। भारतीय लोकतंत्र के संविधान द्वारा प्रदत राजा और रंक को समानता के एक वोट के अधिकार से बंचित करने की बहुत बडी साजिश है। डॉ सादा ने कहा कि -चुनाव आयोग के इस निर्णय से 20 प्रतिशत वोट का प्रभावित होना निश्चिंत है। इससे आम आदमी को मिले मताधिकार का अधिकार का हनन के साथ-साथ देश के संविधान और लोकतंत्र पर कुठाराघात है। कॉग्रेस पार्टी इसकी घोर निंदा करते हुए मतदाताओं से आगे आने की अपील करती है तथा सरकार और चुनाव आयोग से मांग करती है कि अपने तुगलकी फरमान को वापस लें वरना कांग्रेस सड़क से संसद तक इस फरमान के विरुद्ध लड़ाई लड़ेगी।

# नीतीश कुमार सरकार के प्रयास से कलाकारों को मिलेगा तीन हजार की मासिक पेंशन : मनोज

मुंगेर । जिला जनता दल यू के जिला प्रवक्ता मनोज कुमार रघु ने प्रेस बयान जारी कर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने कलाकारों को मासिक पेंशन प्रदान किए जाने के लिए मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना को गुरुवार को कैबिनेट ने स्वीकृति दी । प्रवक्ता मनोज कुमार रघु ने बताया कि राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत संरक्षित रखने में निरंतर योगदान देने वाले वरिष्ठ और आजीविका संकट से जूझ रहे उत्कृष्ट कलाकारों को प्रति माह 3000रु की पेंशन राशि प्रदान की जाएगी यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि बिहार राज्य के वरिष्ठ एवं आर्थिक रूप से कमजोर कलाकारों को मासिक पेंशन प्रदान किए जाने के लिए मुख्यमंत्री को बहुत-बहुत आभार, जिससे कि कलाकारों का उत्साह वर्धन होगा ।

# बिहार एवं केंद्र सरकार गठित करे तेली घाणी विकास बोर्ड : डॉ शशांक सुमन विक्की

प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा राष्ट्रीय वैश्य महासभा के युवा अध्यक्ष डॉक्क शशांक सुमन विक्की ने कहा कि बिहार सरकार बहुत सारे नए- नए बोर्ड आयोग का लगातार गठन कर रही है, लेकिन अतिपिछड़े वर्ग अथवा वैश्य समुदाय की सबसे ज्यादा आबादी वाली तेली जाति समाज के लिए तेली घानी विकास बोर्ड का गठन अब तक नहीं किया गया है। अन्य राज्य राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार द्वारा तेली घाणी विकास बोर्ड का गठन पहले से किया गया है। बिहार सहित देश के अलग अलग हिस्सों में तेली समाज की बड़ी आबादी है। आबादी का बड़ा हिस्सा भाजपा को वोट देता है। हम यह राज्य सरकार से मांग करते हैं कि बिहार राज्य में तेली घाणी विकास बोर्ड के गठन एवं पीएम नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय तेली बोर्ड के गठन जल्द से जल्द करें। शशांक विक्की ने कहा की तेली समाज की बड़ी आबादी देश भर के विभिन्न राज्यों में है। बिहार में भी करीब सात प्रतिशत तेली समाज के लोग हैं जिनकी सबसे बड़ी आबादी अपने परंपरागत कार्य तेल घाणी पेरना है।

## छत्तीसगढ़ की राजनीति और नक्सलवाद: दामाद की संज्ञा में उलझी सियासत

छत्तीसगढ़ की राजनीति में नक्सलवाद एक बार फिर एक बड़े राजनीतिक विवाद का कारण बन गया है। कुरुद के विधायक और भारतीय जनता पार्टी के फायरब्रांड नेता अजय चंद्राकर ने हाल ही में कांग्रेस पर नक्सलियों को दामाद कहकर हमला बोला, जिसके बाद कांग्रेस की ओर से तीखा पलटवार करते हुए पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने पूंजीपतियों अदानी-अंबानी को दामाद बताकर भाजपा पर पलटवार किया। इस बयानबाजी ने न केवल प्रदेश की राजनीतिक बहस को गर्मा दिया, बल्कि एक बार फिर यह सवाल उठाया कि क्या नक्सलवाद को राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है? छत्तीसगढ़ विधानसभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय चंद्राकर ने कांग्रेस पर यह आरोप लगाया कि नक्सली कांग्रेस के दामाद हैं। उनके अनुसार, जब-जब नक्सली आए, कांग्रेस ने वैसा ही स्वागत किया जैसा कोई दामाद का करता है। उनका तर्क है कि 1980 के दशक में जब छत्तीसगढ़ (तत्कालीन मध्यप्रदेश का हिस्सा) पूरी तरह कांग्रेस के अधीन था, तब आदिवासी क्षेत्रों में कोई ठोस विकास कार्य नहीं हुआ, जिसके चलते वहां नक्सलियों की पैठ बनी। वे इसे कांग्रेस की शोषणकारी राजनीति का परिणाम बताते हैं। उनके बयान में यह भी संकेत था कि कांग्रेस की सरकारों ने नक्सल समस्या को गंभीरता से लेने की बजाय कभी-कभी उनके प्रति नरमी दिखाई, जिससे उनकी ताकत बढ़ी। चंद्राकर ने कांग्रेस को आदिवासी हितों का सबसे बड़ा शोषक करार देते हुए कहा कि अगर आज छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद जिंदा है तो उसकी जड़ें कांग्रेस की नीतियों में हैं। अजय चंद्राकर के इस बयान पर कांग्रेस की ओर से तीखी प्रतिक्रिया आई। पूर्व मंत्री अमरजीत सिंह भगत ने कहा कि अजय चंद्राकर का बयान पूरी तरह से निराधार और असत्य है। भगत ने पलटवार करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार (भाजपा) के संरक्षण में छत्तीसगढ़ के आदिवासी इलाकों में वनों की अंधाधुंध कटाई हो रही है और औद्योगिकरण के नाम पर जंगल उजाड़े जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अदानी-अंबानी जैसे पूंजीपतियों का प्रदेश में दामाद की तरह स्वागत हो रहा है। अमरजीत भगत का तर्क था कि आज अगर बस्तर-संरगुजा में विस्थापन, वनाधिकार हनन और औद्योगिक शोषण हो रहा है तो उसकी ज़िम्मेदार भाजपा की आर्थिक नीतियाँ हैं, जिनके केंद्र में कॉर्पोरेट घरानों के हित हैं, न कि आदिवासियों के हक। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद कोई नई समस्या नहीं है। इसकी जड़ें 1970-80 के दशक में उस समय पड़ीं जब आदिवासी क्षेत्रों में भूमि, वन और खनिज संसाधनों की लूट शुरू हुई और राज्यतंत्र की पहुँच वहां नहीं थी। ये क्षेत्र लंबे समय तक विकास से वंचित रहे, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी थी। नक्सलवाद ने शुरू में एक विरोध की आवाज के रूप में स्थान पाया। उसने स्थानीय आदिवासियों की जमीन, जंगल और अधिकारों की रक्षा के नाम पर समर्थन हासिल किया। लेकिन समय के साथ यह आंदोलन भी हिंसा, खून-खराबा और आतंक का पर्याय बन गया। अब यह सवाल उठने लगा है कि नक्सलवाद की पृष्ठभूमि में कौन ज़िम्मेदार है झ शोषक सरकारें, कॉर्पोरेट-राजनीति गठजोड़ या आदिवासी हितों की अनदेखी? छत्तीसगढ़ में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही समय-समय पर नक्सलवाद को अपने-अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करते रहे हैं। जब कांग्रेस सत्ता में थी तो भाजपा इसे नक्सलियों के प्रति नरम रवैया बताकर हमला करती थी। अब भाजपा सत्ता में है तो कांग्रेस भाजपा पर पूंजीपतियों के संरक्षण में जंगल उजाड़ने और आदिवासियों को बेदखल करने का आरोप लगा रही है।

यह ह्लदामादह्व शब्द की राजनीति असल में मुद्दों से भटकाव पैदा करती है। नक्सलवाद जैसे गंभीर और जटिल विषय को राजनीतिक तकरार का हिस्सा बनाकर दोनों ही दलों ने साबित किया है कि वे समस्या के समाधान में नहीं, उसे भुनाने में रुचि रखते हैं। छत्तीसगढ़ का बड़ा हिस्सा वन और खनिजों से समृद्ध है। बस्तर, सरगुजा, कांकेर, बीजापुर, दंतेवाड़ा जैसे इलाके अयस्क, कोयला, बॉक्साइट आदि से भरपूर हैं। पर यही संसाधन इन क्षेत्रों के लिए अभिशाप भी बन गए हैं। बड़े-बड़े खनन प्रोजेक्ट्स, स्टील प्लांट्स और औद्योगिक कॉरिडोरों के लिए आदिवासियों को उनकी भूमि से विस्थापित किया गया।

## इज ऑफ डूइंग बिजनेस यानि ग्राम सभा माई फुट

प्रधान मंत्री से लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्रियों को इज ऑफ डूइंग बिजनेस का मुहावरा पसंद है। इज ऑफ डूइंग बिजनेस यानि एक ऐसी दुनिया की कल्पना है जिसमें प्रक्रियाएं तेज हों, अनापत्ति प्रमाणपत्र ऑनलाइन मिलें, और जमीन के कागज एक क्लिक पर ट्रांसफर हो जाएँ।इज ऑफ डूइंग बिजनेस विश्व बैंक द्वारा तैयार की जाने वाली एक वैश्विक रैंकिंग है, जिसमें किसी देश में व्यापार शुरू करने, संचालन, लाइसेंसिंग, टैक्सेशन, अनुबंध प्रवर्तन, और दिवालियापन प्रक्रिया जैसी व्यवस्थाओं की सरलता को मापा जाता है। इसका उद्देश्य निवेशकों को आकर्षित करना और आर्थिक गतिविधियों को सुगम बनाना है। अगर कोई देश विश्व बैंक की सूचियों में ऊपर चढ़े लेकिन अपने जंगल, नदियाँ और लोगों की आवाज खो बैठे—तो क्या वह सचमुच विकसित हो पाया?भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में विकास की गति बढ़ाने के लिए निवेश, औद्योगीकरण और बुनियादी ढांचे का विस्तार अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से सरकारों ने इज ऑफ डूइंग बिजनेस को प्राथमिकता दी है, ताकि देश में व्यापार करना आसान हो, निवेश आकर्षित हो और आर्थिक विकास को गति मिले। दूसरी ओर लोकतांत्रिक व्यवस्था में ग्रामसभा और स्थानीय समुदायों के अधिकार भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, खासकर अनुसूचित क्षेत्रों और आदिवासी बहुल इलाकों में, जहाँ संसाधनों पर स्थानीय लोगों का परंपरागत स्वामित्व रहा है।इज ऑफ डूइंग बिजनेस ने भारत को वैश्विक निवेश नक्शे पर तो उभारा, लेकिन इज ऑफ लिविंग को नजरंदाज कर दिया। लोकतंत्र सिर्फ मतदाता पहचान पत्र नहीं है, वह ग्रामसभा की सामूहिक चेतना में बसता है।अगर विकास के रास्ते पर लोकतंत्र की आवाज बाधा लगे, तो रास्ते को नहीं, सोच को बदलना होगा। आज आवश्यकता है एक ऐसे मॉडल की, जिसमें इज ऑफ डूइंग बिजनेस हो, लेकिन ग्रामसभा की असहमति को विकास की गति नहीं, उसकी दिशा बताने वाला मानें। लैंड कान्फ्लिक्ट वाच की ताजा आंकड़ों के मुताबिक भूमि अधिग्रहण तथा जंगल की जमीन को खनन एवं अन्य कारोबार के लिए इस्तेमाल किये जाने के प्रस्तावों को लेकर छोटे-बड़े 948 संघर्ष चल रहे है। एक करोड़ से ज्यादा लोग प्रभावित हैं और साढ़े तीन लाख करोड़ से ज्यादा का पूंजी निवेश फंसा हुआ है। करीब 47 लाख हेक्टेर से ज्यादा जमीन अधिग्रहण की चपेट में है।

## आर्थिक स्थिति कमजोर होने पर भी संभव है मानसिक रोगों का इलाज



अंकित श्रीवास्तव

अक्सर यह देखा गया है कि मरीजों के पास पर्याप्त आर्थिक संसाधन नहीं होते, जिससे वे अपना इलाज नहीं करवा पाते और उनकी स्थिति और भी बिगड़ने लगती है। ऐसे मरीजों के लिए मैं यह बताना चाहता हूँ कि भारत में कई ऐसे अस्पताल हैं जहाँ मानसिक बीमारियों का इलाज बहुत ही कम शुल्क में या निःशुल्क किया जाता है। साथ ही, कई गैर-सरकारी संस्थाएँ भी मानसिक स्वास्थ्य के उपचार में सहयोग प्रदान करती हैं।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (बेंगलुरु): यह भारत का प्रमुख मानसिक स्वास्थ्य संस्थान है, जो आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को निःशुल्क या रियायती दर पर उपचार प्रदान करता है। सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ साइकियाट्री (रांची): यह संस्थान भी मानसिक रूप से पीड़ित मरीजों को निःशुल्क या सब्सिडी पर मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराता है। गवर्नमेंट मेंटल हेल्थ सेंटर, कोझिकोडे (केरल): यह केंद्र मानसिक रोगियों को निःशुल्क चिकित्सा सेवा और भोजन प्रदान करता है। जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम : राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत, जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से देश के अधिकांश जिलों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मरीजों को आवश्यक दवाएं, परामर्श और उपचार पूरी तरह से निःशुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं।

# बैंक में जमा राशि का पूर्ण बीमा क्यों नहीं, बैंक उपभोक्ताओं से लूट

**बैंक में ग्राहकों की जमा राशि पर पहले एक लाख, बाद में 2 लाख और अब अधिकतम 5 लाख रुपए तक का बीमा किया जाता है। इस बीमा की वर्तमान पाँच लाख रुपए की सीमा को दस लाख तक करने की चर्चाएँ संसद ओर वित्त मंत्रालय में हो रही हैं**






सनत जैन
लेखक

भारतीय बैंकों में करोड़ों लोगों की राशि बचत खाते और एफडी के रूप में जमा है। सरकार ने बैंकों को अब दिवालिया कानून के अंतर्गत ला दिया है। बैंक में ग्राहकों की जमा राशि पर पहले एक लाख, बाद में 2 लाख और अब अधिकतम 5 लाख रुपए तक का बीमा किया जाता है। इस बीमा की वर्तमान पाँच लाख रुपए की सीमा को दस लाख तक करने की चचाएँ संसद ओर वित्त मंत्रालय में हो रही हैं। सवाल यह है, कि जब सरकारी बैंकिंग को सबसे सुरक्षित समझा जाता था। अब बैंक दिवालिया कानून की जद में आ गए हैं। बैंकों में जमाकर्ता की पूरी रकम सुरक्षित होनी चाहिए। बैंकों में जो राशि जमा है। बैंक डूबने की स्थिति में जमा करता को बैंक में जमा पूरी राशि वापस मिलनी चाहिए। बैंकों के साथ अनुबंध के तहत नागरिक अपनी जीवनभर की बचत बैंकों को सौंपते हैं। डिपॉजिट इंश्योरेंस योजना 1962 से लागू है। आरंभिक सीमा 1,500रुपए थी। बढ़ते-बढ़ते 1993 में इस राशि को एक लाख और 2020 में 5 लाख किया गया। अब वित्त मंत्रालय इस सीमा को संशोधित करने पर विचार कर रहा है। आँकड़े बताते हैं, कि 97.8 प्रतिशत बैंक खाते पूरी तरह से बीमित हैं। इसके बाद भी कुल जमाराशि का केवल 43.1प्रतिशत राशि ही बीमा के दायरे में आती है। बैंक के खाते भले सुरक्षित लगें, पर 500000 से अधिक जमा राशि आज भी जोखिम में है। बीमा का मूल उद्देश्य प्रत्येक जमाकर्ता के धन वापसी की गारंटी होनी चाहिए। बीमित बैंक खाते में ह्लमिनिमम गारंटीह्व का औचित्य बैंक ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी है। बैंकों का जोखिम आम जमाकताओं के कंधों पर क्यों डाला जा रहा है।

मार्च 2024 तक डिपॉजिट इंश्योरेंस फंड में 1,98,753 करोड़ रुपए उपलब्ध थे। वर्ष 2024 मे बैंकों ने 23,879 करोड़ प्रीमियम जमा किया। बीमा दावों का भुगतान केवल 1,432 करोड़ का हुआ। ये आँकड़े दशार्ते हैं, कोष के पास पर्याप्त राशि उपलब्ध है। बैंक यदि दिवालिया होते हैं, तो अनियंत्रित दावों की स्थिति में यह राशि ऊंट के मुंह में जीरे के समान हो सकती है। इसलिए सरकार और बीमा फंड, बैंकों में जमा राशि को एक निश्चित राशि तक ही बीमा से कवर करने की बात करता है। हालिया मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, सरकार 10 लाख या उससे अधिक के विकल्प पर विचार कर रही है। इससे अधिकांश मध्यमवर्गीय खाताधारकों की पूँजी कुछ हद तक सुरक्षित हो जाएगी। मौजूदा निःशुल्क सीमा 10 लाख के ऊपर की राशि के लिए जमाकर्ता को एक ऐड-ऑन कवर की सुविधा दी जानी चाहिए। जैसे वाहन बीमा में ऐक्सेसरी को कवर किया जाता है। पिछले 10 साल से बैंकों में जिनके खाते हैं। उन खाता धारकों से सुनयोजित रूप से लूट की जा रही है। पहले एटीएम पर चार्ज लगाया, फिर बैलेंस, एसएमएस, चेक, मिनिमम बैलेंस एवं तरह-तरह के शुल्क वसूल कर बैंक अपने उपभोक्ताओं का शोषण कर रहा है। जिन लोगों की जमा राशि के ब्याज से उनका मासिक खर्च चलता है। बैंक ब्याज दरें घटती चली जा रही हैं। लोग अपना जरूरी खर्च भी पूरा नहीं कर पा रहे हैं। अब बैंकों में जमा राशि भी सुरक्षित नहीं रही। करोड़ों लोगों की जीवन भर की कमाई बैंकों में जमा है। ऐसी स्थिति में लोगों की चिंता बढ़ रही है। केंद्र सरकार जितने भी नियम कायदे कानून बना रही है, उसमें उपभोक्ताओं के हितों का कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा है। केंद्र सरकार बैंकों और कॉर्पोरेट हितों का ध्यान रखते हुए बैंक उपभोक्ताओं को बैंक की कमाई का जरिया बना रही है। आयकर के नियम इस तरीके के बना दिए गए हैं। हर लेन-देन बैंक के माध्यम से होते हैं। एक निश्चित राशि से ज्यादा नगद राशि घर पर नहीं रखी जा सकती है। एक निश्चित राशि से ज्यादा का नगद लेन-देन नहीं हो सकता है। बैंकों में जमा रकम से ऑनलाइन धोखाधड़ी हो रही है। सरकार ने बैंक के उपभोक्ताओं को भगवान के भरोसे छोड़ दिया है। हर साल अरबों रुपए की धोखाधड़ी बैंकों से हो रही है। जिनके खाते से धोखाधडी हुई है, वह साइबर क्राइम ब्रांच, पुलिस और बैंकों के चक्कर लगा रहे हैं। न उन्हें पैसा मिल रहा है। उल्टा उनका पैसा मुकदमेबाजी और शिकायतों में खर्च हो रहा है। बैंक खाते अब लोगों के लिए जी का जंजाल बन रहे हैं। बैंक बिना बताए खाते से राशि काट लेता है। उपभोक्ता अपनी लड़ाई लड़ ही नहीं सकता है। बैंक उपभोक्ताओं की शिकायत सुनते नहीं हैं। बैंकिंग लोकपाल के हाथी के दांत हैं। लोकपाल के पास शिकायत करने के बाद उपभोक्ता के हितों का ध्यान नहीं रखा जाता है। बैंकिंग लोकपाल बैंकों का बनकर रह गया है। रिजर्व बैंक के भी बड़े-बड़े दांत दिखाने के जरूर हैं। सरकारी बैंक हों, या प्राइवेट बैंक हों, सब अपनी मनमानी कर रहे हैं। रिजर्व बैंक थोड़ा-मोड़ा जुमार्ना करके उन्हें छोड़ देता है। बैंक उपभोक्ता हर तरफ से लूट के शिकार हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में अब बैंकों के खिलाफ जनाक्रोष पनपने लगा है। केंद्र सरकार और वित्त मंत्रालय को इस दिशा में सजगता के साथ निर्णय करने की जरूरत है। समय रहते यदि स्थितियों में सुधार नहीं किया गया, तो बैंकिंग व्यवस्था और अर्थव्यवस्था डगमगाते हुए देर नहीं लगेगी।

# हिन्दू राष्ट्र का ढोल और जातिवाद का आतंक

**इसी हिन्दू राष्ट्र की दुहाई देकर समाज में धर्म के आधार पर नफरत फैलाई जा रही है। सत्ता संरक्षित नफरती लोग धर्म विशेष के विरुद्ध जमकर जहर उगल रहे हैं और इसी बहाने देश के बहुसंख्य समाज को हिंदुत्व के नाम पर संगठित होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जिस देश में सभी धर्मों के लोग सदियों से मिलकर रहते आ रहे हों उस देश के बहुसंख्य समाज को अब अल्पसंख्यक समाज का भय दिखाकर शेष बहुसंख्य समाज को एकजुट होने का पाठ केवल और केवल अपने राजनैतिक लाभ के लिए पढ़ाया जा रहा है**






निर्मल रानी
लेखिका

स्वयंभू हिन्दू राष्ट्रवादियों द्वारा गत एक दशक से देश के बहुसंख्यक समाज को भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने का सपना दिखाया जा रहा है। देश के अनेक दक्षिणपंथी नेताओं से लेकर तमाम कथावाचक व संत समाज से जुड़े लोग इसी प्रोपेगण्डे को प्रचारित करने में जुटे हुये हैं। इसी हिन्दू राष्ट्र की दुहाई देकर समाज में धर्म के आधार पर नफरत फैलाई जा रही है। सत्ता संरक्षित नफरती लोग धर्म विशेष के विरुद्ध जमकर जहर उगल रहे हैं और इसी बहाने देश के बहुसंख्य समाज को हिंदुत्व के नाम पर संगठित होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जिस देश में सभी धर्मों के लोग सदियों से मिलकर रहते आ रहे हों उस देश के बहुसंख्य समाज को अब अल्पसंख्यक समाज का भय दिखाकर शेष बहुसंख्य समाज को एकजुट होने का पाठ केवल और केवल अपने राजनैतिक लाभ के लिए पढ़ाया जा रहा है। और इन्हीं दक्षिणपंथी शक्तियों द्वारा इसी हिन्दू राष्ट्रवाद के नाम पर छेड़ी गयी मुहिम के मध्य, देश के उस संविधान को भी बदलने का प्रयास किया जा रहा है जो भारतवसियों को समानता,समरसता,समाजवाद व धर्मनिरपेक्षता का अधिकार देता है। साथ ही इन्हीं स्वयंभू हिन्दू राष्ट्रवादियों द्वारा विवादित मनुस्मृति को भातीय संविधान के रूप में थोपे जाने की वकालत भी की जा रही है। यह शक्तियां उसी मनुस्मृति को देश पर थोपने के लिये प्रयासरत हैं जिसे संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर ने 25 दिसंबर 1927 को महाराष्ट्र के महाड में सार्वजनिक रूप से जलाया था। मनुस्मृति का विरोध करने वाले लोग आज भी उस ऐतिहासिक दिन को मनुस्मृति दहन दिवस के रूप में याद करते हैं। डॉ अंबेडकर ने मनु स्मृति का दहन इसलिये किया था क्योंकि यह ग्रंथ सामाजिक असमानता और जाति व्यवस्था को प्रोत्साहित करने वाली शिक्षाओं को बढ़ावा देता है। जबकि मनु स्मृति का विरोध व इसके दहन का उद्देश्य दलितों और शोषित वर्गों के लिए समानता और न्याय की मांग को प्रतीकात्मक रूप से व्यक्त करना था।

सवाल यह है कि दक्षिणपंथियों द्वारा जिस मनुस्मृति की पैरवी की जा रही है क्या वह हिन्दू राष्ट्रवादियों द्वारा दिखाये जा रहे हिन्दू राष्ट्र निर्माण के स्वप्न को पूरा करने में सहायक साबित हो सकती है? यदि हाँ तो पहला सवाल तो यही की बाबा साहब जैसी शख़्सियत को इसे जलाने की नौबत ही क्यों आई? और दूसरे यह कि आखिर हिन्दू धर्म में वह कौन सी व्यवस्था थी जिसका विरोध करते हुये डॉ. भीमराव आंबेडकर ने 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर में एक ऐतिहासिक धर्म परिवर्तन समारोह में बौद्ध धर्म स्वीकार किया। और इस सामूहिक धर्म परिवर्तन समारोह में डॉ. आंबेडकर के साथ उनके लगभग 3,80,000 अनुयायियों ने जिनमें मुख्य रूप से दलित समुदाय के लोग शामिल थे, बौद्ध धर्म स्वीकार किया। आज भी इस सामूहिक धर्म परिवर्तन को भारत में सामाजिक समानता और दलित आंदोलन का एक महत्वपूर्ण कदम माना जाता है।

परन्तु दुःख का विषय तो यह है कि शोषित वर्ग द्वारा किये गये इस धर्म परिवर्तन के बावजूद आज भी मनुवादियों की सोच में कोई अंतर नहीं आया है। बल्कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह जातिवादी विचारधारा गत दस वर्षों में और भी सिर चढ़ कर बोलने लगी है। और तो और अब इस जातिवादी सोच का शिकार केवल दलित समाज के लोग ही नहीं बल्कि पिछड़ी जातियों के लोग भी होने लगे हैं। इसका जीता जागता प्रमाण पिछले दिनों उत्त र प्रदेश के इटावा जिले में केवर थाना क्षेत्र के दादरपुर गांव में देखने को मिला। यहाँ भागवत कथा कहने आए यादव समाज से सम्बन्ध रखने वाले एक कथावाचक भागवताचार्य व्यास मुकुट मणि के साथ ब्राह्मण समाज के लोग अत्यंत क्रूरता से पेश आये। कथावाचक को अपमानित किया उनके साथ मारपीट की और उनकी चोटी काटकर इस क्रूरता का वीडियो भी वायरल कर दिया गया। उनका कुसूर यही बताया गया कि कथा वाचन कर रहे व्यास, ब्राह्मण समुदाय के नहीं थे इसलिए उनकी चोटी काट दी गई और उनका वीडियो वायरल किया गया। इतना ही नहीं बल्कि बाल काटने के बाद 5 घंटे तक उन्हें बंधक बनाकर भी रखा गया। जातिवादी क्रूरता का अध्याय यहीं समाप्त नहीं हुआ बल्कि पीड़ित कथावाचक के अनुसार भागवत कथा के दौरान जो ब्राह्मण महिला परीक्षित थी, उसके पैरों पर कथावाचक की जबरन नाक रगड़वाई गई और उसी ब्राह्मण महिला के मूत्र से उस पर छिड़काव भी किया गया। उस पंडितानी महिला का मूत्र छिड़कने के बाद इन जातिवादियों द्वारा उससे कहा गया कि ब्राह्मण का मूत्र तुम्हारे ऊपर पड़ गया अब तुम पवित्र हो गए। जरा सोचिये कि कौन सी शिक्षा व संस्कार हैं जो इस क्रूरता के लिये जाति विशेष के लोगों दूसरी जातियों के विरुद्ध प्रोत्साहित करते हैं?

दलितों के साथ तो ऐसी घटनाएं गोया आम बात हो चुकी हैं। पिछले दिनों ऐसी ही एक ह्रदय विदारक घटना उड़ीसा में हुई जहाँ गोतस्करी का आरोप लगाकर कुछ जातिवादी गुंडों द्वारा पहले तो उनसे पैसे वसूलने की कोशिश की गयी। जब दलित युवक पैसे देने में असमर्थ हुये तो उन दोनों युवाओं को 2 किलोमीटर तक घुटने के बल चलने के लिये मजबूर किया गया। इनके सर के बाल भद्दे तरीके से काटे गये उन्हें मारा पीटा गया ,उनके कपड़े फाड़े गये, उन्हें घास फूस खिलाई गयी। इतना ही नहीं बल्कि उन्हें नाले का गन्दा पानी पीने के लिए भी मजबूर किया गया। इस तरह की घटनाएं भी आम हो चुकी हैं।

# बनेगा संचार का नया माध्यम - एयर बबल



जितेन्द्र कुमार सिन्हा

आर्कटिक और अंटार्कटिका, दुनिया की सबसे ठंडी, निर्जन और दुर्गम जगहें। यहां न संचार टावर होते हैं, न ही इंटरनेट की पहुंच। ऐसी जगहों पर जब कोई प्राकृतिक आपदा आती है या वैज्ञानिक शोधकर्ता फंसे होते हैं, तो उनसे संपर्क साधना मुश्किल हो जाता है। लेकिन अब, इन बर्फीली सर्द हवाओं में छुपे हुए बुलबुले, हवा के छोटे-छोटे कण, एक नई उम्मीद बनकर उभरे हैं।

बीजिंग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों ने एयर बबल मैसेजिंग सिस्टम की मदद से एक नई तकनीक विकसित की है, जिससे बर्फ में बने बुलबुलों के जरिए संदेश भेजे जा सकते हैं। विज्ञान की यह उपलब्धि न सिर्फ भविष्य के गोपनीय संचार को आसान बनाएगी, बल्कि यह संकट की घड़ी में जीवन रक्षक साबित हो सकता है।

अंटार्कटिका में तापमान -80 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता है, वहीं आर्कटिक में भी सर्द हवाएं कंपकंपी छुड़ा देती हैं। यहां सामान्य स्मार्टफोन, रेडियो डिवाइस और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जम जाते हैं, बैटरी काम करना बंद कर देता है और संचार एकदम ठप हो जाता है। न टावर, न तार, न वाई-फाई।

आपातकालीन स्थितियों में रेस्क्यू टीमों को वैज्ञानिकों या मिशन दल से संपर्क करना होता है। दूरदराज इलाकों में कोई घटना हो, तो जानकारी भेजना नामुमकिन हो जाता है। परंपरागत संचार उपकरणों की ऊर्जा की मांग अधिक होती है, जो इन स्थानों पर चुनौतीपूर्ण है।बीजिंग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के शोधकताओं ने एक सरल लेकिन चमत्कारी विचार पर काम किया है, जमते समय पानी में बनने वाले बुलबुलों को नियंत्रित करके सूचना को कोड में बदलना। यह खोज जर्नल में प्रकाशित हुई है।

जब पानी जमता है, तो उसमें घुली गैसें छोटे-छोटे बुलबुले बनाकर फंस जाती हैं। वैज्ञानिकों ने पानी की एक पतली परत को दो पारदर्शी प्लास्टिक शीट के बीच रखा। इसे विशेष तापमान पर जमाया गया। फ्रीजिंग स्पीड को बदलकर तय किया गया कि कहां बुलबुला बनेगा और कहां नहीं। जिन हिस्सों में बुलबुला था, उसे माना गया और जहां नहीं था, उसे ।इस तरह एक बाइनरी कोड तैयार हुआ।

कैमरे से इस बर्फीले टुकड़े की फोटो ली जाती है। एक सॉफ्टवेयर उस फोटो को स्कैन करता है और जहां बुलबुला दिखते हैं, वहां पढ़ता है, और अन्य जगहों पर इस तरह एक पूरा मैसेज बर्फ के टुकड़े में दर्ज हो जाता है, न कोई वायर, न इंटरनेट।

पारंपरिक संचार माध्यम जैसे सैटेलाइट, रेडियो, फोन को बैटरी या बिजली की जरूरत होती है। यह बबल मैसेजिंग सिस्टम किसी भी ऊर्जा स्रोत पर निर्भर नहीं करता, यह महज पानी, ठंडा तापमान और कैमरा चाहता है। बर्फ में छिपा संदेश न तो किसी नेटवर्क पर होता है और न ही कोई हैक कर सकता है। बिना सही डिकोडिंग सॉफ्टवेयर के कोई समझ ही नहीं सकता है कि बर्फ का टुकड़ा असल में एक संदेश है। बर्फ में बंद ये बुलबुले वर्षों तक सुरक्षित रह सकते हैं, बशर्ते तापमान नियंत्रण में हो। यह तकनीक संग्रहण के लिए भी अत्यंत उपयोगी है, जैसे कि पुरालेख या गुप्त सैन्य दस्तावेज।

आपदाग्रस्त क्षेत्रों में जहां कोई उपकरण काम नहीं करता है, वहां बबल मैसेजिंग से लोकेशन या मदद की मांग भेजा जा सकता है। बर्फीले तूफान में फंसे वैज्ञानिक, बर्फ की एक परत को संदेश में बदलकर हेलिकॉप्टर से उड़ती टीम को संकेत दे सकता हैं।

सरकारें या एजेंसियां, जिन्हें किसी दस्तावेज को बिना डिजिटल ट्रेस के सुरक्षित रखना हो, वे इसे बबल कोड में बदलकर आर्कटिक लैब्स में स्टोर कर सकता हैं। सीमाओं पर या दुर्गम पहाड़ी इलाकों में जहां डिजिटल उपकरण ट्रैक किए जा सकते हैं, वहां यह कोड सुरक्षित और गोपनीय संदेशों के आदान-प्रदान के लिए वरदान है।

भविष्य में मंगल या चंद्रमा मिशन पर जहां तापमान चरम पर होता है, वहां यह बबल टेक्नोलॉजी एक सस्ते, टिकाऊ और ऊर्जा रहित संचार विकल्प के रूप में काम आ सकता है।

अभी यह तकनीक केवल ठंडे क्षेत्रों में ही प्रभावी है, जहां तापमान 0त्ड से नीचे होता है। गर्म जलवायु वाले देशों में इसका सीधा उपयोग नहीं हो सकता है जब तक कृत्रिम रूप से फ्रीजिंग सिस्टम न हो। हर संदेश में सीमित अक्षर ही भेजे जा सकते हैं, क्योंकि एक बर्फीले टुकड़े में ज्यादा डेटा स्टोर करना संभव नहीं है। लेकिन वैज्ञानिक इस पर काम कर रहे हैं कि कैसे एक से ज्यादा परतें बनाकर, थ्री-डायमेंशनल मैसेजिंग संभव बनाई जाए।अब वैज्ञानिक बबल्स के आकार, प्रकार और रंग पर काम चल रहा हैं ताकि इससे जटिल कोडिंग किया जा सके। अगला प्रयोग (तेल आधारित बुलबुले) और विभिन्न गैसों जैसे नाइट्रोजन, ऑक्सीजन, हाइड्रोजन आदि के साथ किया जाएगा ताकि इसकी कार्यक्षमता बढ़ सके।कभी कल्पना नहीं की गई थी कि जमी हुई हवा के बुलबुले संवाद करेंगे। जब प्रकृति की चुप्पी, विज्ञान के स्पर्श से बोल उठेगी? यह तकनीक केवल एक वैज्ञानिक खोज नहीं है, बल्कि मानव की अद्भुत क्षमता का प्रमाण है, कि वह मौन से भी शब्द निकाल लेता है, जमी हुई सांसों से भी सन्देश भेज सकता है।बर्फ में फंसे बुलबुलों को पढ़कर संदेश भेजने की यह तकनीक हमें यह सिखाती है कि समाधान वहां भी मिल सकता है, जहां सबकुछ जम चुका हो।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
नई दिल्ली, शनिवार, 05 जुलाई, 2025



# जिला पदाधिकारी द्वारा लोक शिकायत निवारण के 12 मामलों की गई सुनवाई

## सुनवाई करते जिला पदाधिकारी अमन समीर

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील में शिकायतों की सुनवाई की गई, और शिकायत का निवारण किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा आज कुल 12 मामलों की सुनवाई की गई,जिसमें 4 मामले में अंतिम रूप से आदेश पारित किया गया। जबकि शेष 8 मामले में पूर्ण प्रतिवेदन के साथ अगली तिथि पर लोक प्राधिकार को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। साथ ही परिवादी संजीव कुमार सिंह के अतिक्रमण सम्बन्धी मामले में सुनवाई के दौरान अंचलाधिकारी तरैया द्वारा अस्पष्ट प्रतिवेदन प्रस्तुत करने तथा कार्यों में शिथिलता बरते जाने के कारण उनपर 1000 रुपए का आर्थिक दंड लगाने का निदेश दिया गया। जिला पदाधिकारी अमन समीर ने कहा कि लोक शिकायतों का ससमय तथा गुणवत्तापूर्ण निवारण अत्यावश्यक है। लोक प्राधिकारों को तत्परता प्रदर्शित करनी होगी। उन्होंने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, संवेदनशील तथा सक्रिय रहें।




# लोजपा जिला संगठन की बैठक सम्पन्न

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा, सदर। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की जिला संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को जिला अतिथि गृह के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दीपक कुमार सिंह ने की, वहीं कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजू तिवारी के दिशा-निर्देशन में सम्पन्न हुआ। बैठक में मुख्य रूप से 6 जुलाई 2025 को छपरा के राजेन्द्र स्टेडियम में आयोजित होने वाले नव संकल्प महासभा को ऐतिहासिक बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह महासभा सारण ही नहीं, पूरे बिहार की राजनीति में एक नया संदेश देगा। उन्होंने कहा, ह्लराष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान युवाओं के लिए एक प्रेरणा हैं। ह्यबिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्टह्व का विजन आज प्रदेश के नौजवानों की उम्मीद बन चुका है। जिला अध्यक्ष दीपक कुमार सिंह ने कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सारण की धरती हमेशा ऐतिहासिक आयोजनों की साक्षी रही है और इस बार भी नव संकल्प महासभा को अभूतपूर्व बनाया जाएगा। उक्त अवसर पर रानी चौधरी , रोशन सिंह भवानी, कमलेश पांडे, दिग्विजय सिंह, प्रदीप कुमार, भानु सिंह, नंदकिशोर पासवान, राजेश सिंह, अमित बोध, आलोक पांडे, कौशल सिंह, गोलू सिंह, शिवम सिंह, बिट्टू पासवान, प्रमोद सिंह, शशि भूषण, देवेंद्र सिंह, विकास सिंह, कन्हैया राम, सोनू माझी, नीरज माझी, विकास कुमार, अभिमन्यु सिंह, रवि पासवान, सोनू सागर, प्रवीण कुमार राजन, गुंजेश माझी, संजय माझी, भुवन कुमार, गोलू कुमार, अनिमेष सिंह गोलू आदि उपस्थित थे।



## संक्षिप्त खबरें

### सात फिट लंबे बेड़रूम में घुसे कोबरा सांप का रेस्क्यू



बगहा। बरसात और गर्मी के कहर आम इंसानों के साथ साथ जन जीवों पर भी देखनो को मिल रहा है।एक तरफ इंसान गर्मी से बेचैन नजर आ रहे है तो दूसरी तरफ गर्मी और भूख से जंगली जीवों को इंसानी बस्ती के तरफ आने के लिए मजबूर कर रहे हैं इसी क्रम में एक विषैला 7 फिट लम्बा कोबरा जलसंसाधन विभाग के कर्मचारी ई टाइप कॉलोनी निवासी शाहनवाज मोहम्मद के बैडरूम में घुस आया,जिसे देखकर अफरातफरी मच गई।फौरन वन विभाग को सूचित किया गया। वनकर्मी शंकर यादव के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम पहुंची और रेस्क्यू में जुट गई। बेडरूम होने के कारण रेस्क्यू टीम को रेस्क्यू करने में भारी मशक्कत करनी पड़ी।रेंजर श्रीनिवासन नवीन ने बताया कि जब ये जीव आसपास दिखे तो इनसे दूर बना ले और वन विभाग को सूचित करें।

### पूर्व मुखिया ने पत्नी और खुद को मारी गोली,आनन फानन में हुआ दाह संस्कार पुलिस जांच में जुटी

बगहा। चौतरवा थाना क्षेत्र के रायबारी महुअवा डीह टोला में मंगलवार रात एक दर्दनाक घटना हुई। पूर्व मुखिया अरविंद लाल श्रीवास्तव (65) ने आर्थिक तंगी और बीमारी से परेशान होकर पहले पत्नी आशा देवी (60) को गोली मार दी,फिर खुद को भी गोली मार ली। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के पहुंचने से पहले परिजनों ने शवों का अंतिम संस्कार कर दिया,जिससे कई अहम सुराग मिट गए। मामला संदिग्ध मानते हुए पुलिस ने जांच तेज कर दी है। बतादें,बुधवार शाम तलाशी में पुलिस को दो बंदूक और एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें पूर्व मुखिया ने बीमारी और आर्थिक तंगी को आत्महत्या का कारण बताया। नोट को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। ग्रामीणों के मुताबिक,मुखिया के पास 350 बीघा जमीन थी जो नदी में कट गई। इसके बाद उन्हें कैंसर हो गया और इलाज में काफी पैसा खर्च हुआ। इससे वे मानसिक रूप से टूट गए। घटना के बाद गांव में सन्नाटा है। परिजन सदमे में हैं। कुछ लोग इसे मानसिक तनाव का नतीजा मान रहे हैं।

### दो वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

बगहा। बगहा पुलिस जिला अंतर्गत वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर रमपुरवा पंचायत के रमपुरवा गांव निवासी रमेश राम पिता बिशुनदेव राम व संतोष दास पिता बनारसी दास को न्यायालय से निकले वारंट के आधार पर वाल्मीकिनगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय में पेश कर दिया है। संतोष दास को प्रथम श्रेणी न्यायालय से वारंट निर्गत हुआ था। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि रमेश राम एसीजेएम द्वितीय न्यायालय का अभियुक्त था। पुलिस को कई दिनों से चकमा दे रहा था। जिसे शुक्रवार को गिरफ्तार कर संतोष दास के साथ ही न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

### नगर निगम बोर्ड की बैठक आगामी 9 जुलाई को आयोजित : नगर आयुक्त

छपरा। नगर निगम बोर्ड की बैठक आगामी 9 जुलाई को 11:00 बजे आहुत की गई है। इस आशय की जानकारी संबंधी पत्र नगर आयुक्त सुनील कुमार पांडेय ने जारी करते हुए बताया कि बोर्ड की बैठक गर्ल्स स्कूल कैंपस स्थित पेक्षा गृह में आयोजन किया गया है। बैठक की जानकारी महापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता, उप महापौर रागिनी कुमारी एवं सभी वार्ड पार्षदों को दे दी गई है। बोर्ड की बैठक 11:00 से आयोजन किया गया है। इस बैठक के एजेंडा में 14 दिसंबर 2024 को हुए बोर्ड की बैठक की संपुष्टि, 2025- 26 बजट पर चर्चा एवं संपुष्टि तथा स्ट्रीट लाइट एवं तिरंगा लाइट तथा स्पैरो टैक्स एजेंसी के कार्य प्रणाली की समीक्षा आदि शामिल है। बोर्ड की बैठक संबंधित पत्र जारी करने के बाद नगर आयुक्त ने महापौर एवं उपमहापौर सहित सभी पार्षदों से बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

# श्रावणी माह में वाल्मीकिनगर आने वाले शिव भक्तों के सुरक्षा में तैनात होंगे रात्रि प्रहरी


प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। पावन नगरी वाल्मीकिनगर में आगामी 11 जुलाई से शुरू होने वाले श्रावणी मेले में जलभराव के लिए शिव भक्तों का जमावड़ा लगने लगता है। शिव भक्त नारायणी के त्रिवेणी घाट पर गंगा स्नान कर जल भरते हैं। एक महीने तक वाल्मीकिनगर में भक्ति का माहौल बना रहता है। वाल्मीकिनगर पहुंचने वाले शिव भक्त रात्रि विश्राम के दौरान भजन कीर्तन से माहौल को शिवमय बना देते हैं। शुक्रवार की सुबह शिव भक्तों की सेवार्थ की जाने वाली कार्यों को लेकर वाल्मीकिनगर के सामाजिक संगठनों ने ऊपरी शिविर तीन नंबर पहाड़ पर एक बैठक की। बैठक की अध्यक्षता भावी मुखिया प्रत्याशी व समाजसेवी अमित कुमार सिंह ने किया। इस बैठक में समाजसेवी मोनू कुमार सिंह, बिट्टू सिंह,सुमन कुमार गुप्ता,रंजीत कुमार,विनय कुशवाहा एवं दीपक कुमार शामिल हुए। सामाजिक संगठनों द्वारा शिव भक्तों के विश्राम स्थल पर विशेष रूप से पेयजल की व्यवस्था कराने पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे अमित कुमार सिंह ने संगठन के सभी सदस्यों को शिव भक्तों की सुरक्षा,अल्पाहार सहित नारायणी तट पर रहने वाले भक्तों के लिए टेंट की व्यवस्था कराने की योजना बनाई गई। उन्होंने कहा कि सावन के पवित्र माह में जल भरने के लिए जो भी शिव भक्त चाहे पुरुष हो या महिला वाल्मीकिनगर आएंगे,उनकी सेवा और सुरक्षा के लिए हम सभी तत्पर रहेंगे। ध्यान रहे की जो भी शिव भक्त आए उन्हें यह महसूस ना हो कि महर्षि की तपो भूमि पर आवश्यक व्यवस्था नहीं है।

# अजगर के लपेटे से बकरी को राहगीरों ने छुड़ाया, निगलने की फिराक में था अजगर

प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। वीटीआर परिक्षेत्र विचित्रताओ से भरा पड़ा है। अजीबोगरीब घटनाएं वीटीआर परिक्षेत्रों में घटित होती रहती है।बतादें की शुक्रवार की दोपहर वाल्मीकिनगर स्थित टीना शेड कॉलोनी के समीप ( गोल चौक से मरीन ड्राइव की जाने वाले रास्ते में ) राहगीरों ने एक विचित्र नजारा देख हैरान हो गए। जंगल से निकलकर एक विशालकाय अजगर अपने लपेटे में ले बकरी को मौत के घाट उतार दिया। बकरी को मारने के बाद अजगर उसे निगलने की कोशिश कर रहा था लेकिन राहगीरों द्वारा शोर मचाने के बाद अजगर अमृत बकरी को छोड़ जंगल की तरफ अपना रुख कर लिया। प्रत्यक्षदर्शी मुनटुन हसन ने बताया कि अजगर द्वारा अपने चपेट में लेने के बाद बकरी चिल्ला रही थी। रिहायशी क्षेत्र से दूरी होने के कारण लोग समझ नहीं पाए। जब तक इस दृश्य को देख हम लोग कुछ कर पाते तब तक बकरी के प्राण पखेरू उड़ चुके थे। शोर गुल होने पर नजदीक के लोग वहां पहुंचे। उसके बाद पशुपालक रमेश कुमार द्वारा बकरी को उठाकर ले जाया गया। रेंजर श्रीनिवासन नवीन ने बताया कि परिजनों द्वारा लिखित आवेदन देने के बाद मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।



# शराबबंदी छापेमारी अभियान कर्यवाई में दो महिला कारोबारी गिरफ्तार,भेजे गए जेल




बगहा। बगहा पुलिस जिला अंतर्गत पुलिस प्रशासन ने शराबबंदी छापेमारी अभियान चला रखी है है इसी क्रम में वाल्मीकिनगर थाना पुलिस ने क्षेत्र के धंगड़हिया गांव में सब इंस्पेक्टर रेशमी कुमारी व आशीष रंजन सिंह द्वारा की गई छापेमारी में दो अलग-अलग जगह से 2 लीटर और 5 लीटर देसी शराब के साथ दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। शराब कारोबार में संलिप्त रोशनी कुमारी पति हीरालाल उरांव एवं रानी देवी पति गौतम उरांव धंगड़हिया गांव के रहने वाले हैं। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान रोशनी कुमारी एवं रानी देवी के घर से 5 लीटर और 2 लीटर शराब जब्त किया गया है। दोनों को बिहार मद्य निषेध अधिनियम के तहत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बतादें की बिहार पुंर्णतः ड्राई प्रदेश घिषित है यहां शराब बनाने,बेचने पीने,परिवहन करने आदि पर पुंर्णतः पाबंदी लगी हुई है।उक्त मामले में पकड़े जाने पर बिहार मधनिषेध धारा के तहत दंड के भागी होंगे।

# टीबी मरीजों की जांच और इलाज में सहयोग व लोगों को जागरूक करते है सूर्य नारायण

## जिला यक्ष्मा केंद्र में डीपीसी पद पर हैं कार्यरत, टीबी मरीजों को देते हैं पोषण संबंधी सहायता

- टीबी के मरीजों को इलाज के दौरान हर माह 1000 रुपए उनके खाते में भेजे जाते हैं

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया। जिला यक्ष्मा कार्यालय में डीपीसी पद पर 7 वर्षों से कार्यरत सूर्य नारायण साह टीबी मरीजों के सहयोग में मानवता का फर्ज निभा रहे हैं। उन्होंने निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीज को गोद लेकर उसे निर्धारित मानक के अनुरूप 6 माह तक पोषण पोटली देकर मदद की। जिला यक्ष्मा केंद्र आए मरीजों को टीबी जाँच, इलाज और दवाएं उपलब्ध कराते हुए उन्हें खाने के तरीके बताते हैं तथा सरकार से आर्थिक लाभ दिलवाने में अग्रिम भूमिका निभाते हैं। सूर्य नारायण साह ने बताया कि वे आम लोगों से भी निक्षय मित्र बनकर पोषण संबंधी मदद करने का आग्रह करते हैं। टीबी के कारण रोगी का इम्यून सिस्टम काफी कमजोर हो जाता है। इससे सुरक्षित रहने के लिए दवा सेवन के साथ ही संतुलित आहार का सेवन जरूरी होता है। उन्होंने बताया कि जब भी मौका मिलता है, ग्रामीण क्षेत्रों में संभावित लक्षण वाले लोगों को बताता हूँ कि अगर दो हफ्ते से ज्यादा समय से खांसी, बलगम के साथ बुखार जैसे लक्षण हैं तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या जिला टीबी अस्पताल जाएँ। वहाँ निःशुल्क जाँच, इलाज के साथ मुफ्त दवाएं दी जाती हैं। उसका सेवन करें। दवाओं के पूरा सेवन कर ही टीबी के गंभीर खतरों से बचा जा सकता है। सूर्य नारायण साह ने बताया कि अब सरकार ने बहुत ही बढ़िया पहल की है। अब टीबी के मरीजों को इलाज के दौरान हर माह 1000 रुपए उनके खाते में भेजी जाती है। ताकि वे दवाओं के साथ पौष्टिक आहार का सेवन कर सकें। टीबी रोगियों की पहचान में हो रही है आसानीः टीबी संक्रमित रोगियों की पहचान के लिए मरीजों के सम्पर्क में रहने वाले लोगों को सीवाई इंजेक्शन दी जा रही है ताकि यह पहचान हो सके कि उनके अंदर टीबी का बैक्टीरिया है या नहीं। उन्होंने बताया कि अगर इंजेक्शन लेने वाले व्यक्ति में टीबी रोग पाई जाती है तो उन्हें टीबी की दवा खिलाई जाएगी। सम्पर्क में रहने वाले लोगों को टीपीटी दवा चलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के अन्तर्गत तीव्र गति से जिले में टीबी मरीजों की खोज की जा रही है। संतुलित आहार का सेवन करें व संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से बचें: जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ।रमेश चंद्रा ने बताया कि भोजन में प्रोटीन तथा विटामिन से भरपूर भोज्य पदार्थ जैसे रोटी, पनीर, दही, दूध, फल, हरी सब्जी, दाल, अंडा, मछली का सेवन करना चाहिए। टीबी संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाकर रहना चाहिए और मास्क लगाना चाहिए। शराब व मादक पदार्थ जैसे सिगरेट, गुटखा का सेवन नहीं करना चाहिए, स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छता बेहद आवश्यक है।

# राखी गुप्ता वरुण प्रकाश ने तेनुआ पंचायत में लगाया नि:शुल्क आँख जांच शिविर

## हजार से अधिक लोगों ने पाया परामर्श, दवा और चश्मा दिया गया नि:शुल्क

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। शहर के बाद अब गांव में उषा श्रीप्रकाश मेमोरियल एजुकेशनल एवं सोशल वेलफेयर ट्रस्ट, लायंस क्लब छपरा टाउन और अखंड ज्योति आँख अस्पताल के द्वारा निशुल्क जांच शिविर का आयोजन छपरा विधानसभा के तेनुआ गांव में किया गया। शिविर का उद्घाटन छपरा नगर निगम की पूर्व मेयर राखी गुप्ता, मुखिया कृष्णा राम, उपमुखिया राहुल कुमार सिंह, बीडीसी संतोष कुमार सिंह, वार्ड सदस्य सोनू कुमार राम, छोटू कुमार पंडित, कलावती देवी, तेजप्रताप सिंह, विकास मित्र बिंदु देवी, प्रभु जी, उमा शर्मा, अर्जुन बैठा, पवन बैठा, राजनाथ राय, कृष्ण राय, सतेंद्र राय, अशोक सिंह, चंदन कुमार सिंह, पवन बैठा, मेघनाथ साह अनिल कुमार सिंह, सौदागर महतो द्वारा किया गया। शिविर के माध्यम से लगभग 7 सौ से अधिक लोगों ने चिकित्सीय परामर्श पाया। दवा और चश्मा निशुल्क लोगों को दिया गया। भारतीय जनता पार्टी की नगर निकाय प्रकोष्ठ भाजपा बिहार की प्रदेश उपाध्यक्ष व छपरा नगर निगम की पूर्व मेयर राखी गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन 42वीं बार किया गया है। शहर के बाद गांव की जनता की बारी है। बहुत सारे लोग गांव से मेरे घर पहुंचकर लाभ लेते थे। अब गांव की जनता का सेवा करना है। जनता की सेवा के लिए लगातार कैंप का आयोजन किया जा रहा है। मेरे द्वारा चुनाव से पहले और चुनाव के बाद भी लगातार आम जनता के लिए कैंप लगाकर लोगों को सेवा प्रदान किया जा रहा है। अब तक लगभग 4 हजार से अधिक लोगों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन निशुल्क कराया जा चुका है। जिन लोगों को मेजर प्रॉब्लम आंखों से है उन लोगों का ऑपरेशन भी प्राइवेट अस्पताल में कराया गया है। जनता की सेवा में हम तत्पर हैं। राखी गुप्ता ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मेरे द्वारा चलाए जा रहे कैंप में लोगों को दिया जा रहा है। सरकार की सभी महत्वपूर्ण योजनाएं हैं जो जनता को जानकारी नहीं है इस कैंप के माध्यम से सभी लोगों को सभी योजनाओं के बारे में बताया भी जा रहा है। 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का आयुष्मान बनाया जा रहा है। पिछली बार आवास पर कैंप का आयोजन किया गया था जिसमे बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ लिया था। दो सौ से अधिक लोगों का ऑपरेशन भी कराया गया था।



# डेंगू व मच्छर के बढ़ रहे प्रकोप को ले एंटी लार्वा एवं फॉगिंग का छिड़काव हुआ शुभारंभ : नगर आयुक्त

## जिला प्रशासन द्वारा इस संदर्भ में लिया गया था निर्णय

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। शहर में बढ़ रहे मच्छर के प्रकोप व डेंगू को लेकर जिला प्रशासन ने सभी वार्डों में एंटी लार्वा एवं फॉगिंग कराने का निर्णय लिया है। यह कार्य शहर में शुक्रवार से ही प्रारंभ कर दिया गया है। नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी के आदेश के बाद नगर आयुक्त सुनील कुमार पांडेय ने एंटी लार्वा एवं फागिंग के लिए 45 वार्ड में 4 टीम गठित की है। नगर आयुक्त द्वारा जारी आदेश पत्र के अनुसार वार्ड संख्या 1 से 16 तक एंटी लार्वा कर्मी के रूप में शिवकुमार एवं टार्जन की प्रतिनियुक्ति की गई है, जबकि वार्ड संख्या 17 से 27 तक संजय कुमार, सुरेंद्र राम एवं हरेंद्र यादव की प्रतिनियुक्ति की गई है। उपरोक्त दोनों टीम एंटी लार्वा- डेंगू का छिड़काव करेंगे। जबकि फॉगिंग- मच्छर की दवा का छिड़काव वार्ड संख्या 1 से 33 वार्ड के लिए वाहन सहित प्रतिनियुक्त फागिंग कर्मी के रूप में संतोष सिंह एवं कृष्णा सिंह तथा 34 वार्ड से 45 वार्ड के लिए अनिल कुमार चौधरी एवं शिवकुमार की प्रतिनियुक्ति की गई है। एंटी लार्वा एवं फागिंग कार्य 4 जुलाई से ही प्रारंभ कर दिया गया है। और आगामी 17 जुलाई तक सभी वार्डों में कार्य संपन्न करा दिया जाएगा। नगर आयुक्त द्वारा जारी निर्देश के अनुसार इन सभी कार्यों के लिए अरविंद कुमार फागिंग मशीन की दवा वितरण एवं मशीनों का रख-रखाव कार्य सुनिश्चित करेंगे। जबकि इन सभी कार्यों के लिए सुमित कुमार को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। इस आशय की जानकारी नगर आयुक्त के हवाले से सुधीर कुमार हिमांशु ने दी।

# अमरनाथ यात्रा के लिए छपरा से 1500 लोगों का जत्था हुआ रवाना

## मां कामाख्या देवी मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं को सत्तू का पैकेट उपलब्ध कराया

- पूरा रेलवे परिसर हर हर महादेव जय बाबा बफार्नी बम भोले के नारों से गूंजायमान हो उठा
- स्वयंसेवी धार्मिक संस्थाओं ने पानी की बोतल सहित अन्य रास्ते में उपयोगी सामान उपलब्ध कराया

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। जय भोले भंडारी सेवादल छपरा के तत्वाधान में 1500 श्रद्धालुओं का जत्था छपरा से प्रस्थान किया। हजारों की संख्या में लोग ने छपरा स्टेशन पर स्वागत किया। विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ। विभिन्न सामाजिक धार्मिक संस्थाओं ने श्रद्धालुओं को पानी और रास्ते में उपयोगी सामान की भेंट दी। मां कामाख्या देवी मंदिर समिति के सचिव चंद्र मोहन प्रसाद अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता ,कोषाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल उर्फ बबलू जी विकास कुमार उर्फ भोला जी संस्थापक अरुण पुरोहित वैगरह ने सभी श्रद्धालुओं को सत्तू का पैकेट उपलब्ध कराया। हर हर महादेव ,जय भोले, जय बाबा बफार्नी के नारों से पूरा परिसर गूंजायमान हो उठा । खास से लेकर आम लोगों तक ले श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्थानीय विधायक डॉक्टर सी एन गुप्ता, समाजसेवी भाजपा नेता राणा यशवंत सिंह, धर्म प्रचारक अरुण पुरोहित, गोपाल जी प्रसाद, नवीन कुमार मन्नू, दीपक कुमार गुप्ता मनोज कुमार ने अमरनाथ यात्रियों का अभिनंदन किया। जय भोले भंडारी सेवा दल के सैकड़ो कार्यकर्ता सेवा में लग रहे हजारों लोगों कीउपस्थिति रही।

# राजकीय सम्मान के साथ जवान का हुआ अंतिम संस्कार



रिविलगंज। टेकनिवास पोखरा में बुधवार को डूबकर हुई सेना की जवान बसंत राम की मौत के बाद गुरुवार को देर संध्या सेमरिया स्थित श्मशान घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। श्मशान घाट पर सेना की जवानों ने मृत साथी को सलामी दी। मृतक के पुत्र ऋतू राज ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। विदित हो कि टेकनिवास गांव निवासी लाल बहादुर राम के 39 वर्षीय पुत्र बसंत राम की मौत बुधवार को टेकनिवास पोखरा में डुबने से हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची रिविलगंज थाना के पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम कराने के परिजनों को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार आसाम में पोस्टेड सेना के जवान बसंत राम कुछ दिन पहले छुट्टी लेकर घर आये थे। बसंत राम को गुरुवार को ड्यूटी पर वापस जाना था। लेकिन बुधवार को ही घटना घटित हो गयी। हंसमुख व मिलनसार स्वभाव के धनी बसंत राम की असामयिक निधन से घर-परिवार सहित गांव-जवार में शोक की लहर है। उनकी शादी करीब पंद्रह साल पहले हुई थी। दो बच्चे एक पुत्र ऋतु राज एवं पुत्री अनन्या कुमारी है।

# वार्षिक अवार्ड समारोह में क्लब ने लोगों को किया सम्मानित



छपरा कार्यालय। शहर में स्थित पार्टी क्लब में कार्यक्रम की शुरूआत अध्यक्ष शिल्पी कुमारी को कॉलर पहना कर और कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित करके हुआ। सदस्यों ने इनर व्हील प्रार्थना प्रस्तुत की । कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने किया और अपने कार्यकाल में हुए प्रोजेक्ट और सामाजिक कार्य के बारे में अतिथियों और सदस्यों को विस्तृत जानकारी दी और देवघर में हुए डिस्ट्रिक्ट अवार्ड सेरेमनी ह्लआभारह्व में मिले अवार्ड के बारे में सविस्तार बताया। तत्पश्चात अध्यक्ष ने अपने 1 साल के पूरे कार्यकाल में सहयोग देने वाली क्लब की सदस्यों और प्रेस तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को स्टॉल तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया। अतिथियों में आए हुए रोटरी क्लब छपरा के भूतपूर्व अध्यक्ष रोटेरियन राजेश्वर प्रसाद को अध्यक्ष ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। राजेंद्र कॉलेजिएट के प्राचार्य महेश प्रसाद चौरसिया और राजकीय प्राथमिक विद्यालय के प्राचार्य अनिल सिंह को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। रोटरी सारण से आए 2024-25 के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता,पूर्व अध्यक्ष डॉ मदन प्रसाद,पूर्व अध्यक्ष विकास कुमार और रोटेरियन आशुतोष कुमार दीपक को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। योगा टीचर रोहित कुमार को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष ने प्रेस तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से आए हुए प्रतिनिधि डॉ.विद्या भूषण श्रीवास्तव शकील हैदर किशोर कुमार , उमेश शर्मा, चंदन कुमार, विकास कुमार को अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उसके बाद अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने संस्थापक अध्यक्ष, सभी पूर्व अध्यक्ष, और कार्यकारिणी सदस्यों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। फिर अध्यक्ष ने बेस्ड अटेंडेंस के लिए प्रिया साह, एक्टिव मेंबर के लिए निष्ठा मोदनवाल, बेस्ट सपोर्ट के लिए प्रीति सिंह और बेस्ट फेलोशिप के लिए सुषमा गुप्ता और रूपा गुप्ता को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष ने इन सभी का धन्यवाद और आभार जताया । उसके बाद अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने 2025-26 की अध्यक्ष और उनकी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष अंजू फैशन ने दिया और मंच संचालन पूर्व अध्यक्ष अनीता राज ने किया। कार्यक्रम की समाप्ति राष्ट्रगान से हुआ। इस मौके पर संस्थापक अध्यक्ष अनु जायसवाल, रूपा गुप्ता, तनु जायसवाल, सुषमा गुप्ता, सचिव अंकिता जयसवाल, कोषाध्यक्ष रिंकी सिन्हा, एडिटर रचना कुमारी, सदस्य संजू गोल्ड, मंजू गुप्ता, संध्या उपाध्याय, रीना गुप्ता, शालिनी अग्रवाल, सोनी गुप्ता, रजनी गुप्ता, सीमा देवी, गीता गुप्ता और ज्योति गुप्ता की उपस्थिति रही।


# पार्टी के बीएलए मतदाता गहन पुरनिरीक्षण कार्य में बीएलओ को सहयोग करेंगे

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने पार्टी के जिला संगठन प्रभारी विधानसभा प्रभारी विधानसभा के ब्लीडो एवं पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार के द्वारा मतदाता गहन पुरनिरीक्षण एक चैलेंज के रूप में सभी साथियों को लेना होगा तभी जाकर ससमय मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम जोड़ा जा सकेगा इस अभियान में पार्टी के सभी जिला से लेकर प्रखंड पंचायत बूथ अस्तर तक के सभी समर्पित कार्यकताओं को लगना होगा तभी जाकर मतदाता गहन पुननिरीक्षण अभियान को सफल बनाया जा सकेगा आप सभी समर्पित साथियों को बदौलत हम लोग इस अभियान को सफल बनाएंगे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह माननीय मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि मतदाता गहन पुनरीक्षण में विधानसभा प्रभारी एवं बीएलए 2 का जवाब दे ही है कि कोई भी मतदाता का नाम छुटे नहीं अपने-अपने विधानसभा में कैंप कर इस अभियान को सफल बनाएंगे प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि आगामी 8 जुलाई को सुबह में सभी पंचायत में पार्टी के समर्पित कार्यकताओं के द्वारा साइकिल रैली निकाल कर मतदाता गन पुनरीक्षण कार्य को जागरूक करेंगे और साथ ही साथ पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता मतदाताओं के घर पर जाकर मतदाताओं का पूर्ण निरीक्षण कार्य में सहयोग करेंगे पूर्व में बनाए गए पार्टी के द्वारा सभी बूथों पर बीएलए का सत्यापित कर उस सूची को पुनः जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे पार्टी के द्वारा सभी विधानसभा वार पंचायत स्तर पर आयोजित बूथ कमेटी की बैठक अगले आदेश तक स्थापित कर दी गई है वर्चुअल बैठक में मुख्य रूप से जिला संगठन प्रभारी रणविजय कुमार ,जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ,विधानसभा प्रभारी राजेंद्र जॉर्ज,महेश्वर चौधरी ,रवि ज्योति ,मनोज पटेल,संजय गिरी ,मन्नू गिरी ,संदेश महतो ,अब्दुल बाकी,लालबाबू कुशवाहा, ई प्रभास शंकर,देव शंकर पाल ,चंद्रभूषण पंडित,संतोष कानन ,कुसुम देवी,गुलाम गौस राइन ,सत्यनारण सिंह ,अख्तर अली ,इम्तेयाज परवेज ,मनोज सिंह,संजीत कुमार सोनी,इत्यादि सम्मिलित थे

# मुहर्रम पर विधि व्यवस्था बनाए रखने को ले डीसी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ संयुक्त ब्रीफिंग की

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन एवं विधि व्यवस्था संधारण को लेकर समाहरणालय सभागार में जिला दंडाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक राज द्वारा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ संयुक्त ब्रीफिंग की गई।मुहर्रम के अवसर पर पारंपरिक रूप से निकाले जाने वाले ताजिया जुलूस को देखते हुए प्रशासन ने पूर्ण सतर्कता बरतने और हर स्तर पर निगरानी बढ़ाने का निर्णय लिया है। ताजिया जुलूस में झंडा, परंपरागत हथियार, ढोल-नगाड़े और खेल प्रदर्शन होते हैं, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। इस दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।ब्रीफिंग में सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि धार्मिक भावनाओं को भड़काने, अफवाह फैलाने या नफरत का माहौल बनाने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखते हुए अफवाहों का त्वरित खंडन और नियंत्रण सुनिश्चित करने को कहा गया। ताजिया जुलूस के मार्गों का संबंधित थाना अध्यक्ष एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से भौतिक सत्यापन किया जाएगा। साथ ही सभी जुलूसों की अनिवार्य वीडियोग्राफी कराई जाएगी और जुलूस के आगे-पीछे सुरक्षा स्कॉर्ट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि सदर अस्पताल, रेफरल अस्पताल एवं सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर मेडिकल टीम को आवश्यक उपकरणों के साथ तैनात किया जाए। जिला नियंत्रण कक्ष में एंबुलेंस समेत एक चिकित्सा दल की प्रतिनियुक्ति भी अनिवार्य की गई है। नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायतों को पर्व के दौरान विशेष सफाई अभियान चलाने,कर्बला स्थलों पर पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और स्वच्छता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।प्रशासन ने जिला समाहरणालय परिसर में स्थायी नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है, जिसका दूरभाष नंबर 06182-248702 है।इस ब्रीफिंग में जिला भू अर्जन पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मुहर्रम कें शांतिपूर्ण आयोजन को ले अनुमंडल कार्यालय, जगदीशपुर में एक संयुक्त बैठक हुई

ब्रीफिंग बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी जगदीशपुर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जगदीशपुर द्वारा की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी भोजपुर एवं पुलिस अधीक्षक भोजपुर द्वारा प्राप्त दिशा-निदेर्शों से उपस्थित सभी पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। अधिकारियों को मुहर्रम जुलूस के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, शांति-सद्भाव एवं साम्प्रदायिक सौहार्द सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक स्थल पर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान जुलूस मार्ग, संवेदनशील स्थलों की निगरानी, रूट चार्ट, गश्ती दल की तैनाती एवं नियंत्रण कक्ष की स्थापना जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही सभी पदाधिकारियों से अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में पूरी मुस्तैदी से तैनात रहने एवं किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तत्पर रहने का निर्देश दिया गया।बैठक में जगदीशपुर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सेमरिया में नित्या लाइब्रेरी को समाजसेवी अजय सिंह ने सैकड़ों प्रतियोगी पुस्तकें दान की

प्रात: किरण संवाददाता



आरा।सेमरिया। क्षेत्र के सक्रिय समाजसेवी अजय सिंह ने आज एक सराहनीय पहल करते हुए सेमरिया स्थित नित्या लाइब्रेरी को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी पुस्तकों का बड़ा संग्रह भेंट किया। पुस्तकालय के संचालक के अनुसार, इन पुस्तकों की अनुमानित कुल कीमत लगभग 37,000 है।दान की गई पुस्तकों में 130 विविध विषयों की विशेष पुस्तकें और 80 एनसीईआरटी की किताबें शामिल हैं, जो छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होंगी। यह पुस्तकें बिहार स्टेट पीसीएस (इढरउ), रेलवे, बैंकिंग, एसएससी, और यूपीएससी जैसी केंद्रीय सेवाओं की परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को ध्यान में रखकर चयनित की गई हैं।

यह पुस्तकालय क्षेत्र के सैकड़ों छात्रों के लिए एक प्रमुख अध्ययन केंद्र है, जहाँ प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं।इस अवसर पर समाजसेवी अजय सिंह ने कहा,ह्लप्रतियोगी परीक्षा में बिहार और भोजपुर के बच्चे हमेशा आगे रहते है और फिर भी हमारे बच्चे केवल इसलिए न पढ़ सकें क्योंकि उनके पास किताबें खरीदने के पैसे नहीं हैं, तो यह हम सबके लिए बेहद शर्मनाक बात होगी। मेरा उद्देश्य यही है कि आर्थिक कारणों से किसी भी छात्र की पढ़ाई बाधित न होउन्होंने आगे कहा,शिक्षा ही समाज को आगे ले जाने का सबसे मजबूत माध्यम है। हर सक्षम व्यक्ति को अपने स्तर पर छात्रों की मदद करनी चाहिए।

लाइब्रेरी के संचालकों और विद्यार्थियों ने अजय सिंह के इस योगदान का हृदय से स्वागत किया और आभार प्रकट किया। विद्यार्थियों ने कहा कि अब उन्हें महंगी किताबें खरीदने की चिंता नहीं करनी पड़ेगी और वे पहले से बेहतर ढंग से अपनी परीक्षा की तैयारी कर सकेंगे।इस अवसर पर पुस्तकालय के सभी छात्राओं ने अजय सिंह को सम्मानित कर उनको रामचरितमानस भेट दिया, साथ में स्थानीय नागरिकों, अभिभावकों ने अजय सिंह का धन्यवाद किया। सभी ने अजय सिंह के इस योगदान की प्रशंसा की और उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।इस योगदान से एक बार फिर यह सिद्ध हुआ कि अजय सिंह समाज सेवा में अग्रणी हैं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका समर्पण अनुकरणीय है।

# जनतंत्र आवाज पार्टी के बैनर तले धनुपरा में लकड़ी कारीगरों की बैठक आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित इस वर्चुयल बैठक में जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कृषि विभाग के सभागार में भोजपुर जिला से जिला संगठन प्रभारी, महानगर अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी एवं इछअ - 1 शामिल हुए।

इस वर्चुयल बैठक के माध्यम से दल के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा, बिहार सरकार के माननीय मंत्री विजय कुमार चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, विधानपार्षद ललन श्राफ, विधानपार्षद रविन्द्र सिंह, अनिल हेगड़े एवं मुख्यालय प्रभारी चंदन सिंह द्वारा मतदाता पुनरीक्षण कार्य के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही कार्यकताओं से साइकिल जुलूस निकाल कर मतदाताओं को जागरूक करने के साथ साथ सोशल मीडिया के द्वारा भी प्रचार प्रसार करने का कार्यकताओं को निर्देश दिया गया, जिससे कि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में जुड़ने से छुटे नहीं।

इस कार्यक्रम में उपस्थित नव मनोनीत राज्य नागरिक परिषद के महासचिव उर्फ छोटू सिंह को जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में अंगवस्त्र एवं बुके से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में जिला संगठन प्रभारी राजकिशोर दांगी, महानगर जिलाध्यक्ष जयप्रकाश चौधरी, प्रवक्ता शंभु प्रसाद सोनी, प्रदेश महासचिव मीडिया सेल विकास कुमार पांडे, मिडिया सेल जिलाध्यक्ष प्रियांशु कुशवाहा, विधानसभा प्रभारी मंटू उपाध्याय, प्रभात कुमार आर्य, अरुणा देवी, विनोद कुमार राय, कमल नोपनी, विधानसभा इछअ - 1 जियाउल वारसी, मनोज कुमार झमन, शिवजी सिंह,दुर्गा पटेल, अवधेश कुमार, संजय चौधरी उपस्थित थे।

# बीईओ द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं बेहतर शिक्षा के लिए बैठक आयोजित निपुण बिहार, पीबीएल, मशाल एवं ऑनलाइन एंट्री पर दिया गया बल

प्रात: किरण संवाददाता



रक्सौल। प्रखंड अंतर्गत अवस्थित सभी प्रकार के विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, सीआरसी संचालकों एवं समन्वयकों की एक आवश्यक बैठक स्थानीय प्रखंड स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र में आयोजित की गई। प्रखंड संसाधन केंद्र के सभागार में आयोजित इस बैठक में सरकार के निदेर्शानुसार सम्बंधित विभाग द्वारा प्रायोजित विभिन्न शैक्षणिक क्रियाकलापों को विद्यालय स्तर पर सफल करने का निर्देश बीईओ ब्रजेश कुशवाहा ने दिया। इसके तहत अधिकाधिक बच्चों को नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु फॉर्म भरवाने, निपुण बिहार कार्यक्रम को क्रियान्वित करने, मशाल-टू के आयोजन को सफल बनाने का भी निर्देश श्री कुशवाहा के द्वारा दिया गया। वहीं यू-डायस पर प्रोग्रेशन कार्य एवं ई-शिक्षकोष पर नए नामांकित बच्चों की प्रविष्टि पूर्ण करने को कहा गया। साथ ही प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग को शीघ्रतापूर्ण समाप्त कर प्रमाणपत्र अपलोड करने को कहा गया। वही सभी प्रधानाध्यापको ने विद्यालयों में विभिन्न समस्याओं से बीईओ को अवगत कराया।

तत्पश्चात बीआरसी कार्यालय द्वारा मांगे गए सभी प्रकार के लंबित प्रतिवेदन, उपयोगिता एवं अन्यान्य सूचनाओं को वांछित प्रपत्र में भरकर जमा कराया गया। मौके पर पीएम पोषण योजना प्रखंड साधनसेवी योगेश प्रसाद, बीआरपी विभूतिभूषण चौबे, लिपिक मनोज कुमार एवं निशांत कुमार सहित सभी प्रधानाध्यापक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक सहित अन्य मौजूद थे।

# बिस्कोमान अध्यक्ष विशाल से मिलकर पैक्स प्रतिनिधियों ने दी बधाई



उदवंतनगर - नव निर्वाचित बिस्कोमान अध्यक्ष विशाल सिंह से मिलने व जीत की शुभकामनाए देने को लेकर आरा से पैक्स प्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकताओं का दल पटना पहुंचा तथा मिलकर विशाल सिंह को जीत की बधाई दी। पैक्स प्रतिनिधियों ने उनके बेहतर कार्य काल की ईश्वर से कामना किया। शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे छोटी सासाराम पैक्स अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि सहकारिता के पुरोधा थे स्व तपेश्वर सिंह। विशाल को सहकारिता की सेवा का अवसर विरासत में मिला है। भोजपुर खासकर उदवंतनगर के लोगों को विशाल सिंह से बहुत आशा है। इनके नेतृत्व में सहकारिता का मान बढ़ेगा। शिष्टमंडल में शामिल लोगों में डा संजीव कुमार सिंह उर्फ मियां सिंह, शशि चौधरी, राकेश रंजन उर्फ पुतुल, अधिवक्ता मुकुल सिंह,मन्तोष कुमार, कन्हैया सिंह, प्रकाश चौधरी मुख्य थे।

## ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण में देश के 62 हवाई अड्डों में गया हवाई अड्डे को मिला द्वितीय स्थान

गया जी।भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा आयोजित ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण में गया हवाई अड्डे को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। प्राधिकरण द्वारा नियमानुसार, प्रत्येक वर्ष में दो बार, सलाहकार की नियुक्ति कर, देश के 62 हवाई अड्डों पर, ग्राहकों के संतुष्टि का सर्वेक्षण कराया जाता है। इस सर्वेक्षण में, यात्रियों के सेफ़्टी व सेक्युर्टी सहित सभी सुविधाओं के पैरामिटर्स पर, सीधे यात्रियों से संवाद स्थापित कर सर्वेक्षण किया जाता है। वर्ष 2025 के पहले छमाही में, देश के कुल 62 हवाई अड्डों ने इस सर्वेक्षण में भाग लिया, जिनमे से परिणाम के आधार पर, गया हवाई अड्डे को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है।बंगजीत साहा, हवाई अड्डा निदेशक द्वारा बताया गया कि पिछले सर्वेक्षणों के परिणामों के आधार पर, यात्री सुविधाओं से संबन्धित विभिन्न बिन्दुओं पर संबन्धित विभागों व हितधारकों के मध्य समन्वय स्थापित कर, आवश्यक कार्य किया गया है। जिसके फलस्वरूप सर्वेक्षण में अभूतपूर्व परिणाम दिखे हैं।

# अम्बेडकर सेवा समिति ने शुरू किया नि:शुल्क वाहन सेवा

आरा में टेम्पू संघ द्वारा जारी हड़ताल को देखते हुए अम्बेडकर सेवा समिति ने रोगियों एवं वृद्ध के लिए निःशुल्क वाहन सेवा प्रारंभ किया है जिसकी शुरूआत आज की गई है। समिति के अध्यक्ष यशवन्त नारायण ने बताया की समाज को जब भी ऐसे किसी भी प्रकार की सेवा जरूरत महसूस होगी अम्बेडकर सेवा समिति एक कदम आगे बढ़ कर सेवा कार्य के लिए तत्पर दिखेगी हम लोग समाज की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है बिगत दो दिनों से टेम्पो चालक के अनिश्चित कालीन हड़ताल के वजह से रोगियों एवं वृद्ध को अस्पताल जाने में काफी कठिनाई हो रही थी। जिसके कारण हमलोगों ने निःशुल्क वाहन सेवा प्रारम्भ किया हैं । इन्होंने बताया कि जब तक हड़ताल रहेगा तब तक समिति द्वारा वाहन सेवा उपलब्ध कराया जाएगा। आज लगभग 7 गाड़ी से सैकड़ो लोगो को यह सुविधा प्रदान की गई। इस कार्य मे क्रिकेट एकेडमी के सचिव कुमार विजय, सत्य चैरिटेबल ट्रस्ट के संजय राय, तीरंदाजी संघ के नीरज सिंह, युवा नेता रविश सिंह समेत कई लोग थे।

## गुप्त नवरात्र के नवमी के अवसर पर पाठ के समापन के साथ कराया गया हवन

आरा। दश महा विद्या मंदिर, महावीर मंदिर परिसर रमना आरा में गुप्त नवरात्र के नवमी के अवसर पर पाठ के समापन के साथ मंदिर के पुजारी जितेंद्र बाबा द्वारा भक्तों का हवन कराया गया। ,इसके बाद कुवारी कन्या पूजन व भोज कराया गया,जिसमें 111 कन्या उपस्थित रहीं,इसके बाद प्रसाद वितरण हुआ, महंत सुमन बाबा ने बताया कि आज गुप्त नवरात्र का समापन दिवस है,तंत्र शास्त्र के अनुसंधान का नवम दिवस है,दशमी को प्रयोग दिवस मनाया जाता है,दसों द्वार खुला रहता है,अष्ट सिद्धी,नव निधी कि साधना कितना कर पाये,इसको समझने का दिन दशमी तिथी है,उक्त अवसर पर सतेन्द्र नारायण सिंह, सुनिल सिंह अधिवक्ता,यशवंत नारायण, कुमार मोहित, मधुसूदन वर्मा,संजय राय, अभय विश्वास भट्ट ,रवि सहाय संगीता देवी ,ऋचा कुमारी,प्रिया पाण्डेय, पवन पाण्डेय, डा सत्य नारायण उपाध्याय ,श्री एस के सिंह ,ठाकुर राजकिशोर सिंह, जादूगर महानंद, नन्द किशोर सिंह कमल, आदित्य पाण्डेय ,युवराज, शुभम कुमार आदि का सक्रिय योगदान रहा।

## गया-धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस में जमकर हुई मारपीट, एक हिरासत में, बाउंसर बुलवाकर दिया घटना को अंजाम

गयाजी। गया-कोडरमा ग्रैंडकॉर्ड रेलखंड पर गया-धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस में जमकर एक यात्री की पिटाई कर दी गई। झगड़ा गया जंक्शन से ट्रेन में सीट को लेकर शुरू हुआ और यह बड़ी घटना में तब्दील हो गई है। घटना गुरुवार की है। बताया गया कि पहाड़पुर स्टेशन पहुंचने के पहले एक यात्री जो कि जमहेता का रहने वाला था सीट को लेकर दूसरे यात्री से उलझ गया। बात बढ़ते बढ़ते मारपीट तक पहुंच गई। इस बीच पहाड़पुर का रहनेवाला यात्री ने फोन कर अपने कुछ साथियों को पहाड़पुर स्टेशन पर बुला लिया। बाउंसर के रूप में आए करीब एक दर्जन से अधिक लोग पहाड़पुर स्टेशन पर ट्रेन आने का इंतजार करने लगे। जब ट्रेन शाम करीब सात बजे के आसपास प्लेटफॉर्म पर रुकी तो जमहेता के यात्री ने हाथों से इशारा करते हुए अपने कोच में बुला लिया।सभी बाउंसर कोच में यात्री की जमकर धुनाई कर दीट्रेन के ठहरते ही सभी बाउंसर कोडरमा जा रहे यात्री की जमकर धुनाई करने लगे। पीड़ित यात्री परिवार के साथ यात्रा कर रहे थे, बीच बचाव की कोशिश की लेकिन बाउंसरों ने एक न सुनी और धुनाई कर दी ट्रेन खुली तो एक बाउंसर को बोगी में खींच लिया गया। दो मिनट के ठहराव के बाद ट्रेन जब खुलने लगी तो पीड़ित यात्री अन्य यात्रियों के सहयोग से एक बाउंसर, जिसका नाम हिमांशु कुमार बताया गया है को बोगी में खींचकर अपने साथ कोडरमा लेते चले गए। आरोपी हिमांशु के बारे में बताया गया कि वह पहाड़पुर का रहनेवाला है। जिसे कोडरमा रेल थाना में हिरासत में रखा गया है।प्लेटफॉर्म पर आरपीएफ के जवान नजर नहीं आएस्थानीय लोगों में इस बात की चर्चा हो रही है कि पहाड़पुर स्टेशन पर हुई मारपीट की घटना के वक्त प्लेटफॉर्म पर न तो आरपीएफ घटनास्थल पर पहुंचे और न ट्रेन में स्कोर्ट कर रही टीम को इस घटना की भनक लगी।

इस सम्बंध में कोडरमा आरपीएफ पोस्ट प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार ने कहा कि मारपीट की घटना की जानकारी उन्हें मिली है। रेल थाना के स्तर से अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

# भारत में अवैध रूप से प्रवेश करते बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता



रक्सौल। भारत-नेपाल सीमा स्थित मैत्री पुल पर शुक्रवार को एसएसबी 47वीं बटालियन ने एक बांग्लादेशी नागरिक को नेपाल के रास्ते अवैध रूप से भारत में प्रवेश करते हुए गिरफ्तार किया है। भारत में प्रवेश के लिए उसके पास कोई वैध वीजा या दस्तावेज नहीं था। एसएसबी के जवानों ने उसे जांच के दौरान पकड़ा। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान बांग्लादेश के चमोला निवासी सैयद सफीकुर रहमान के पुत्र 43 वर्षीय सैयद इकबाल के रूप में हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक इकबाल ने बताया कि वह आठ दिन पहले बांग्लादेश की राजधानी ढाका से फ्लाइट द्वारा नेपाल की राजधानी काठमांडू पहुंचा था। इसके बाद वह भारत-नेपाल की खुली सीमा का फायदा उठाकर अवैध रूप से भारत में प्रवेश करना चाह रहा था। एसएसबी द्वारा जब उससे भारत में प्रवेश के उद्देश्य के बारे में पूछा गया तो उसने बताया कि वह इलाहाबाद, प्रयागराज होते हुए अजमेर शरीफ जाने की योजना बना रहा था। एसएसबी ने उसे तत्काल हिरासत में ले लिया और पूछताछ के लिए खुफिया एजेंसियों को जानकारी दी गई। इसके बाद विभिन्न सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंचीं और इकबाल से पूछताछ शुरू कर दी गई। हरैया थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान ने बताया कि इकबाल से गहनता से पूछताछ की जा रही है कि वह भारत में किस उद्देश्य से प्रवेश करना चाहता था और उसके पीछे कोई साजिश तो नहीं है। इस घटना के बाद से बॉर्डर पर सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता और बढ़ा दी गई है। गौरतलब है कि हाल के दिनों में इसी सीमा से कई विदेशी नागरिकों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जिनमें चार चीनी नागरिक भी शामिल हैं।

# गरीबों को वैकल्पिक व्यवस्था कर भूमि और पक्का मकान बनाए सरकार! :मनोज मंजिल

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। कोइलवर के सैकड़ों परिवार का वैकल्पिक व्यवस्था किए बगैर अतिक्रमण मुक्त करने के सरकार के तुगलकी फरमान के खिलाफ ज़िलाधिकारी, भोजपुर के समक्ष भाकपा माले और खेग्रामस के नेतृत्व में हुआ एकदिवसीय धरना !

धरने की अध्यक्षता कोईलवर प्रखंड सचिव विष्णु ठाकुर ने किया और संचालन कॉमरेड भोला यादव ने किया रेलवे की जमीन पर सालों से बसा किन्नर समाज भी हुआ शामिल!

मनोज मंजिल ने कहा कि कोईलवर नगर पंचायत के गरीबों को अतिक्रमण के नाम पर जमीन खाली करने तुगलकी फरमान रेलवे विभाग द्वारा जारी किया गया है जिसमें सैकड़ों लोगों को के भविष्य संकट में पड़ गई है यहां तक कि कई अपने रैयती जमीन में बसे लोगों को भी नोटिस जारी कर दिया है ।

सभी भूमिहीन गरीबों को वैकल्पिक व्यवस्था करने सहित 5 डिसमिल जमीन और पक्का मकान की मांग को लेकर भाकपा माले के नेतृत्व में जिलाधिकारी के समक्ष एकदिवसिय धरना किया जा रहा है जिसमें किन्नर समुदाय ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है ,सैकड़ों महिला पुरुष नौजवान शामिल हैं । जब तक हमें पूर्ण आश्वासन नहीं मिल जाता ये धरना जारी रहेगा ,कोई वार्ता नहीं करने आया तो हमलोग सड़क जाम करेंगे एवं जिलाधिकारी का घेराव करेंगे।खुशबू किन्नर ने कहा कि हमलोग 20 साल से ज्यादा समय से कोईलवर में रेलवे की जमीन पर जोकि सोन नदी के किनारे स्थित है बसे हुए हैं, हमलोगों हमेशा से भेदभाव के शिकार रहे हैं,हमलोगों का घर उजड जाएगा तो हम कहाँ जाएंगे । सरकार हमारे लिए 5 डिसमिल जमीन और पक्का मकान की व्यवस्था करे, हमलोगों का नाम वोटरलिस्ट में जोड़े,हमारा आधार कार्ड बनाया जाए,हम कागज कहाँ से लाएं,क्या हमें इस देश मे रहने का अधिकार नहीं है । चाहे सरकार हमलोगों पर बुलडोजर चला दे लेकिन हमलोग अपने मकान को बिना वैकल्पिक व्यवस्था किये तोड़ने नहीं देंगे । मंजू किन्नर,प्रिया किन्नर, खुशबू किन्नर,कल्पना किन्नर और शिला किन्नर ने धरने को किया संबोधित।करीब 5 घंटे के धरने के बाद एसडीएम भोजपुर ने की वार्ता और आश्वस्त किया कि किसी का घर नहीं टूटेगा और ना ही जमीन खाली करायी जाएगी, सभी को जमीन उपलब्ध कराकर आवास योजना के तहत मकान बनवाया जाएगा ।

धरने में भाकपा माले केंद्रीय कमिटी सदस्य सह अगिआंव के पुर्व विधायक कॉमरेड मनोज मंजिल बड़हरा विधानसभा प्रभारी नंद कुमार, कोईलवर प्रखंड सचिव विष्णु ठाकुर, जिला कमिटी सदस्य विशाल कुमार,संजय चौधरी, सुरेंद्र साह, खुशबू किन्नर, अंजु किन्नर, मंजू किन्नर,प्रिया किन्नर,कल्पना किन्नर, शिला किन्नर,कमलेश कुमार, अजीत सिंह भागीरथ मांझी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# बाल संरक्षण विषय पर जिले में नुक्कड़ नाटक से किया जा रहा लोगों को जागरूक



**बाल विवाह, पॉक्सो अधिनियम, गोद लेने आदि के कानूनी नियमों का हो रहा प्रचार**

प्रात: किरण संवाददाता

आरा । समाज कल्याण विभाग बिहार सरकार के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई भोजपुर एवं जिला प्रशासन के सौजन्य से तरारी प्रखण्ड मुख्यालय सहित जेठवार और सेदहा पंचायत में कला जत्था के कलाकारों के द्वार नुक्कड़ नाटक ह्लयही हमारे भविष्य ह्ल प्रस्तुत कर बाल संरक्षण पर लोगो को जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम दिनांक 23 जून से जिले के प्रत्येक प्रखंडो में चलाया जा रहा है. उक्त कार्यक्रम जिला बाल संरक्षण इकाई,भोजपुर के सहायक निदेशक श्री अलोक कुमार गौतम की देख रेख में किया जा रहा हैं. सहायक निदेशक श्री आलोक कुमार गौतम ने बताया कि समाज कल्याण विभाग का लक्ष्य जिले के सभी बालक - बालिकाओं को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। इस उदेश्य से बाल संरक्षण कानून का प्रभावी कार्यान्वयन करना है और साथ ही जिले के बालक - बालिकाओं को कानूनी सुरझा प्रदान करना है. उनके हितार्थ विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देना हैं. वही नुक्कड़ नाटक में विद्या कला उत्थान के कलाकारों द्वारा नाटक ह्य यही हमारे भविष्य ह्यकी प्रस्तुती कर लोगों को जागरूक किया गया. जिसमें बाल विवाह , पॉक्सो अधिनियम गोद लेना ट्रांसजेंडर समुदाय जैसे विषयों कानूनी नियमों के बारे में गीत -संगीत और अभिनय के माध्यम से आम जनों को बताया गया। कलाकारों में दल नायक मुकेश कुमार , नागेश्वर नयन,दुर्गा प्रसाद,हरेंद्र कुमार,सुनील सिंह,रूबी देवी आदि शामिल थे।

# बड़हरा में ग्रामीण चिकित्सकों के लिए कालाजार और फाइलेरिया उन्मूलन पर प्रशिक्षण, पिरामल फाउंडेशन की रही अहम भूमिका

प्रात: किरण संवाददाता

बड़हरा (भोजपुर)। बड़हरा स्थित समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में शुक्रवार को कालाजार और फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से ग्रामीण चिकित्सकों को इन संक्रामक रोगों की रोकथाम, पहचान और उपचार की जानकारी देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. स्वरूप शंकर ने की। उन्होंने कालाजार और फाइलेरिया से जुड़ी चुनौतियों, सरकारी प्रयासों, और चिकित्सकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

इस कार्यक्रम में पिरामल फाउंडेशन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। फाउंडेशन की ओर से हिमांशु शेखर और रितेश राज ने संयुक्त रूप से प्रशिक्षण सत्र का संचालन किया। उन्होंने एक्टिव केस मैनेजमेंट, हाइड्रोसिल सर्जरी, दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रक्रिया, और एमडीए राउंड के दौरान दवा कंजंप्शन की निगरानी जैसे विषयों पर व्यापक जानकारी दी।

हिमांशु शेखर, जो पिरामल फाउंडेशन में स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्षेत्रीय समन्वयक हैं, ने सरकार और समुदाय के बीच सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

वहीं रितेश राज ने नीतिगत क्रियान्वयन और फील्ड पर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देते हुए बताया कि किस तरह पिरामल फाउंडेशन, सरकार के साथ मिलकर स्वास्थ्य कार्यक्रमों को जमीनी स्तर पर लागू करने में तकनीकी सहायता प्रदान करता है।

दोनों प्रतिनिधियों ने जोर दिया कि ग्रामीण चिकित्सकों की जागरूकता और सक्रिय भागीदारी ही कालाजार व फाइलेरिया उन्मूलन की सफलता की कुंजी है। उन्होंने चिकित्सकों को कढउ कार्ड और हैंडबिल वितरित किए ताकि वे अपने कार्यक्षेत्र में आम लोगों को जागरूक कर सकें।

प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए वेक्टर जनित रोग नियंत्रण अधिकारी श्री अजीत कुमार एवं अनुज कुमार ने कालाजार, फाइलेरिया के अतिरिक्त डेंगू और अएर (अ४३ी एल्लीस्रँ/३२ र८ल्लश्क्ति) पर भी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम, सरकारी तंत्र और पिरामल फाउंडेशन जैसे डेवलपमेंट पार्टनर्स के समन्वय से, ग्रामीण स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने और गंभीर बीमारियों के उन्मूलन की दिशा में एक ठोस और प्रभावशाली पहल साबित हो रहा है। कार्यक्रम में प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक शिवशंकर जी तथा सामुदायिक उत्प्रेरक रंजीत द्वारा सभी ग्रामीण चिकित्सकों को स्वास्थ्य संस्थान से समन्वय बनाकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।



# धर्म की रक्षा के लिए युद्ध के मैदान में उतरे पवन कल्याण बॉबी देओल से करेंगे मुकाबला

साउथ स्टार पवन कल्याण की मच अवेटेड फिल्म 'हरि हर वीरमल्लु' का ट्रेलर जारी हो गया है। इस हिस्टोरिकल एपिक ड्रामा का फैंस लंबे वक्त से इंतजार कर रहे थे। ट्रेलर में पवन कल्याण के अलावा बॉबी देओल का भी दमदार अंदाज देखने को मिला है।

## धर्म के रक्षक बने पवन कल्याण

3 मिनट लंबे इस ट्रेलर की शुरुआत एक वॉइस ओवर से होती है, जिसमें मुगल काल के इतिहास के बारे में बताया जाता है। वॉइस ओवर में कहा जाता है 'एक ऐसा समय जब हिंदू बने रहने की कीमत चुकानी पड़ी। एक ऐसा समय जब भारत की संस्कृति और परंपरा जुल्मी बादशाह के पांव तले रौंदी जा रही थी। ऐसे समय स्वयं प्रकृति की कोख से जन्म लेता है एक सच्चा वीर।' इसके बाद ट्रेलर में मुगल साम्राज्य को दिखाया जाता है। इसके बाद एंट्री होती है मुगल साम्राज्य के सबसे खूंखार और जुल्मी माने जाने वाले शासक औरंगजेब की, जिसके किरदार में नजर आए हैं बॉबी देओल। 'कंगुवा' के बाद बॉबी देओल एक बार फिर खतरनाक अंदाज में नजर आए हैं। इसके बाद धर्म के रक्षक के रूप में एंट्री मारते हैं पवन कल्याण, जो फिल्म में वीरमल्लु की भूमिका में नजर आए हैं।

## कोहिनूर हीरे के लिए हुई जंग

फिल्म में पवन कल्याण को वीरमल्लु के रोल में दिखाया गया है, जो एक विद्रोही योद्धा है, जिसे दिल्ली सल्तनत के खिलाफ सनातन धर्म की रक्षा करने के लिए नियत किया गया है। वो मुगलों की ताकत को चुनौती देने का साहस करता है और औरंगजेब का मुकाबला करता है। कोहिनूर हीरे के लिए लड़ाई जारी है, जब वीरमल्लु मुगलों से भिड़ता है तो असली संघर्ष सामने आता है। ट्रेलर में पवन कल्याण काफी दमदार अंदाज में दिख रहे हैं। ट्रेलर में फिल्म की बाकी स्टारकास्ट भी नजर आई है। जिसमें निधि अग्रवाल भी दिखी हैं। फिल्म पूरी तरह से ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित है। ट्रेलर में सिनेमैटोग्राफी का शानदार काम देखने को मिलता है। युद्ध के सीन देखने में अच्छे लगे हैं।

## 24 जुलाई को होगी रिलीज

काफी देरी के बाद अब अंततः पवन कल्याण की 'हरि हर वीरमल्लु' 24 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। एक्शन और हिस्टोरिकल फिल्मों के शौकीन लोगों के लिए ये फिल्म एक बड़ी सौगात हो सकती है।



# सिर्फ इरफान खान की वजह से कई फिल्मों में किया काम

**कोंकणा सेन शर्मा अपनी अपकमिंग फिल्म मेट्रो इन दिनों को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 2007 में आई फिल्म लाइफ इन अ मेट्रो की अगली कड़ी है। इस फिल्म में कोंकणा सेन शर्मा ने इरफान खान के साथ काम किया था। उन्होंने इरफान के साथ कई फिल्मों में काम किया है। हाल ही में कोंकणा ने इरफान खान के साथ काम करने का अपना अनुभव बताया है।**

## इरफान की वजह से काम के लिए राजी होती थीं

मैशेबल इंडिया के साथ बातचीत में कोंकणा सेन शर्मा ने बताया कि वह कई फिल्मों में आसानी से इसलिए रोल के लिए राजी हो जाती थीं कि उसमें इरफान खान होते थे। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे उनके सहयोग में उनके कई हैरतअंगेज प्रोजेक्ट शामिल थे।

## 2000 के दशक में मशहूर हो रहे थे इरफान

कोंकणा ने बताया कि 2000 के शुरुआती दशक में जब फिल्म इंडस्ट्री में इरफान की पहचान बन गई थी तब उन लोगों ने कई फिल्मों में काम किया। कई बार ऐसा हुआ कि कोई कोंकणा के पास जाता और उनसे कहता कि इस फिल्म में इरफान खान हैं। इसका मतलब यह होता था कि अगर फिल्म में इरफान खान हैं तो जरूर यह फिल्म अच्छी होगी।

## इरफान और कोंकणा को होती निराशा


हालांकि जब वह सेट पर मिलते तब लगता कि यहां उम्मीद के मुताबिक चीजें नहीं हैं। तब कोंकणा इरफान से कहतीं कि आपने फिल्म को हां कहा इसलिए मैंने भी हां कह दी। इस पर इरफान कहते कि उन्हें नहीं पता था कि इस प्रोजेक्ट में क्या है, बस यूंही हां कह दिया।

कोंकणा ने की इरफान की तारीफ

कोंकणा सेन शर्मा ने बताया कि लाइफ इन ए मेट्रो में बहुत मजा आया। उन्होंने बताया कि इरफान में चीजों को आत्मसात करने की काबिलियत थी। उनके अभिनय में वास्तविकता थी। शूट के दौरान एक बार कुछ गिर गया। इसके बाद इरफान ने जानबूझकर कुछ गिराया। इसी तरह से कोंकणा ने कोई चीज गिराई। इस चीज को निर्देशक अनुराग ने बहुत पसंद किया।

## मेट्रो इन दिनों के बारे में

आपको बता दें मेट्रो इन दिनों का निर्देशन अनुराग बसु ने किया है। फिल्म में अनुपम खेर, नीना गुप्ता, अली फजल, फातिमा सना शेख, पंकज त्रिपाठी, आदित्य रॉय कपूर और सारा अली खान हैं।




# मालिक के ट्रेलर में एक्शन और राजनीति का तड़का, दमदार रोल में दिखे राजकुमार राव

राजकुमार राव की एक्शन से भरपूर नई फिल्म मालिक का ट्रेलर रिलीज हो गया। इस फिल्म में वह पहली बार गैंगस्टर का किरदार निभाते नजर आएंगे। ट्रेलर में राजकुमार ताबड़तोड़ गोलियां चलाते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं, डायलॉग्स भी दमदार हैं। ट्रेलर लगभग 2 मिनट 45 सेकंड का है। कहानी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसमें साल1988 का दौर दिखाया गया है। ट्रेलर की शुरुआत में पुलिस की भारी फोर्स दिखती है और बैकग्राउंड से वॉयस-ओवर सुनाई देता है, एक मजबूर बाप की औलाद हो तुम, जो नहीं हो वो बनने का ट्राई न करो।

इसके बाद स्क्रीन पर राजकुमार राव नजर आते हैं। वह कंधे पर बंदूक लेकर ताव में चलते हुए दिखते हैं। ट्रेलर में राजकुमार राव खूनखराबा करते हुए दिख रहे हैं। इसमें दिखाया गया है कि कैसे एक आम आदमी गैंगस्टर बनता है और फिर राजनीति में उतरकर विधायक का पद भी हासिल कर लेता है। फिल्म में देखना यह होगा कि वह अपने मालिक के सफर को कैसे आगे लेकर जाता है। ट्रेलर में मानुषी छिल्लर भी नजर आई हैं, जो राजकुमार राव की पत्नी का किरदार निभा रही हैं। इसके अलावा स्वानंद किरकिरे, सौरभ शुक्ला और अंशुमान पुश्कर भी अहम रोल में हैं। ट्रेलर में हुमा कुरैशी के गाने दिल थाम के की भी झलक देखने को मिली है। मालिक के निर्देशक पुलकित हैं। फिल्म 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के लिए राजकुमार राव ने काफी मेहनत की है। उन्होंने अपने खूंखार गैंगस्टर के किरदार को दमदार बनाने के लिए एके-47 चलाने की ट्रेनिंग ली थी। प्रोड्यूसर जय शेवक्रमणी ने बताया था कि ट्रेनिंग के दौरान कई बार ऐसा होता था कि गन चलाते वक्त राजकुमार के कंधों पर जोरदार झटका लगता था, बावजूद इसके उन्होंने हार नहीं मानी और तब तक मेहनत करते रहे, जब तक सीन पूरा नहीं हो गया।

# प्रभास की द राजा साब में कैमियो करती नजर आएंगी करीना कपूर

करीना कपूर खान को लेकर लंबे समय से चर्चा रही है वह साउथ सिनेमा में डेब्यू करने वाली हैं। कुछ महीने पहले यह खबर भी आई थी कि वह संदीप रेड्डी वांगा की स्पिरिट में प्रभास के अपोजिट कास्ट की गई हैं। लेकिन फिर पता चला कि दीपिका पादुकोण की जगह इस फिल्म में तृप्ति डिमरी को कास्ट किया गया है। अब करीना को लेकर एक बार फिर से नई खबर आई है। नई रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है वह द राजा साब में प्रभास के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी! बताया जाता है कि द राजा साब में करीना कपूर खान किसी किरदार में तो नजर नहीं आएंगी, लेकिन वो एक स्पेशल डांस नंबर करने जा रही हैं। हालांकि, इन खबरों पर मेकर्स या करीना की ओर से कोई पुष्टि नहीं की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस आइटम डांस नंबर में करीना और प्रभास साथ में थिरकते नजर आएंगे। जहां तक प्रभास की बात है तो वह करीना के पति सैफ अली खान के साथ आदिपुरुष में काम कर चुके हैं। मारुति के डायरेक्शन में बनी द राजा साब में प्रभास के साथ पहले से ही तीन लीड एक्ट्रेसेस हैं। यह फिल्म इसी साल 5 दिसंबर, 2025 को रिलीज होने वाली है। करीना कपूर के डांस नंबर को फिल्म में जोड़ने का फैसला हाल ही लिया गया है। ऐसा इसलिए किया गया है ताकि फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया जा सके। द राजा साब में प्रभास के साथ बॉलीवुड सुपरस्टार संजय दत्त भी हैं। ऐसे में यकीनन करीना कपूर के जुड़ने से फिल्म की चर्चा बढ़ेगी। वैसे भी, फिल्मी पर्दे पर करीना कपूर के आइटम डांस नंबर्स फेविकोल से, हलकट जवानी और इट्स रॉकिंग... यारा कभी इश्क तो करो सुपरहिट रहे हैं। वैसे, बताया यह भी जाता है कि फिल्म में नयनतारा भी एक डांस नंबर में कैमियो करेंगी।



# हेरा फेरी 3 विवाद पर प्रियदर्शन ने तोड़ी चुप्पी

फिल्ममेकर प्रियदर्शन ने बताया कि फिल्म हेरा फेरी 3 के लिए अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल एक साथ वापस आ गए हैं और सब मतभेद खत्म हो गए हैं। बातचीत में हेरा फेरी 3 के डायरेक्टर प्रियदर्शन ने कहा, मैं साउथ इंडिया में रहता हूं। जब भी फिल्म साइन होगी, मैं उसकी शूटिंग के लिए जाऊंगा। मैं सिर्फ अक्षय कुमार से इस फिल्म (निर्देशक के तौर पर) करने के लिए कमिटेड हूं, मुझे और किसी के बारे में कुछ पता नहीं। प्रियदर्शन ने आगे कहा, आज तक इस पूरे मामले पर मेरा एक भी कमेंट नहीं है। मैं सिनेमा की पॉलिटिक्स में विश्वास नहीं करता। सुनील, अक्षय और परेश मेरे सबसे अच्छे दोस्त हैं। उनके बीच कुछ मतभेद थे जो सुलझ गए हैं। मेरी जानकारी में बस इतना ही है। मुझे नहीं लगता कि इसमें कोई और शामिल है। फिल्म में किसी और के जुड़े होने की अफवाहों को खारिज करते हुए प्रियदर्शन ने कहा, अक्षय, परेश और सुनील ने मुझसे कहा कि हमने सब बातें कर ली हैं और फिल्म करने का फैसला किया है। इसमें किसी और का कोई लेना-देना नहीं है। कोई कह रहा है कि फलां-फलां शामिल है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। मेरी जानकारी के अनुसार, तीनों एक्टर्स ने फिल्म करने का फैसला किया और मुझे बताया। वहीं, हाल ही में एक्टर सुनील शेट्टी ने परेश रावल की फिल्म हेरा फेरी 3 में वापसी को लेकर कहा था कि मैंने भी सुना है फाइन ट्यूनिंग हो गई है। हालांकि, उन्होंने कहा था कि वह अब हेरा फेरी 3 की रिलीज के समय पर ही इस पर बात करेंगे। बातचीत में फिल्म को लेकर सुनील ने कहा था, शायद वो एक फिल्म जहां आप सब मिलकर एक साथ देख सकते हो। अगर एक बार आप टीवी चालू कर देते हो तो उसके बाद आपको टेंशन लेने की जरूरत नहीं है, शर्माने की जरूरत नहीं है। आपको पता है कि लोग सिर्फ (फिल्म देखकर) हंसने वाले हैं।





# टाइगर श्रॉफ ने बेपनाह के साथ मचाया धमाल

एक्शन सुपरस्टार और बॉलीवुड के सबसे युवा ऑल-राउंड एंटरटेनर टाइगर श्रॉफ ने हाल ही में अपना नया सिंगल बेपनाह रिलीज़ कर दिया है और इसका क्रेज़ फौरन छा गया है। टाइगर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा है - अपने डांसिंग शूज़ पहन लो, बेपनाह आउट हो गया है! यह पोस्ट फैंस को देता है पूरा अनुभवः दमदार सिंगिंग, बेहतरीन कोरियोग्राफी और ऐसी स्क्रीन प्रेज़ेंस जिसे नज़रअंदाज़ करना नामुमकिन है। डीआरजे रिकॉर्ड्स के तहत रिलीज़ हुए इस ट्रैक को अवितेश श्रीवास्तव ने कंपोज़ किया है और प्रतिष्ठित जोड़ी बॉस्को-सीज़र द्वारा कोरियोग्राफ किया गया है। लेकिन इस सबका दिल हैं टाइगर श्रॉफ एक ऐसा परफॉर्मर जो परफेक्शन, पैशन और स्टार पावर का बेहतरीन मिश्रण प्रस्तुत करता है। चाहे सिंगिंग हो या विज़ुअल्स बेपनाह सिर्फ एक गाना नहीं, बल्कि एक मास्टरक्लास है कि एक सम्पूर्ण परफॉर्मर क्या होता है।

टाइगर की एनर्जी, म्यूज़िकलिटी और मूवमेंट पर कंट्रोल ने इसे उनके अब तक के सबसे बेहतरीन प्रदर्शनों में से एक बना दिया है। यह केवल एक म्यूजिक रिलीज़ नहीं – यह एक ऐसा परफॉर्मेंस है जो उन्हें सबसे अलग श्रेणी में ला खड़ा करता है। अपने आदर्श माइकल जैक्सन से प्रेरणा लेते हुए टाइगर ने इस गाने में उनकी झलक देते हुए स्टाइलिश और धारदार कोरियोग्राफी की है, जो हर बीट पर सटीक बैठती है। टीज़र ने इसकी झलक पहले ही दे दी थी, लेकिन फुल वीडियो ने साफ कर दिया – यह परफॉर्मेंस किसी अंतरराष्ट्रीय पॉप कॉन्सर्ट या फिर वॉर 2 जैसी हाई-ऑक्टेन फिल्म में भी पूरी तरह फिट बैठती। सोशल मीडिया पर, प्रशंसक और संगीत प्रेमी बेपनाह को एक याद दिलाने वाला गाना कह रहे हैं कि टाइगर श्रॉफ सिर्फ भारत के एक्शन किंग नहीं हैं – वो देश के इकलौते फुल-पैकेज परफॉर्मर हैं। सिंगर, डांसर, एक्टर और एंटरटेनर – सब कुछ एक ही इंसान में समाया है। जैसे-जैसे व्यूज़ बढ़ रहे हैं और तारीफों की बौछार हो रही है, यह साफ हैः टाइगर श्रॉफ ने सिर्फ एक गाना नहीं लॉन्च किया। उन्होंने एक शानदार एंटरटेनमेंट मोमेंट डिलीवर किया है। और बेपनाह तो बस शुरुआत है।

# हर्षवर्धन राणे ने शुरू की फिल्म सिला की शूटिंग

हर्षवर्धन राणे ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी आगामी फिल्म सिला के मुहूर्त से शानदार तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। फिल्म का निर्देशन उमंग कुमार कर रहे हैं। एक्टर ने निर्देशक के साथ और सिला के मुहूर्त की शानदार तस्वीर शेयर की है। हर्षवर्धन की इस फिल्म को लेकर फैंस बेहद उत्साहित हैं। हर्षवर्धन राणे ने इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म सिला के सेट पर पूजा की और अपने सोशल मीडिया हैंडल पर दो शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर में हर्षवर्धन फिल्म के निर्देशक उमंग कुमार संग फिल्म का क्लैप बोर्ड लिए नजर आ रहे हैं। वहीं दूसरी तस्वीर फिल्म के सेट से शूटिंग के मुहूर्त की तस्वीर है। इन दोनों तस्वीरों के साथ हर्षवर्धन ने कैप्शन में लिखा, शूटिंग आज से शुरू हो रही है #SiLAA हर्षवर्धन की इस नई फिल्म की घोषणा से उनके फैंस बेहद खुश और उत्साहित हैं।

सिला एक रोमांटिक एक्शन ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म में हर्षवर्धन राणे मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में हर्षवधन के अलावा सादिया खतीब भी नजर आएंगी। सादिया और हर्षवर्धन के अलावा बिग बॉस 18 के विजेता रहे करणवीर मेहरा भी नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग आज 1 जुलाई से शुरू हो चुकी है। इस फिल्म का निर्देशन उमंग कुमार कर रहे हैं, जो पहले मैरी कॉम और सरबजीत जैसी बेहतरीन फिल्मों के निर्देशन के लिए जाने जाते हैं।






## इंडिगो के बोर्ड में शामिल हुए अमिताभ कांत, गैर-कार्यकारी निदेशक की संभालेंगे जिम्मेदारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडिगो की पेरेंट कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने बृहस्पतिवार को नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत को अपने बोर्ड में गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की है। यह नियुक्ति नियामकीय और शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और इनक्रेडिबल इंडिया जैसे कई प्रमुख राष्ट्रीय अभियानों के प्रमुख रणनीतिकार रहे कांत ने पिछले महीने भारत के जी20 शेरपा के पद से इस्तीफा दिया था।

इंडिगो के निदेशक मंडल के चेयरमैन विक्रम सिंह मेहता ने कहा, इंडिगो को अमिताभ कांत को बोर्ड सदस्य के रूप में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। उनके पास राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर प्रशासनिक कार्यों का अच्छा-खासा अनुभव है। उनके नेतृत्व गुणों से इंडिगो को बहुत लाभ होगा। मेहता ने कहा कि इंडिगो की टीम 2030 तक वैश्विक कंपनी बनने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में अपने व्यापक अनुभव और ज्ञान का लाभ उठा सकती है।

अपनी नियुक्त पर कांत ने कहा, मुझे इंडिगो के बोर्ड में शामिल होने पर खुशी है। अपने पैमाने, दक्षता और अंतरराष्ट्रीय महत्वाकांक्षा के साथ इंडिगो भारत के लिए नए बाजार खोलेगा। हमारे हवाईअड्डों को कनेक्टिविटी और वाणिज्य के वैश्विक केंद्रों में बदल देगा। पर्यटन, व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के साथ सीमा पार लोगों, बाजारों और अवसरों को जोड़ेगा।

नीति आयोग में अपने कार्यकाल के दौरान, कांत ने कई प्रमुख भूमिकाएं निभाईं। इनमें भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के बोर्ड में निदेशक और भारत के राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग के सदस्य की भूमिका शामिल हैं।

## रिलायंस के शेयर में जोरदार उछाल, एक्सपर्ट्स बोले- 1,800 तक पहुंचेगा भाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर आज यानी शुक्रवार 4 जुलाई 2025 को 1,531.90 के 9-महीने के हाई लेवल पर पहुंच गया, जो अप्रैल 2025 के निचले स्तर 1,114 से 37.5 प्रतिशत अधिक है। शेयर अब अपने ऑल-टाइम हाई (जून 2024 में 1,608) से महज 4.7 प्रतिशत दूर है। कंपनी ने 2025 की पहली छमाही में 23.5 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की, जो 2017 के बाद से उसका सर्वश्रेष्ठ अर्धवार्षिक प्रदर्शन है। शेयर वर्तमान में ओवरबॉट जोन में है, जहां 1,550-1,570 पर रेजिस्टेंट संभव है। मध्यम अवधि में रिटेल -टेलीकॉम के क्तास्न्नङ्ख26 रिजल्ट और सोलर बिजनेस की प्रगति पर नजर रखनी होगी।

## छोटा शेयर बड़ा कमाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जुलाई 2022 में 3 से 4 के स्तर पर ट्रेड करने वाला एक शेयर पिछले 5 साल में 33,000 प्रतिशत रिटर्न दे चुका है। यह प्रदर्शन इसे मल्टीबैगर स्टॉक की कैटेगरी में खड़ा करता है। हम बात कर रहे हैं हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स की, जिसके शेयर आज के कारोबार में 40.47 के हाई पर पहुंच गया। कंपनी ने 3 जुलाई को व्योम हाइड्रोकॉर्बन प्राइवेट लिमिटेड में 51 प्रतिशत इक्विटी मात्र 1.02 लाख में खरीदी। अगस्त 2023 में ऑयल एंड गैस ड्रिलिंग सर्विसेज के लिए हुआ था।

# निर्यात के साथ अर्थव्यवस्था को मिलेगी रफ्तार

### भारतीय श्रमिकों की गतिशीलता में होगा इजाफा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और ब्रिटेन के बीच हाल ही में पूरे हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से न केवल भारतीय निर्यात को बढ़ावा मिलेगा बल्कि उच्च धन प्रेषण और घरेलू खर्च के जरिये भारत की अर्थव्यवस्था को भी समर्थन मिलेगा। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों देशों में भारतीय श्रमिकों की गतिशीलता भी बढ़ेगी। 2024 में विदेश में काम करने वाले भारतीय कामगारों ने लगभग 130 अरब डॉलर की रकम भारत में भेजी थी। यह देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.3 प्रतिशत है। अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात के बाद ब्रिटेन इन रकम का तीसरा सबसे बड़ा स्रोत बना हुआ है। नए सौदे के तहत ब्रिटेन में तैनात भारतीय कामगारों को तीन साल तक के लिए राष्ट्रीय बीमा योगदान पर छूट का लाभ मिलेगा, जिससे वे अधिक बचत कर सकेंगे और संभावित रूप से अधिक पैसा घर वापस भेज सकेंगे। एफटीए में 2030 तक भारत और ब्रिटेन के बीच वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार को दोगुना करने का वादा किया गया है। यह 2024 में 56.7 अरब डॉलर के व्यापार से अधिक है।

अमेरिकी बाजार में चुनौतियों का सामना करने वाले भारतीय परिधान को ब्रिटेन के बाजार में बेहतर पहुंच से लाभ होने की उम्मीद है। ब्रिटेन के लिए यह समझौता भारत के तेजी से बढ़ते मध्यम वर्ग तक अधिक पहुंच प्रदान करता है। हालांकि, पेय क्षेत्र में तत्काल व्यापार लाभ दिखाई देगा, जहां व्हिस्की और जिन के 97 प्रतिशत निर्यात पर टैरिफ आधा रह जाएगा।

### ब्रिटेन के लिए आर्थिक लाभ सीमित

चूंकि इस सौदे में दवा निर्यात शामिल नहीं है, जिससे ब्रिटेन के लिए कुछ आर्थिक लाभ सीमित हो गए हैं। इस बात पर भी स्पष्टता की कमी है कि नई कोटा प्रणाली के तहत भारत को ब्रिटेन की कार निर्यात कैसे संचालित होगी। यह समझौता प्रमुख वैश्विक भागीदारों के साथ व्यापार समझौते को सुरक्षित करने के लिए भारत के बड़े प्रयास का हिस्सा है।

### भारत का वैश्विक व्यापार नेटवर्क होगा मजबूत

इन प्रयासों का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय व्यापार नीतियों में बदलाव के बीच भारत के वैश्विक व्यापार नेटवर्क को मजबूत करना है। भारत-ब्रिटेन समझौते पर तेजी से हस्ताक्षर होना ब्रिटेन के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे देश को ब्रेक्सिट के बाद अपने व्यापार संबंधों को नया आकार देने और आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों को कम करने में मदद मिलेगी। कुल मिलाकर, व्यापार समझौते से भारत और यूके के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के साथ-साथ वैश्विक व्यापार में भारत की स्थिति को भी बढ़ाने की उम्मीद है।

## सोना-चांदी के गिरे भाव, 22 कैरेट गोल्ड 88982 पर, सिल्वर 1.10 लाख के पार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोने-चांदी के तेवर आज नरम हैं। आज सोने का भाव 195 रुपये और चांदी का 253 रुपये टूटा है। आज 4 जुलाई शुक्रवार को 24 कैरेट सोना 97142 रुपये पर खुला है। जीएसटी के साथ 24 कैरेट सोना जहां 100056 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से बिक रहा है तो चांदी 110,588 रुपये किलो बिक रही है।



आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड भी 194 रुपये सस्ता होकर 96753 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। जीएसटी संग इसकी कीमत अब 99655 रुपये हो गई है। वहीं, 22 कैरेट गोल्ड का औसत हाजिर भाव 179 रुपये टूट कर 88982 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट पर खुला। जीएसटी के साथ यह 91651 रुपये का 10 ग्राम बैठेगा।

**18 कैरेट गोल्ड का भाव-** 18 कैरेट गोल्ड का भाव भी 146 रुपये सस्ता होकर 72857 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। 3 पर्सेंट जीएसटी के साथ 75042 रुपये का पड़ेगा। जबकि, 14 कैरेट गोल्ड की कीमत 114 रुपये टूटकर 56828 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई है।

## आंकड़े: इस साल अब तक 25 कंपनियों के आईपीओ लिस्ट, संभव और क्वाड्रांट ने निवेशकों को किया मालामाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** घरेलू बाजार के अप्रैल के बाद से रफ्तार पकड़ने से आईपीओ बाजार भी तेजी में है। इस साल कुल 25 कंपनियां आईपीओ लाई हैं और उसमें से 19 कंपनियों ने निवेशकों को रिटर्न दिया है। इनमें से क्वाड्रांट और संभव स्टील फायदा देने में शीर्ष पर हैं। हालांकि, 6 कंपनियों के शेयरों में निवेशकों को घाटा भी हुआ है।




एक्सचेंज के आंकड़ों के मुताबिक, इस साल जिन आईपीओ के शेयरों ने सबसे अधिक फायदा दिया है, उनमें क्वाड्रांट फ्यूचर 53 फीसदी के साथ शीर्ष पर है। इसका इश्यू का भाव 290 रुपये था और 444 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ था। संभव स्टील का भी शेयर 34 फीसदी ऊपर लिस्ट हुआ। 82 रुपये के भाव वाला इश्यू 110 रुपये पर लिस्ट हुआ था।

इनके अलावा, जिन कंपनियों ने अच्छा फायदा दिया, उनमें लक्ष्मी डेंटल के शेयर ने करीब 29 फीसदी का रिटर्न दिया। इंडोफार्म का 215 रुपये का शेयर 277 रुपये पर लिस्ट हुआ था, यानी 29 फीसदी का फायदा मिला था।

### आईपीओ: भारत दूसरे नंबर पर

आईपीओ बाजार में भारत इस समय दूसरे नंबर पर है। इस साल भारत ने 5.86 अरब डॉलर जुटाए हैं, जो वैश्विक आईपीओ बाजार का 12 फीसदी हिस्सा है। इस साल बड़े आईपीओ में एलजी का 15,000 करोड़ है। जेएसडब्ल्यू सीमेंट भी अगस्त तक बाजार में उतरने की तैयारी में है। इस साल 143 आईपीओ 26 अरब डॉलर जुटाने वाले हैं।

### क्रेडिला, एनएसडीएल व एनएसई पर सबकी नजर

इस साल कई बड़े आईपीओ आने वाले हैं। इसमें नेशनल स्टॉक एक्सचेंज यानी एनएसई का इश्यू 50,000 करोड़ रुपये से ऊपर हो सकता है। इसका मूल्यांकन 6 लाख करोड़ रुपये आंका गया है।

## अब बिना शुल्क समय पूर्व चुका सकते हैं फ्लोटिंग दर वाले कर्ज, गैर-कारोबारी लोन पर 2026 से लागू होगा नियम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अब प्रीपेमेंट के नाम पर भारी जुर्माना भरने से राहत मिलने वाली है। आरबीआई ने सभी बैंकों और वित्तीय संस्थानों से कहा है कि वे छोटे उद्यमों एवं व्यक्तिगत लोगों को दिए कर्ज पर समय से पूर्व भुगतान करने पर कोई शुल्क नहीं लगाएंगे। यह नियम एक जनवरी, 2026 के बाद लिए या नवीनीकरण कराए गए कर्जों पर लागू होगा। आरबीआई ने बुधवार को सर्कुलर में कहा, समीक्षाओं में पता चला है कि एमएसई को कर्ज का पहले भुगतान करने पर ज्यादा शुल्क देना होता है। इससे कर्जदाता संस्थान और ग्राहकों में विवाद पैदा होता है। कुछ बैंकों और वित्तीय संस्थानों ने लोन एग्रीमेंट में ऐसे नियम बनाए हैं, जिससे उधार लेने वाला कम ब्याज या बेहतर शर्तों का लाभ उठाने के लिए अन्य संस्थान के पास नहीं जा सके।




**इन संस्थानों पर लागू होगा नया नियम-** आरबीआई ने स्पष्ट किया है कि गैर-व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए व्यक्तियों के फ्लोटिंग दर पर लिएगएकर्ज पर कोई प्री पेमेंट शुल्क नहीं लगेगा। नया नियम सभी वाणिज्यिक बैंकों (पेमेंट्स बैंकों को छोड़कर), सहकारी बैंकों, एनबीएफसी और अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों पर लागू होगा।

**सभी शुल्कों का पहले खुलासा जरूरी-** आरबीआई ने कहा, इन नियमों के अंतर्गत न आने वाले मामलों में कोई पूर्व-भुगतान शुल्क है तो उसे कर्ज स्वीकृति पत्र और उसके समझौते में स्पष्ट रूप से बताना चाहिए। कोई भी अघोषित या पूर्व शुल्क की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि ऋणदाता खुद पूर्व भुगतान शुरू करता है तो कोई शुल्क नहीं लगाया जाएगा।

## सेवा क्षेत्र की वृद्धि 10 माह के उच्च स्तर पर, नए कारोबार और निर्यात ऑर्डर में उछाल का असर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मांग और बिक्री में जारी सुधार के बीच नए कारोबारी ऑर्डर में तेज उछाल के दम पर देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर जून, 2025 बढ़कर 10 महीने के उच्च स्तर 60.4 पर पहुंच गई। रोजगार सृजन में भी मजबूत विस्तार देखने को मिला। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस गतिविधि सूचकांक मई में 58.8 रहा था।



एचएसबीसी इंडिया में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, नए घरेलू ऑर्डर में अगस्त, 2024 के बाद सबसे तेज उछाल और नए निर्यात कारोबार में उल्लेखनीय तेजी से सेवा पीएमआई (खरीद प्रबंधक सूचकांक) 10 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। एशियाई, पश्चिम एशियाई एवं अमेरिकी बाजारों से आने वाली मांग में सुधार और घरेलू बाजार की निरंतर मजबूती से भी सेवा क्षेत्र की कंपनियों को लाभ हुआ।

## लेंसकार्ट के आईपीओ से पहले 15 करोड़ डॉलर के शेयर बाय बैक करेंगे फाउंडर पियूष बंसल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लेंसकार्ट के फाउंडर और सीईओ पियूष बंसल, कंपनी के आने वाले आईपीओ से पहले, मौजूदा निवेशकों से कंपनी की 1.5 प्रतिशत से 2 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की तैयारी में हैं। यह डील करीब 15 करोड़ डॉलर की हो सकती है। इन्वेस्टमेंट बैंक अवेंडस कैपिटल उनकी मदद कर रहा है।

**क्यों खरीद रहे हैं शेयर-** जानकारों के मुताबिक, पिछले फंडिंग राउंड्स में पियूष बंसल की हिस्सेदारी (इक्विटी) कुछ कम हो गई थी। वो इस डील के जरिए उस कमी को पूरा करना चाहते हैं। यानी, आईपीओ से पहले कंपनी में उनकी ओनरशिप बढ़ जाएगी।

**किस भाव पर होगी खरीद-** लाइव मिंट की खबर के मुताबिक यह डील कंपनी के लगभग 7 से 8 अरब डॉलर के वैल्यूएशन (कंपनी का अनुमानित मूल्य) पर होने की बात चल रही है। यह उस वैल्यूएशन से कम है, जो आईपीओ के समय (8-10 अरब डॉलर) होने की उम्मीद है।

**कौन निवेशक बेच सकते हैं शेयर-** माना जा रहा है कि टीआर कैपिटल, वेंचर्स, सॉफ्टबैंक और केदारा कैपिटल जैसे निवेशक अपने कुछ शेयर पियूष बंसल को बेच सकते हैं। बातचीत चल रही है और डील के अगले 4-6 हफ्तों में पूरी होने की उम्मीद है।

**आईपीओ की तैयारी तेज-** इस डील के बाद लेंसकार्ट जल्द ही शेयर बाजार नियामक सेबी के पास अपने आईपीओ के डॉक्युमेंट्स जमा करने की योजना बना रहा है। कंपनी ने अपने आईपीओ के लिए कोटक महिंद्रा कैपिटल, एक्सिस कैपिटल, सिटी, मॉर्गन स्टैनली और अवेंडस कैपिटल जैसे बड़े निवेश बैंकों को भी नियुक्त कर लिया है।

**कितनी है फाउंडर की हिस्सेदारी-** ट्रैक्सन डेटा के अनुसार, पियूष बंसल के पास फिलहाल लेंसकार्ट में 8.21 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कंपनी ने अब तक कुल 1.08 अरब डॉलर (19 राउंड में) फंडिंग जुटाई है।

## एक्सिस म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया एक्सिस सर्विसेज ऑपर्च्युनिटीज फंड

**मुंबई, एजेंसी।** भारत की प्रमुख एसेट मैनेजमेंट कंपनियों में से एक, एक्सिस म्यूचुअल फंड ने आज अपनी नई थीमैटिक पेशकश - एक्सिस सर्विसेज ऑपर्च्युनिटीज फंड को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो सेवाक्षेत्र थीम पर आधारित है। इस फंड का नया फंड ऑफर 4 जुलाई 2025 से खुलकर 18 जुलाई 2025 तक निवेश के लिए उपलब्ध रहेगा। एक्सिस सर्विसेज ऑपर्च्युनिटीज फंड का उद्देश्य निवेशकों को उन कंपनियों के चुनींदा पोर्टफोलियो तक पहुंच प्रदान करना है, जो भारत की सेवाक्षेत्र आधारित आर्थिक बदलाव की अगुवाई कर रही हैं। यह फंड ऐसे व्यवसायों में निवेश करेगा जो स्केलेबल, कैपिटल-एफिशिएंट और प्रतिस्पर्धात्मक रूप से मजबूत हैं, और जिनकी मुख्य आय सेवाओं पर आधारित होती है। इस फंड का प्रबंधन श्री श्रेयश देवळ्कर (हेड - इक्विटी), श्री सचिन रेळेकर (सीनियर फंड मैनेजर) और सुश्री कृष्णा नारायण (विदेशी निवेश के लिए) द्वारा किया जाएगा। एक्सिस एएमसी के एमडी और सीईओ श्री बी. गोपकुमार ने कहा- भारत का भविष्य अब सेवाक्षेत्र-आधारित विकास की ओर बढ़ रहा है, और इस सेगमेंट के लिए जो संरचनात्मक सहायक कारक हैं, वे गहरे और टिकाऊ हैं। एक्सिस सर्विसेज ऑपर्च्युनिटीज फंड के माध्यम से हम निवेशकों को एक ऐसा सक्रिय रूप से प्रबंधित निवेश विकल्प प्रदान कर रहे हैं, जो इस दीर्घकालिक परिवर्तन से लाभ उठाने के लिए तैयार है। बैंकिंग जैसे पारंपरिक क्षेत्रों से लेकर ई-कॉमर्स, फिनटेक और हेल्थकेयर जैसे उभरते मॉडल तक, यह फंड भारत की सेवाक्षेत्र गाथा के सर्वश्रेष्ठ अवसरों को सामने लाने का प्रयास करता है। यह हमारी दीर्घकालिक निवेश सोच के अनुरूप है – ऐसे गुणवत्ता वाले, पूंजी-कुशल व्यवसायों की पहचान करना जो समय के उतार-चढ़ाव में भी टिके रहें और बेहतर रिस्क-एडजस्टेड रिटर्न प्रदान करें।

## नथिंग ने भारत में अपना पहला ट्रू फ्लैगशिप - नथिंग फ़ोन (3) और पहला ओवर-ईयर ऑडियो प्रोडक्ट - हेडफ़ोन (1) लॉन्च किया

**मुंबई, एजेंसी।** लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी नथिंग ने आज भारत में दो श्रेणी-परिभाषित उत्पादों के लॉन्च की घोषणा की - नथिंग फ़ोन (3), इसका पहला ट्रू फ्लैगशिप स्मार्टफ़ोन, और नथिंग हेडफ़ोन (1), इसका पहला ओवर-ईयर ऑडियो उत्पाद है। दोनों उत्पाद इनटेंशनल डिज़ाइन और बोल्ड इनोवेशन के साथ उपभोक्ता तकनीक की पुनर्कल्पना करने के नथिंग के दृष्टिकोण को दर्शाते हैं।

नथिंग फ़ोन (3) स्मार्टफ़ोन परफ़ॉरमेंस और एक्सप्रेशन के एक नए युग की शुरुआत करता है। इसे टेक फ़ील महसूस कराने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें प्रो-ग्रेड ट्रिपल कैमरा सिस्टम है, जिसमें रिच लो-लाइट शॉट्स, लॉसलेस ऑप्टिकल ज़ूम और सभी लेंसों में सिनेमैटिक 4के 60एफपीएस वीडियो के लिए क्लास-लीडिंग 1/1.3 मुख्य सेंसर शामिल है, जिसमें पूर्ण ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइज़ेशन है। अल्ट्रा-नैरो बेज़ेल्स के साथ एक वाइब्रेंट 6.67 एमोलेड्‌डिस्प्ले और एक शक्तिशाली स्नैपड्रैगन0 8ह्य जनरेशन 4 चिपसेट, सभी एक प्रीमियम मॉड्यूलर डिज़ाइन में आते हैं। ग्लिफ़ मैट्रिक्स के साथ, उपयोगकर्ता एक नज़र में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और फ्लिप टू रिकॉर्ड और ग्लिफ़ खिलौने जैसे मनोरंजक अनुभवों का आनंद ले सकते हैं। फ़ोन (3) में एक नया ट्राई-कॉलम लेआउट है - एक नया डिज़ाइन किया गया ऋएंगल आकार एर्गोनॉमिक्स को बेहतर बनाता है, जबकि सामने की तरफ़ एक समान 1.87 मिमी बेज़ेल्स हैं, जो फ़ोन (2) की तुलना में 18 प्रतिशत पतले हैं, जो एक शार्प, अधिक इमर्सिव एमोलेड़ स्क्रीन बनाते हैं।



नथिंग फ़ोन (3) एंड्रॉइड 15 और नथिंग ओएस 3.5 के साथ आता है। नथिंग ओएस3.5 में एसेंशियल स्पेस और एसेंशियल सर्च जैसी ढ्ढ- पावर्ड सुविधाएँ हैं, जो उपयोगकर्ताओं को अपने हिसाब से फ़ोकस करने और व्यवस्थित रहने में मदद करती हैं। इसमें है एंड्रॉइड 16 और नथिंग ओएस4.0, जो 2025 की तीसरी तिमाही में आने वाला है। नथिंग लंबे समय तक चलने के लिए प्रतिबद्ध है, 5 साल के प्रमुख एंड्रॉइड अपडेट और 7 साल के सुरक्षा अपडेट की पेशकश करता है, यह सुनिश्चित करता है कि फ़ोन (3) डिज़ाइन और अनुभव दोनों में लंबे समय तक चलने के लिए बनाया गया है।

## सतना सीमेन्ट वर्क्स द्वारा बच्चों को शिक्षा सामग्री किट वितरित कर प्रोत्साहित किया गया

**सतना।** बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड यूनिट सतना सीमेन्ट वर्क्स, सतना अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति सदैव कटिबद्ध है।इसी के परिपालन में संस्थान द्वारा शिक्षा-सारथी कार्यक्रम के तहत गरीब व वंचित बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने हेतु कई प्रयास कर रही हैं जिसमें सरकारी शालाओं में सुविधायें उपलब्ध कराना, बच्चों के लिए कोचिंग चलाना साथ ही आज के कार्यक्रम का उद्देश्य नई बस्ती (स्लम एरिया) में पढ़ रहे कक्षा 1 से 5वीं तक के 32 बच्चों को स्कूल बैग,किताबें, ड्रेस जूता -मोजा स्वेटर आदि सामग्रियों का वितरण कर बच्चों और उनके पालकों को प्रोत्साहित करना है ताकि इस वर्ग के बच्चे भी अपना भविष्य बना सकें और देश के विकास में अपना योगदान दे सकें।सबसे पहले मुख्य अतिथि, अध्यक्ष एवं सभी ने माँ सरस्वती की वंदना करके दीप प्रज्वलन किया। श्री रंजीत प्रसाद द्वारा कार्यक्रम को सभी के साथ संक्षेप में साझा किया गया। इसके उपरांत आर.के.गिरि,एच.आर.हेड द्वारा शिक्षा-सारथी कार्यक्रम उपलब्धियों के बारे में बताया गया। श्री कौशल मिश्रा,यूनिट हेड नेइस बात पर जोर दिया कि हमें सभी के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आजीविका पर कार्य करनें की आवश्यकता है जिससे समाज का सम्पूर्ण व बेहतर रूप से विकास हो सके। मुख्य अतिथि सुश्री आयुषी अग्रवाल खंड शिक्षा अधिकारी नें कहा कि मैंने किसी अन्य सी.एस.आर. टीम को इस प्रकार कार्य करते हुये पहली बार देखा है हमें इन बच्चों को आगे बढानें के लिए काम करना है क्योंकि ये बच्चे ही हमारे देश का निर्माण करेंगे आप लोगों को शिक्षा विभाग की जहां भी जरुरत हो आप बतायें।



## 269 रन बनाने पर शुभमन को मिला स्टैंडिंग ओवेशन

### जडेजा का सोर्ड सेलिब्रेशन

बर्मिंघम टेस्ट में भारत ने 587 रन बनाने के बाद इंग्लैंड के 5 विकेट गिरा दिए थे। टीम इंडिया 510 रन से आगे है। दूसरे दिन रवींद्र जडेजा ने फिफ्टी लगाने के बाद बैट को तलवार की तरह लहराकर सेलिब्रेशन किया। डबल सेंचुरी लगाने के बाद शुभमन गिल के लिए दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाई।

**जडेजा का सोर्ड सेलिब्रेशन** –रवींद्र जडेजा ने फिफ्टी लगाने के बाद अपने बैट को तलवार की तरह लहराकर सेलिब्रेशन किया। वे फिफ्टी या सेंचुरी लगाने के बाद अक्सर सोर्ड सेलिब्रेशन करते हैं। जडेजा टेस्ट में 23 फिफ्टी और 4 शतक लगा चुके हैं।

**269 रन बनाने पर गिल को स्टैंडिंग ओवेशन मिला** – शुभमन गिल ने बर्मिंघम में अपने टेस्ट करियर की पहली डबल सेंचुरी लगाई। दोहरा शतक पूरा करने के बाद उन्होंने एग्रेसिव सेलिब्रेशन किया। उनके 269 रन बनाने के बाद बर्मिंघम के दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाई और गिल को स्टैंडिंग ओवेशन दिया।

## जडेजा ने तोड़ा बीसीसीआई का नियम

### ● टीम बस छोड़कर कार से पहले पहुंचे स्टेडियम,अकेले मैदान में प्रैक्टिस की, बर्मिंघम में बनाए 89 रन

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन,रवींद्र जडेजा ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के नए नियमों को तोड़ दिया।

बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद नियम बनाया था कि कोई भी खिलाड़ी अकेले मैदान पर नहीं आएगा-जाएगा, सभी खिलाड़ी टीम बस के साथ एकसाथ जाएंगे। लेकिन जडेजा ने यह नियम तोड़ा और गुरुवार को उन्होंने बर्मिंघम के एजबेस्टन ग्राउंड में जल्दी मैदान पर पहुंचकर बैटिंग की प्रैक्टिस की।



**पहले दिन 41 रन बना कर लौटे थे जडेजा** – दरअसल बुधवार को एजबेस्टन टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल जब खत्म हुआ तो शुभमन गिल के साथ रवींद्र जडेजा नॉटआउट लौटे थे। जडेजा के लिए ये टेस्ट मैच बहुत अहम था क्योंकि लीड्स में टीम इंडिया के हारने के बाद क्रिकेट एक्सपर्ट्स उनकी टीम में जगह को लेकर सवाल खड़े कर रहे थे। इसीलिए जडेजा जब 41 रन बनाकर नाबाद लौटे तो वो इस पारी को और बड़ा करना चाहते थे।

इसीलिए वो सुबह जल्दी उठकर टीम बस का इंतजार किए बिना स्टेडियम निकल गए। जहां पर उन्होंने लोकल गेंदबाजों के साथ नेट्स पर लगभग 40 मिनट बल्लेबाजी की। बाद में उन्होंने अपनी पारी 41 रन से बढ़ा कर 89 रन तक लेकर गए।

लीड्स टेस्ट में भारतीय टीम के टॉप पांच बल्लेबाजों ने 721 रन बनाए, लेकिन निचले क्रम के छह बल्लेबाजों ने मिलकर केवल 65 रन ही जोड़े थे। भारतीय टीम ने पहली पारी में आखिरी सात विकेट 41 रन पर गंवा दिए थे, जबकि दूसरी पारी में भारतीय टीम ने आखिरी छह विकेट 31 रन पर गंवा दिए थे।

## नोवाक जोकोविच ने जीत के साथ विंबलडन में बनाया एक और रिकॉर्ड

**लंदन (एजेंसी)।** नोवाक जोकोविच ने सेंटर कोर्ट पर डैन इवांस पर 6-3, 6-2, 6-0 की जीत के साथ 19वीं बार विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में पहुंचकर एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।



जोकोविच ने विंबलडन में कुल मिलाकर 99वां मैच जीता और तीसरे दौर में 19वीं बार जगह बनाई जो ओपन युग में किसी पुरुष खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। महान खिलाड़ी रोजर फेडरर ने 18 बार तीसरे दौर में प्रवेश किया था। हालांकि यह 38 वर्षीय जोकोविच के लिए शायद ही कोई प्रतिष्ठित रिकॉर्ड है जिनके नाम सात विंबलडन सहित कुल 24 ग्रैंड स्लैम खिताब हैं जो पुरुष खिलाड़ियों के बीच रिकॉर्ड है।

जोकोविच ने कहा, '19 बार, यह एक शानदार आंकड़ा है। यह शायद (यानिक) सिनर और (कार्लोस) अल्कारेज की उम्र के बराबर है। पिछले दो विंबलडन फाइनल में जोकोविच को हराने वाले अल्कारेज 22 जबकि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सिनर 23 साल के हैं। महिल एकल में सातवीं वरीय मीरा आंद्रीवा और 10वीं वरीय ऐमा नवारो ने सीधे सेट में जीत दर्ज की।

बर्मिंघम टेस्ट-

# जैमी ने प्रसिद्ध के ओवर में लगातार बाउंड्री लगाई

### ● इंग्लैंड 5 विकेट पर 200 के पार ● ब्रूक की शानदार फिफ्टी, सिराज ने रूट-स्टोक्स को पवेलियन भेजा



**बर्मिंघम (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट बर्मिंघम में खेला जा रहा है। शुक्रवार को मुकाबले का तीसरा दिन है और पहला सेशन जारी है। इंग्लैंड ने पहली पारी में 5 विकेट पर 200 रन बना लिए हैं। हैरी ब्रूक और जैमी स्मिथ नाबाद हैं। दोनों फिफ्टी पार्टनरशिप कर चुके हैं। हैरी ब्रूक फिफ्टी बना चुके हैं। मोहम्मद सिराज ने जो रूट (22 रन) और बेन स्टोक्स (शून्य) को लगातार बॉल पर आउट किया।

एजबेस्टन स्टेडियम में चल रहे मैच में इंग्लैंड ने सुबह 77/3 के स्कोर से खेलना शुरू किया। दूसरे दिन भारत ने कप्तान शुभमन गिल (269 रन) के दोहरे शतक के दम पर पहली पारी में 587 रन बनाए। हैरी ब्रूक ने 29वें ओवर में फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने सिराज के ओवर की तीसरी बॉल पर 3 रन लेकर हाफ सेंचुरी पूरी की। उन्होंने लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक बनाया है। ब्रूक ने लीड्स टेस्ट की पहली पारी में 99 रन बनाए थे, वे दूसरी पारी में शून्य पर आउट हो गए। वहीं तीसरे दिन का दूसरा ओवर डाल रहे मोहम्मद सिराज ने लगातार दो बॉल पर 2 विकेट झटके, हालांकि वे हैट्रिक लेने से चूक गए। हैट्रिक बॉल खेल रहे जैमी स्मिथ ने अपनी पहली बॉल पर चौका लगाया। सिराज ने तीसरी बॉल पर जो रूट को विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। रूट 22 रन बनाकर आउट हुए। सिराज ने शॉर्ट ऑफ लेंथ की बॉल लेग साइड पर फेंकी, रूट ने फ्लिक शॉट खेला। बॉल विकेटकीपर ऋषभ पंत के पास गई। उन्होंने डाइव लगाकर कैच लपका। सिराज ने ओवर की चौथी बॉल शार्ट ऑफ लेंथ की ऑफ साइड पर फेंकी। नए बल्लेबाज बेन स्टोक्स ने डिफेंस किया। बॉल ने उनके बैट का बाहरी किनारा लिया और ऋषभ पंत ने आसान-सा कैच लिया। स्टोक्स खाता भी नहीं खोल सके। सिराज ने इस ओवर में महज 6 रन खर्च किए।

### प्लेइंग-11

**इंग्लैंड** – बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स, जैमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

**भारत**– शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, आकाशदीप, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा।

## बांग्लादेश में वनडे और टी20 सीरीज नहीं खेलेगी भारतीय टीम!

### सुरक्षा कारणों के चलते बीसीसीआई ने मना किया, बीसीबी ने मीडिया राइट्स की बिक्री रोकी

**ढाका/नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत का बांग्लादेश दौरा अब तय समय पर नहीं होगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने भले ही आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन भारत के खिलाफ अगले महीने होने वाली वनडे और ञ्20 सीरीज की तैयारियां रोक दी गई हैं। माना जा रहा है कि भारत और बांग्लादेश के बीच हाल ही में बिगड़े रिश्तों और सुरक्षा की वजह से यह फैसला लिया गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सीरीज के मीडिया राइट्स की बिक्री भी टाल दी है। पहले 7 जुलाई को टेक्निकल बोली और 10 जुलाई को फाइनेंशियल बोली होनी थी। लेकिन अब बोर्ड ने तय किया है कि वह पहले पाकिस्तान सीरीज (17-25 जुलाई) के लिए मीडिया राइट्स बेचेगा और फिर बाकी मैचों के लिए फैसला लेगा। एक हफ्ते पहले बीसीबी के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने कहा था कि दौरे में आने से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को अपनी सरकार की मंजूरी का इंतजार है।



**बीसीसीआई ने भी मना किया, कोई तारीख तय नहीं** – क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक बीसीबी के एक अधिकारी ने बताया कि भारत ने अगस्त में दौरे के लिए मना कर दिया है। बीसीसीआई ने फिलहाल कोई पक्की तारीख नहीं दी है। हालांकि, अगले हफ्ते तक इस पर आधिकारिक बयान आ सकता है। सीरीज को बाद में आयोजित किए जाने की उम्मीद है।

**सरकार की सलाह के बाद बीसीसीआई ने फैसला लिया** – भारत सरकार ने मौजूदा हालात को देखते हुए क्चष्टद्ब को बांग्लादेश दौरे से बचने की सलाह दी है। हालांकि, यह सलाह सिर्फ द्विपक्षीय सीरीज के लिए है। बांग्लादेश में आए दिनों हिंसा के मामले हो रहे हैं। ऐसे में भारतीय टीम को बांग्लादेश भेजना सही नहीं हैं।

**बीसीबी अब अलग-अलग देशों के हिसाब से बेचेगा राइट्स** – पहले बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मीडिया राइट्स को तीन कैटेगरी में बेचना चाहा था। सैटेलाइट टीवी (दुनिया भर के लिए), डिजिटल ओटीटी और छ्व॥ (सिर्फ बांग्लादेश)। अब बोर्ड ने टेंडर में बदलाव कर इसे रीजनल बेचने की योजना बनाई है।

# शुभमन ने गावस्कर, तेंदुलकर और कोहली के रिकॉर्ड तोड़े

### इंग्लैंड में बेस्ट स्कोर, बतौर भारतीय कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाए

**बर्मिंघम/नईदिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम टेस्ट में भारत ने 587 रन बनाए थे। कप्तान शुभमन गिल ने 269 रन की पारी खेलकर सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के रिकॉर्ड तोड़े। वे सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय कप्तान बने। वहीं भारत ने 18 साल बाद इंग्लैंड में 500 रन का आंकड़ा पार किया।

**25 की उम्र में 2 फॉर्मेट में दोहरे शतक** –कप्तान शुभमन गिल ने बर्मिंघम में पहले दिन शतक लगाया, जिसे दूसरे दिन उन्होंने डबल सेंचुरी में बदल दिया। 25 साल के शुभमन 269 रन बनाकर आउट हुए। यह टेस्ट में उनका पहला ही दोहरा शतक रहा। वे 23 साल की उम्र में वनडे फॉर्मेट में भी डबल सेंचुरी लगा चुके हैं। शुभमन 2 अलग-अलग फॉर्मेट में दोहरा शतक लगाने वाले सबसे युवा प्लेयर बने। उन्होंने रोहित का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 32 साल की उम्र में दोनों फॉर्मेट में डबल सेंचुरी लगाई थी।

**शुभमन ने इंग्लैंड में बेस्ट स्कोर बनाया** – शुभमन इंग्लैंड में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय प्लेयर भी बने। उन्होंने सुनील गावस्कर का 46 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। गावस्कर ने 1979 में द ओवल के मैदान पर 221 रन बनाए थे। इन 2 के अलावा राहुल द्रविड़ ही 2002 में इंग्लैंड के मैदान पर दोहरा शतक लगा सके हैं।



### भारतीय कप्तान का बेस्ट टेस्ट स्कोर

| प्लेयर | स्कोर | खिलाफ | कहां | कब |
|---|---|---|---|---|
| शुभमन गिल | 269 | इंग्लैंड | बर्मिंघम | 2025 |
| विराट कोहली | 254* | सा. अफ्रीका | पुणे | 2019 |
| विराट कोहली | 243 | श्रीलंका | दिल्ली | 2017 |
| विराट कोहली | 235 | इंग्लैंड | मुंबई | 2016 |
| एमएस धोनी | 224 | ऑस्ट्रेलिया | चेन्नई | 2013 |

**एशिया के बाहर बेस्ट टेस्ट स्कोर बनाने वाले भारतीय** – शुभमन एशिया के बाहर भी सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय बने। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2004 में सिडनी के मैदान पर 241 रन बनाए थे।

**भारतीय कप्तान का बेस्ट स्कोर** –शुभमन की डबल सेंचुरी किसी भारतीय कप्तान का भी टेस्ट में बेस्ट स्कोर रहा। उन्होंने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2019 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पुणे में 254 रन की नॉटआउट इनिंग खेली थी।

**दोहरा शतक लगाने वाले छठे भारतीय कप्तान बने** – शुभमन ने अपने टेस्ट करियर का पहला ही दोहरा शतक लगाया, लेकिन यह उन्होंने अपनी कप्तानी में किया। वे टेस्ट में डबल सेंचुरी लगाने वाले छठे भारतीय कप्तान बने। विराट कोहली, एमएस धोनी, सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर और मंसूर अली खां पटौदी भी बतौर कप्तान दोहरा शतक लगा चुके हैं।

**इंग्लैंड में भारतीय कप्तान का बेस्ट स्कोर बनाया** – शुभमन ने इंग्लैंड में भारतीय कप्तान के रूप में भी बेस्ट स्कोर बनाया। उन्होंने मोहम्मद अजहरुद्दीन को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 1990 में मैनचेस्टर के मैदान पर 179 रन की पारी खेली थी।

**इंग्लैंड में विदेशी कप्तान का तीसरा बेस्ट स्कोर** – शुभमन के 269 रन इंग्लैंड में किसी विदेशी कप्तान का तीसरा बेस्ट स्कोर रहा। वे साउथ अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ से आगे निकले, जिन्होंने लॉर्ड्स स्टेडियम में 259 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया के बॉब सिम्प्सन 311 रन बनाकर पहले नंबर पर हैं।

**भारत के बाहर 250+ बनाने वाले तीसरे भारतीय** – शुभमन गिल भारत के बाहर 250 से ज्यादा का टेस्ट स्कोर बनाने वाले तीसरे ही भारतीय बने। उनसे पहले वीरेंद्र सहवाग और राहुल द्रविड़ ही ऐसा कर सके। दोनों ने पाकिस्तान ने 250 प्लस का स्कोर बनाया था।

**शुभमन ने अपना बेस्ट फर्स्ट क्लास स्कोर बनाया** –शुभमन गिल ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में भी अपना बेस्ट स्कोर बना लिया। इससे पहले 2018 में उन्होंने मोहाली के मैदान पर तमिलनाडु के खिलाफ 268 रन बनाए थे। तब वे अपनी घरेलू टीम पंजाब के लिए खेल रहे थे।

## कार दुर्घटना में पुर्तगाली फुटबॉलर डिएगो जोटा की मौत

### टायर फटने से पलटी कार, आग लगी; भाई की भी गई जान

**पुर्तगाल (एजेंसी)।** 28 साल के पुर्तगाली फॉरवर्ड डिएगो जोटा का कार एक्सीडेंट में निधन हो गया। वह लिवरपूल से भी खेलते थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पुर्तगाली सीमा के जमोरा प्रांत में उनके कार का एक्सीडेंट हो गया। डिएगो जोटा एक लेम्बोर्गिनी चला रहे थे। स्थानीय खबरों के अनुसार उनके कार का टायर फट गया। उनकी कार पलट गई और फिर उसमें आग लग गई। यह घटना गुरुवार की सुबह हुई।



**डिएगो जोटा के भाई की भी जान चली गई** –जोटा के साथ उनके छोटे भाई आंद्रे सिल्वा (26 वर्ष) भी गाड़ी में थे। वह भी एक पेशेवर फुटबॉलर थे और पुर्तगाली टीम स्नष्ट पेनाफिल के लिए खेलते थे। दोनों भाइयों की इस हादसे में मौत हो गई।

**जोटा की दो हफ्ते पहले हुई थी शादी** –जोटा की दो हफ्ते पहले ही शादी हुई थी। रिपोर्ट्स के अनुसार, स्पेन के जमोरा में स्थानीय फायर अधिकारियों ने बताया कि दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की उम्र 28 और 26 साल थी।

**एवर्टन के खिलाफ डिएगो जोटा के करियर का आखिरी गोल** – डिएगो जोटा के नाम 130 से ज्यादा गोल हैं। मौजूदा समय में वह लिवरपूल से खेल रहे थे। उन्होंने अपने करियर का आखिरी गोल 2 अप्रैल को किया था। ये गोल एवर्टन और लिवरपूल के बीच खेले गए मुकाबले में आया था। डिएगो जोटा का ये गोल बेहद धमाकेदार था। उन्हें मिडफील्डर से एक पास मिला। इसके बाद जोटा ने एक-दो नहीं, बल्कि एवर्टन के 5 डिफेंडर्स को चकमा देते हुए गेंद को गोल पोस्ट तक पहुंचाया था। इस गोल में जोटा की शानदार ड्रिबलिंग देखने को मिली थी। इस गोल के दम पर लिवरपूल ने इस मुकाबले को 1-0 से जीत लिया।

## मुझे अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है

### गुकेश से हारने के बाद बोले वर्ल्ड नम्बर 1 कार्लसन

**जगरेब (क्रोसिया) (एजेंसी)।** विश्व चैम्पियन डी गुकेश के खिलाफ लगातार दूसरी हार के बाद दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने कहा कि उन्हें अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है। भारत के 19 वर्ष के ग्रैंडमास्टर गुकेश ने पूर्व विश्व चैम्पियन को सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के रैपिड वर्ग में हराया। इससे पहले नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में उन्होंने क्लासिकल प्रारूप में मात दी थी।



कार्लसन ने हार के बाद कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मुझे अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है। जब मैं खेल रहा हूं तो कोई प्रवाह नहीं लग रहा। मेरा खेल लगातार खराब हो रहा है। उन्होंने गुकेश के बारे में कहा, 'वह शानदार खेल रहा है। अभी टूर्नामेंट काफी लंबा है लेकिन लगातार पांच मैच जीतना कोई छोटी बात नहीं है।

सुपरयूनाइटेड रैपिड के दूसरे दिन का समापन हो गया। गुकेश ने दिन की शुरुआत पहले उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तारोव को पराजित करते हुए की और उसके बाद उन्होने यूएसए के फबियानों करूआना को मात देते हुए लगातार दूसरी जीत से एकल बढ़त कायम कर ली। लेकिन इसके बाद सबसे बड़े मुकाबले में गुकेश ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और पांच बार के विश्व चैम्पियन नॉर्वे के मैगनस कार्लसन के बीच मुकाबला हुआ जिसमें काले मोहरो से खेल रहे गुकेश एक समय इंग्लिश ओपनिंग मे मुश्किल मे नजर आ रहे थे पर कार्लसन की प्यादे की एक गलत चाल के बाद गुकेश नें बेहद शानदार खेल दिखाते हुए 49 चालों मे जीत दर्ज की।

गुकेश की यह जीत इसीलिए भी खास है क्योंकि प्रतियोगिता के पहले कार्लसन नें गुकेश को रैपिड मे कमजोर खिलाड़ी करार दिया था। फिलहाल अब गुकेश 10 अंको के साथ सबसे आगे चल रहे है। गुकेश न केवल हर मैच में गहरी तैयारी और आत्मविश्वास दिखा रहे हैं बल्कि उन्होंने समय का भी बेहतरीन प्रबंधन किया है, जिससे उनके विरोधियों पर लगातार दबाव बना हुआ है। अब टूर्नामेंट में तीन राउंड बाकी हैं और गुकेश फिलहाल सभी को पछाड़ते हुए पहले स्थान पर काबिज हैं।

## भारत-पाक तनावों के बीच क्या पाकिस्तान की टीम भारत खेलने आएगी या नहीं? पीसीबी ने कहा अभी इजाजत नहीं मिली

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान की हॉकी टीमों का इस साल भारत में होने वाले दो बड़े टूर्नामेंटों में हिस्सा लेना अभी भी तय नहीं है। पाकिस्तान खेल बोर्ड (पीसीबी) और पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ)के वरिष्ठ अधिकारियों ने जानकारी दी है कि उन्हें अब तक सरकार से टूर्नामेंट में भाग लेने की इजाज़त नहीं मिली है।गौरतलब है कि इस साल एशिया कप का आयोजन बिहार के राजगीर में 27 अगस्त से 7 सितंबर तक होना है, जबकि जूनियर हॉकी विश्व कप 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा।



भारत के खेल मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा है कि पाकिस्तान की टीमों को इन बहुराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से रोका नहीं जाएगा, क्योंकि ऐसा कोई भी फैसला ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन माना जाएगा। यानी भारत की तरफ से पाकिस्तान की टीमों को आने से रोकने की कोई योजना नहीं है।

पाकिस्तान हॉकी महासंघ के महासचिव राणा मुजाहिद ने बताया कि उन्होंने आधिकारिक रूप से पाकिस्तान खेल बोर्ड (पीएसबी) से भारत में टीम भेजने की मंजूरी मांगी है। लेकिन अब तक इस पर कोई जवाब नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि पीएसबी ने उनका अनुरोध आगे संबंधित मंत्रालयों को भेज दिया है।

पीएसबी के प्रवक्ता खुर्रम शहजाद ने भी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि जब तक सरकार भारत में टीम भेजने को लेकर कोई नीति नहीं बनाती, तब तक पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकती। उन्होंने बताया कि पीएचएफ की तरफ से जो अनुरोध आया था, उसे अंतर-प्रांतीय समन्वय मंत्रालय को भेजा गया है, और वहां से यह मामला गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के पास भेजा गया है। अब सभी को उनके अंतिम फैसले का इंतजार है।

यानी फिलहाल पाकिस्तान की हॉकी टीमों की भारत यात्रा और टूर्नामेंट में भागीदारी पर संशय बना हुआ है, और सबकी नजर अब पाक सरकार के फैसले पर टिकी है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran @Pratahkiran


## संक्षिप्त समाचार



### नोएडा वालों के लिए अच्छी खबर, जाम से राहत के लिए 36 जगहों पर ट्रैफिक आइलैंड लगाए जाएंगे

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए यातायात पुलिस जल्द ही शहर के 36 मुख्य चौराहों और तिराहों पर ट्रैफिक आइलैंड स्थापित करेगा। इनके रखने से मुख्य स्थानों पर दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात को सुगम बनाने में मदद मिलेगी। नोएडा प्राधिकरण के सहयोग से इनको एक सप्ताह के भीतर स्थापित किया जाएगा। कुछ वर्ष पूर्व तक शहर के अधिकतर चौराहों और तिराहों पर ट्रैफिक आइलैंड स्थापित थे, जिन्हें धीरे-धीरे स्थानांतरित कर दिया गया। इन स्थानों पर लंबे समय से ट्रैफिक लाइट यातायात का प्रबंधन करती है। तकनीकी कारणों के चलते अक्सर ट्रैफिक लाइट खराब हो जाती है। तकनीकी खराबी को दूर करने में कई दिन का समय भी लग जाता है। इसके चलते इन चौराहों और तिराहों से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पहले निकलने के चक्कर में लंबा जाम लग जाता है। यातायात पुलिसकर्मियों को मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाना पड़ता है। यही नहीं, इसके चलते चौराहों और तिराहों पर अक्सर हादसे भी हो जाते हैं। डीसीपी ट्रैफिक लखन सिंह यादव ने बताया कि यातायात को सुचारू बनाए रखने और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए शहर के 36 चौराहों-तिराहों पर ट्रैफिक आइलैंड स्थापित किए जाएंगे। ट्रैफिक लाइट खराब होने पर या वीआईपी के भ्रमणशील होने पर पुलिसकर्मी इनमें सुरक्षित खड़े होकर यातायात को व्यवस्थित कर सकते हैं। इनमें खड़े होकर पुलिसकर्मी धूप और बारिश से बचकर जिम्मेदारी निभा सकते हैं।

### ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के दोनों ओर बनेगा ग्रीन कॉरिडोर, 12 हजार पौधे लगेंगे; गडकरी करेंगे शुरुआत



**फरीदाबाद, एजेंसी।** रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के लिए के दोनों ओर ग्रीन कॉरिडोर बनाया जाएगा। इसके लिए 12 हजार पौधे एक्सप्रेसवे के दोनों ओर लगाए जाएंगे। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी 8 जुलाई से ग्रीन कॉरिडोर की शुरुआत करने जा रहे हैं। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) प्रबंधन इसकी तैयारियों में जुटा हुआ है। एनएचएआई प्रबंधन सेक्टर-65 के सामने डीएनडी-केएमपी एक्सप्रेस से लेकर जेवर एयरपोर्ट तक ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे बना रहा है। इस एक्सप्रेसवे को जेवर एयरपोर्ट से आवाजाही के लिए बनाया जा रहा है। फिलहाल इसका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। यूपी और हरियाणा की सीमा में 47 प्रतिशत तक कार्य पूरा हो चुका है।

इस साल के अंत तक एनएचएआई प्रबंधन इस एक्सप्रेसवे का 70 प्रतिशत तक काम पूरा कर लेगा। अगले वर्ष तक इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। हालांकि, काम पूरा करने की कोई समयसीमा तय नहीं की गई है। अब मॉनसून का सीजन शुरू होने पर एनएचएआई प्रबंधन ने इस एक्सप्रेसवे को हरा-भरा करने के लिए दोनों ओर ग्रीन कॉरिडोर बनाने की रूपरेखा तैयार की है। यहां हरियाली बढ़ाने के लिए करीब 12 हजार पौधे लगाए जाएंगे। एक्सप्रेसवे के इस ग्रीन कॉरिडोर की शुरुआत केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी 8 जुलाई को जेवर से करने जा रहे हैं।

# गाय की कुर्बानी के खिलाफ बोल कर दिखाए कांग्रेस, आवाज उठाने की हिम्मत नहीं: हिमंत बिस्वा शर्मा



**उदलगुड़ी, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा ने गुरुवार को कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनमें 'कुर्बानी' के दौरान मुसलमानों द्वारा गोकसी किए जाने और धार्मिक स्थलों के निकट कथित तौर पर गोमांस फेंके जाने के खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं है। सीएम शर्मा ने कहा है कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो मुस्लिम समुदाय से गायों को छोड़कर अन्य जानवरों की 'कुर्बानी' करने का अनुरोध कर सकती है। मुख्यमंत्री शर्मा ने इस दौरान कांग्रेस को चुनौती भी दी है। हिमंत ने पूछा, ''क्या कांग्रेस गायों की कुर्बानी के खिलाफ बोल सकती है? उसे यह बात कहने के लिए सात बार जन्म लेना पड़ेगा। तो गायों का हितैषी कौन है?'' उन्होंने यह सवाल भी उठाए कि क्या कांग्रेस ने दुकानों में खुलेआम गोमांस बेचने और नामघर के सामने मांस फेंके जाने का कभी विरोध किया है। शर्मा ने कहा, ''क्या कांग्रेस ने धुबरी की घटना की निंदा की है? या वह हाजो मामले की निंदा करेगी, जिसमें आज गोमांस पाया गया? क्या उन्हें मृत गायों के बारे में नहीं बोलना चाहिए, ताकि पता चल सके कि उन्हें किसने मारा? कांग्रेस उलटे क्रम में काम करती है। जहां उसे बोलना चाहिए, वहां वह चुप रहती है।''

### गोरुखुटी परियोजना पर भी बोले हिमंत

मुख्यमंत्री ने दरांग जिले के सिपाझार में गोरुखुटी बहुउद्देशीय कृषि परियोजना के संबंध में भ्रष्टाचार के आरोपों को बार-बार उठाने को लेकर भी कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की आलोचना की। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस का उद्देश्य गोरुखुटी परियोजना को बंद कराना और बेदखल किए गए अतिक्रमणकारियों को उसी भूमि पर वापस लाना है। अब गोरुखुटी के लोगों ने इस क्षेत्र में किसी को भी नहीं आने देने का संकल्प कर लिया है। लोगों ने कांग्रेस को जवाब दे दिया है।'' गोरुखुटी परियोजना की शुरुआत 2021 में हुई थी, जब कथित तौर पर स्थानीय लोगों से 77,420 बीघा जमीन खाली कराने को लेकर बड़े पैमाने पर बेदखली अभियान चलाया गया था। इन लोगों में ज्यादातर बंगाली भाषी मुसलमान शामिल थे।

### असम में 80 लोग गिरफ्तार

मुख्यमंत्री हिमंत ने आगे कहा, ''असम में कुर्बानी के लिए हजारों गायों को मार दिया जाता है। विपक्षी दल वहां आवाज नहीं उठाते जहां उन्हें आवाज उठानी चाहिए।'' गौरतलब है कि पुलिस के मुताबिक पिछले महीने ईद के दौरान गोमांस के टुकड़े फेंकने के आरोप में धुबरी, होजई, ग्वालपाड़ा और लखीमपुर जिलों में करीब 80 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गुरुवार को कामरूप जिले के हाजो में भी प्रतिबंधित मांस के कुछ टुकड़े पाए गए हैं, जिसके बाद विवाद और बढ़ गया है।

# उधार दी गई रकम मांग रहे थे वापस, तंग आकर रिश्तेदार के घर में लगा दी आग

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां पैसों के लेन-देन में एक व्यक्ति ने अपने रिश्तेदार का घर जला डाला। बताया जाता है कि उधार देने वाला परिवार बार-बार अपने पैसे मांग रहा था। रिश्तेदार के बार-बार पैसे मांगने से तंग आकर व्यक्ति ने उनके घर में आग लगा दी। घटना एक जुलाई शाम 5.30 बजे की है, जो बेंगलुरु के विवेकनगर में हुई। जानकारी के मुताबिक यह घर वेंकटरमणी और उनके बेटे सतीश का है। पुलिस में दर्ज शिकायत के मुताबिक आरोपी का नाम सुब्रमणि है जो परिवार का रिश्तेदार है। बताया जाता है कि यह झगड़ा सात-आठ साल पुराना है।

**परिवार में हुई थी कहा-सुनी:** जानकारी के मुताबिक उस वक्त शिकायतकर्ता की रिश्तेदार पार्वती ने अपनी बेटी महालक्ष्मी की शादी के लिए उससे पांच लाख रुपए लिए थे। वेंकटरमणी ने कई बार पैसे मांगे, लेकिन मिले नहीं। हाल ही में एक शादी समारोह के दौरान यह मामला एक बार फिर उठा। वेंकटरमणी ने एक बार फिर पैसे मांगे, लेकिन पार्वती इसे वापस नहीं कर पाई। इसके बाद दोनों परिवारों में खूब कहासुनी हुई। मामला एक-दूसरे को अपमानित करने और धमकियों तक पहुंच गया। पार्वती के घर के सुब्रमणि को वेंकटरमणी का यह व्यवहार पसंद नहीं आया।

**हमले की योजना:** इसके बाद सुब्रमणि ने इस हमले की योजना बनाई। सतीश डोम्लुर के पास काम पर गया था। तभी उसकी मां ने फोन किया। उसने बताया कि जब वह और सतीश का भाई मोहन दास अंदर थे, तभी कोई उनके घर के कैंपस में आया। उसने मेन डोर, जूते के स्टैंड और बेडरूम की खिड़की पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। संयोग से पड़ोसियों की नजर आग पर पड़ गई। उन लोगों ने आनन-फानन में आग को बुझाया और अंदर के लोगों को सावधान भी किया।

**सीसीटीवी में आया नजर :** घटना में कोई घायल तो नहीं हुआ, लेकिन घर के अगले हिस्से और खिड़कियों को नुकसान पहुंचा है। सीसीटीवी में नजर आ रहा है कि सुब्रमणि शाम करीब 5:21 बजे पेट्रोल की बोतल लेकर घर के कैंपस में घुसा। इसके बाद उसने जूते की रैक और घर के अगले हिस्से पर पेट्रोल छिड़का। इसके बाद माचिस की तीली से आग लगा दी। इस दौरान वह खुद भी आग की लपटों में फंस गया। घटना की शिकायत विवेकनगर पुलिस थाने में की गई है। एफआईआर दर्ज हो चुकी है और जांच जारी है।

# मामला बढ़ भी सकता है.. मराठी भाषा विवाद के बीच आदित्य ठाकरे की चेतावनी



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में मराठी भाषा पर बढ़ते विवाद के बीच शिवसेना उद्धव गुट के नेता आदित्य ठाकरे का नया बयान सामने आया है। उन्होंने महाराष्ट्र और मराठी भाषा का अपमान करने वाले या उसका अनादर करने वाले लोगों को कड़ी चेतावनी दी है। ठाकरे ने कहा कि मराठी भाषा या हमारे राज्य का किसी भी तरह का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हालांकि ठाकरे ने उन मीडिया रिपोर्ट्स को पूरी तरह से खारिज किया, जिसमें कहा जा रहा था कि एक शिवसेना नेता के कार्यालय में मराठी न बोलने की वजह से दुकानदारों को पीटा गया। गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए आदित्य ठाकरे ने कहा, हम चाहते हैं कि हमारी मातृभाषा मराठी का अपमान न हो और न ही कोई भाषा हम पर जबरन थोपी जाए.. हम नहीं चाहते कि कोई भी कानून को अपने हाथ में ले.. लेकिन जब हमारी मातृभाषा का अपमान होता है या महाराष्ट्र का अपमान होता है तो मामला बढ़ भी सकता है।

मीडिया में चल रही शिवसेना नेता से जुड़ी खबरों पर भी उन्होंने बात की। उन्होंने बताया कि शिवसेना नेता से इस बारे में बात की गई थी। इस पर नेता राजन विचारे ने इस बात की पुष्टि की कि इस घटना का सामुदायिक संघर्ष या भाषा संघर्ष का कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा, एक अधिकारी अपना फोन चार्ज करने के लिए दुकान में गया था.. वहां उसे ऐसा करने की अनुमति नहीं दी गई। इस वजह से विवाद हुआ और मारपीट तक मामला पहुंच गया।

# भाजपा को मिल सकती है पहली महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में संगठनात्मक बदलाव की प्रक्रिया तेज हो गई है। पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन को लेकर चल रही खींचतान के बीच सूत्रों के हवाले से खबर है कि भाजपा पहली बार किसी महिला को राष्ट्रीय अध्यक्ष बना सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि भाजपा ने हाल के वर्षों में महिला मतदाताओं को लुभाने में सफलता पाई है। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली जैसे राज्यों में यह सफलता मिली है। आपको बता दें कि जेपी नड्डा का कार्यकाल जनवरी 2023 में समाप्त हो चुका था, लेकिन पार्टी ने उन्हें जून 2024 तक का विस्तार दिया था। अब नए अध्यक्ष की घोषणा अगले कुछ दिनों में हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक तीन प्रमुख महिला नेताओं के नाम चर्चा में हैं। वर्तमान वित्त मंत्री और पूर्व रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण पार्टी संगठन में गहरी पैठ और केंद्र सरकार में लंबे अनुभव के चलते सबसे मजबूत दावेदार मानी जा रही हैं।



**डी. पुरंदेश्वरी-** आंध्र प्रदेश भाजपा की पूर्व अध्यक्ष डी पुरंदेश्वरी काफी अनुभवी और बहुभाषी नेता हैं। कई राजनीतिक दलों के साथ काम करने का अनुभव और पार्टी में व्यापक स्वीकार्यता है। उन्हें ऑपरेशन सिंदूर जैसे अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक अभियान का हिस्सा भी बनाया गया था।

**वनाथी श्रीनिवासन** तमिलनाडु की कोयंबटूर दक्षिण सीट से विधायक और भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुकी वनाथी श्रीनिवासन 1993 से भाजपा से जुड़ीं और संगठन में कई पदों पर रही हैं। 2022 में केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य बनीं और ऐसा करने वाली पहली तमिल महिला नेता।

**संघ का समर्थन-** सूत्र बताते हैं कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इस विचार को समर्थन दिया है कि भाजपा को अब एक महिला को शीर्ष नेतृत्व में लाना चाहिए। यह कदम 33प्रतिशत महिला आरक्षण विधेयक की भावना के अनुरूप भी होगा, जिसका प्रभाव अगले परिसीमन के बाद लोकसभा में दिखेगा।

# वे नाराज हो सकते हैं... ट्रंप का फोन उठाने के लिए बीच कार्यक्रम से उठकर गए पुतिन

**मॉस्को, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच गुरुवार को एक अहम और लंबी टेलीफोनिक बातचीत हुई, जिसमें यूक्रेन युद्ध और ईरान समेत कई वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई। लेकिन इस बातचीत से पहले कुछ ऐसा हुआ जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जब ट्रंप का फोन आया, तब पुतिन एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, लेकिन उन्होंने बातचीत को बीच में रोक दिया और ट्रंप से बात करने के लिए मंच से विदा ले ली।

पुतिन ने मजाकिया लहजे में कहा कि ट्रंप को इंतजार कराना ठीक नहीं है। क्या पता अमेरिकी राष्ट्रपति नाराज हो जाएं। पुतिन ने कार्यक्रम के बीच में कहा, कृपया नाराज मत होइए, हम और भी बात कर सकते थे। लेकिन उन्हें (ट्रंप को) इंतजार कराना थोड़ा अजीब लगता है, वे नाराज हो सकते हैं। इस टिप्पणी के बाद दर्शकों में हंसी की लहर दौड़ गई और तालियां बजीं। यह घटना मॉस्को में आयोजित स्ट्रॉन्ग आइडियाज फॉर न्यू टाइम फोरम के दौरान हुई, जहां पुतिन एक पैनल चर्चा में हिस्सा ले रहे थे। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें पुतिन दर्शकों से माफी मांगते हुए और ट्रंप के कॉल के लिए जाने की बात कहते नजर आ रहे हैं।



बातचीत के बाद ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, हमारी बात हुई। यह काफी लंबी बातचीत थी। हमने बहुत सारे मुद्दों पर बात की, जिनमें ईरान और यूक्रेन युद्ध भी शामिल है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि बातचीत के बावजूद यूक्रेन संकट को लेकर कोई ठोस प्रगति नहीं हो सकी। ट्रंप ने कहा, मैं इससे खुश नहीं हूं... नहीं, आज पुतिन के साथ किसी तरह की बात पर कोई प्रगति नहीं हुई।

इस फोन कॉल की पुष्टि क्रेमलिन ने भी की और बताया कि दोनों नेताओं के बीच लगभग एक घंटे तक बातचीत चली। क्रेमलिन के वरिष्ठ अधिकारी यूरी उशाकोव ने कहा, हमारे राष्ट्रपति ने साफ कहा कि रूस अपने तय उद्देश्यों को हासिल करके रहेगा। यानी उन जड़ों को खत्म करना जो मौजूदा हालात की वजह बनीं। रूस अपने लक्ष्यों से पीछे नहीं हटेगा।

यह कॉल ऐसे समय पर हुई है जब अमेरिका ने यूक्रेन को भेजे जाने वाले हथियारों की सप्लाई पर अस्थायी विराम लगा रखा है और यूरोपीय देशों पर समर्थन बढ़ाने का दबाव बढ़ रहा है। इस बीच, ईरान पर अमेरिकी हवाई हमलों के बाद पुतिन ने पश्चिम एशिया में राजनयिक समाधान की अपील भी की।

# आईएसएस पर अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने पूरा किया एक सप्ताह, छुट्टी के दिन परिवार से की बात

**फ्लोरिडा, एजेंसी।** निजी स्पेस कंपनी एक्सिओम के एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर (आईएसएस) गए भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने एक सप्ताह पूरा कर लिया है। इस दौरान उन्होंने यहां कई शोध किए हैं। बुधवार को छुट्टी के दिन शुभांशु ने पृथ्वी पर अपने परिजनों से बात की। इसके बाद शोध कार्यक्रम को फिर से शुरू करने के लिए तैयारी की।



एक्सिओम स्पेस ने अपने आधिकारिक ब्लॉग में कहा एक्सिओम मिशन 4 (एक्स - 4) चालक दल के कमांडर पैगी व्हिटसन, पायलट शुभांशु शुक्ला, मिशन विशेषज्ञ स्लावोज़ सुवे उज़्नानस्की-विस्नीवस्की और टिबोर कापू ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर एक पूरा सप्ताह बिता दिया है। 26 जून को डॉकिंग के बाद से बुधवार के अंत तक अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी के चारों ओर लगभग 113 परिक्रमाएं पूरी कर चुके हैं। बुधवार को चालक दल ने ऑफ-ड्यूटी दिन का आनंद लिया। इससे उन्हें रिचार्ज करने और पृथ्वी पर परिवार और दोस्तों से जुड़ने का मौका मिला। गुरुवार को चालक दल वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी प्रदर्शन के व्यस्त कार्यक्रम में वापस आ जाएंगे। यह सप्ताहांत तक जारी रहेगा।

**कौन क्या प्रयोग कर रहा:** कंपनी ने कहा कि केवल सात दिनों में अंतरिक्ष यात्रियों ने पहले ही वैज्ञानिक अनुसंधान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पैगी अंतरिक्ष में ट्यूमर कोशिकाओं के व्यवहार का अध्ययन करने के लिए माइक्रोग्रैविटी का उपयोग करके कैंसर अनुसंधान कर रही हैं, जो मेटास्टेटिक कैंसर के लिए नए चिकित्सीय लक्ष्य विकसित करने में मदद कर रहा है।

# भारतीय मूल के व्यक्ति ने प्लेन में यात्री का गला दबाया, अमेरिका में गिरफ्तार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारतीय मूल के एक व्यक्ति को फिलाडेल्फिया से मियामी की फ्लाइट के दौरान अपने साथ बैठ एक पैसेंजर पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. वायरल हो रहे एक वीडियो में नेवार्क निवासी 21 वर्षीय ईशान शर्मा और कीनू इवांस 30 जून को फ्रंटियर एयरलाइंस की फ्लाइट के दौरान लड़ते दिख रहे हैं. वायरल क्लिप में दिख रहा है कि ईशान शर्मा और इवांस एक-दूसरे की गर्दन पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि साथी यात्री उन्हें रुकने के लिए कह रहे हैं. इवांस ने कथित तौर पर पुलिस को बताया कि हमला बिना किसी कारण किया गया और तब हुआ जब ईशान शर्मा कथित तौर पर उनके पास आया और अपनी सीट पर लौटते समय उसकी गर्दन पकड़ ली.

इवांस ईशान शर्मा से एक सीट आगे बैठे थे. उन्होंने बताया, वह (ईशान) कुछ डार्क हंसी हंस रहा था, जैसे हा हा हा हा हा. और वह ऐसी बातें कह रहा था, अरे तुच्छ, नश्वर आदमी, यदि तुम मुझे चुनौती देते हो, तो इसका परिणाम तुम्हारी मृत्यु होगी.इवांस ने दावा किया कि इसके बाद उन्होंने वॉशरूम जाने के लिए अपनी सीट छोड़ दी और फ्लाइट अटेंडेंट को ईशान शर्मा के बारे में बताया. फ्लाइट अटेंडेंट ने उनसे कहा कि अगर ऐसा आगे भी जारी रहा तो सहायता बटन दबा दें.



**इवांस ने कहा कि जब शर्मा उन्हें जान से मारने की धमकी देते रहे तो उन्होंने बटन दबाया.:** उन्होंने कहा कि इसके बाद स्थिति बिगड़ गई. आप जानते हैं, वह मुझे बहुत गुस्से से देख रहा था और हम एक-दूसरे की आंखों में आंखें डालकर देख रहे थे, माथे से माथे टच थे, और फिर उसने मेरा गला पकड़ लिया और मेरा गला घोंटना शुरू कर दिया. उस पल में, आप जानते हैं, लड़ाई हो जाती है. मैं एक फ्लाइट में एक तंग, सीमित जगह में हूं, और मैं बस अपना बचाव कर सकता हूं.

ईशान शर्मा को फ्लाइट उतरने पर हिरासत में ले लिया गया और उन पर मारपीट की धारा लगी है. मंगलवार को अदालत में पेशी के दौरान, ईशान शर्मा के वकील ने कथित तौर पर दावा किया कि यह घटना इसलिए शुरू हुई क्योंकि वह ध्यान कर रहे थे. एक न्यूज आउटलेट के अनुसार उनके वकील ने कहा, मेरा मुवक्किल उस धर्म से है जहां वह ध्यान कर रहा था. दुर्भाग्य से, उसके पीछे वाले यात्री को यह पसंद नहीं आया.

**पीड़ित का दावा- बिना किसी उकसावे के हमला :** पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, इवांस ने बताया कि यह हमला बिना किसी उकसावे की कार्रवाई के बावजूद हुआ। पीड़ित ने कहा कि शर्मा उनके पास अपनी सीट पर वापस लौटते हुए आए और अचानक उनका गला पकड़ लिया। वह एक अजीब हंसी हा हा हा हा कर रहा था... और कह रहा था, तुम छोटे और नश्वर इंसान, अगर तुम मुझे चुनौती दोगे तो तुम्हारी मौत होगी। इवांस ने कहा कि वह शर्मा के ठीक सामने बैठे थे। अन्य यात्रियों द्वारा फिल्माए गए वीडियो में दोनों के बीच विमान के अंदर हुई मारपीट देखी जा सकती है।

**झगड़े की वजह क्या थी?:** इवांस ने कहा कि शर्मा के उदासीन व्यवहार को देखकर वे पहले से ही चिंतित थे और उन्होंने टॉयलेट का इस्तेमाल करते समय फ्लाइट अटेंडेंट्स को सूचना दी थी। उन्हें सलाह दी गई थी कि स्थिति बिगड़ने पर सहायता बटन दबाएं। जब शर्मा की धमकियां जारी रहीं, तो इवांस ने उस सलाह के अनुसार सहायता बटन दबाया, जिससे स्थिति बढ़ गई। इवांस ने कहा, वह गुस्से में मुझसे सामना कर रहा था, माथा से टक्कर मार रहा था और अचानक उसने मेरा गला पकड़ लिया और मुझे घुटन देने लगा। उस समय मेरी सहज प्रतिक्रिया हुई, लड़ो या भागो और मेरे पास उस संकरे स्थान में खुद की रक्षा करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

**आरोपी गिरफ्तार :** सहयात्री पर हमला करने के आरोप में शर्मा को मियामी पहुंचने पर पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129